हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

haribhoomi.com

हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में डॉ. हिमांशु द्विवेदी की स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव और राजस्व-उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा से चर्चा



सारंगढ़-बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ सरकार के राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री व सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा है कि राजस्व विभाग को पूरी तरह डिजिटल किया जाएगा। मैन्युअल कामकाज को समाप्त कर लोगों को ऐसी सुविधाएं दी जाएंगी, जिससे उन्हें पटवारियों और राजस्व कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ें। सारंगढ़ में रेशम और कांसा के नए उद्योग स्थापित करने की दिशा में भी काम किया जाएगा। हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम के तहत सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में आयोजित कार्यक्रम में हरिभूमि - आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने राजस्व मंत्री से तीखे सवाल किए। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश।

राजस्व विभाग होगा डिजिटल, पटवारी के चक्कर काटने से मिलेगी राहत : वर्मा

प्रभारी मंत्री बोले- सारंगढ़ में रेशम और कांसा उद्योग स्थापित करने की दिशा में होगा काम, बरमकेला रेलवे लाइन का सारंगढ़ तक होगा विस्तार



■ *आपके पास राजस्व, आपदा प्रबंधन और उच्च शिक्षा विभाग के साथ धमतरी और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का प्रभार भी है। कौन-सा दायित्व अधिक चुनौतीपूर्ण है?*

■ जो जिम्मेदारी मिलती है, उसे पूरा करना होता है। इसके लिए सबसे जरूरी आपसी सामंजस्य और समन्वय है। विभागीय कामकाज के साथ प्रभारी मंत्री के रूप में भी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होता है। राजस्व विभाग को सबसे पेचीदा माना जाता है, इसलिए इस पर ▶▶|शेष पेज 7 पर

छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विकास कार्यों में किसी भी क्षेत्र के साथ पक्षपात नहीं करती। चाहे विधायक कांग्रेस का हो या भाजपा का, सभी क्षेत्रों के लिए समान रूप से बजट का प्रावधान किया जाता है। विधायक किसी भी पार्टी का हो, जनता तो हमारी है। जिला संवाद कार्यक्रम के तहत सारंगढ़-बिलाईगढ़ में हरिभूमि - आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने स्कूल शिक्षा मंत्री से शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों की भर्ती, स्वामी आत्मानंद स्कूल, सारंगढ़ जिले के विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। प्रस्तुत हैं चर्चा के प्रमुख अंश।

विधायक किसी के भी हों जनता तो हमारी है : गजेंद्र

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा- भाजपा सरकार विकास कार्यों में नहीं करती पक्षपात, सारंगढ़ में केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय खोलने की घोषणा



■ *स्कूल शिक्षा विभाग को एक बड़ी चुनौती माना जाता है। आप इसे किस रूप में देखते हैं?*

■ जवाब : मैं इसे चुनौती के रूप में नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के रूप में देखता हूं। इस जिम्मेदारी को सभी के साथ समन्वय बनाकर किस तरह पूरा किया जाए, इसके लिए मिलकर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकारी कामकाज में स्कूल शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए विभाग की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%)	₹111346/-
22 कैरेट रेट (91.60%)	₹135990/-
24 कैरेट रेट (99.99%)	₹148446/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चैक करें!

anand Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply

खबर संक्षेप

एवरेस्ट पैकेटबंद जीरा पाउडर होगा वापस

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने जांच में असुरक्षित पाए गए एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स के पैकेटबंद जीरा पाउडर को बाजार से तत्काल वापस मंगाने का आदेश दिया है। एफएसएसएआई ने गंभीर स्वच्छता संबंधी कमियों के कारण क्रिएटिव बेकर्स एंड कन्फेक्शनर्स प्राइवेट लिमिटेड का खाद्य लाइसेंस भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

'डिजिटल अरेस्ट' की धमकी देकर ठगी

नई दिल्ली। दिल्ली के एक निवासी से 'डिजिटल अरेस्ट' की धमकी देकर छह लाख रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने के आरोप में जम्मू कश्मीर और राजस्थान से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान रीतिश और मुकेश के रूप में हुई है।

ज्ञानेश के खिलाफ तीन दिन में तीन प्रदर्शन, पुलिस से भिड़े आंदोलनकारी

सीईसी का मांगा इस्तीफा, दिल्ली में विरोध प्रदर्शन, मुंबई में 'मार्च'

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सियासी घमासान अब सड़कों तक पहुंच गया है। दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के बीच मुंबई में मार्च निकाला गया, जहां हजारों प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग की भूमिका और फैसलों पर सवाल उठाते हुए जवाबदेही की मांग उठाई। सीईसी के खिलाफ देश में पिछले तीन दिनों में दो शहरों में तीन बड़े प्रदर्शन हो चुके हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/मुंबई

एसआईआर प्रक्रिया के विरोध और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में नागरिक मार्च किया गया। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के नेतृत्व में निकालाया गया मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर जंतर-मंतर की ओर बढ़ा। ऐसे में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच नोकझोंक हुई। मार्च के दौरान छात्र संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा को दिल्ली पुलिस निजी वाहन में बैठाकर किसी अज्ञात स्थान पर ले गई। वहीं दूसरी तरफ इंडिया गेट की ओर मार्च कर रहे आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इधर, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मुंबई में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया।

मुंबई में जुटे हजारों लोग

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सीईसी ज्ञानेश कुमार पर भाजपा के 'हथियार' के रूप में काम करने का आरोप लगाया। वहीं, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने महाराष्ट्र की एसआईआर को रद्द करने की मांग की। रैली में कांग्रेस नेताओं बालासाहेब थोराट और विजय वडेट्टीवार के अलावा शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के जयंत पाटिल, शशिकांत शिंदे, जितेंद्र आव्हाड और अनिल देशमुख ने भी भाग लिया।

दिल्ली में आइसा और आप के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे

महाराष्ट्र में उद्धव और राज ने लगाए सरकार पर आरोप



7 को जुटेंगे इंडिया ब्लॉक के नेता: विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' 7 अक्टूबर को दिल्ली निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर संयुक्त रूप से प्रदर्शन करेंगी। यह फैसला कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी समेत अन्य दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में लिया गया। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के महासचिव अनिल भारद्वाज ने कहा कि इन दलों ने "दोषपूर्ण" एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ संयुक्त रूप से प्रदर्शन करने और इसे तत्काल वापस लेने की मांग करने का फैसला किया है।

भाजपा ने बताया 'लोमड़ियों का मार्च'

महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता आशीष शेलार ने शिवसेना (उबाठा) और मनसे की विरोध रैली को विश्व पशु दिवस पर आयोजित 'लोमड़ियों के मार्च' करार दिया। शेलार ने उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे और अन्य विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे चुनाव जीतने में असमर्थ रहने के कारण निर्वाचन आयोग और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों पर सवाल उठा रहे हैं। शेलार ने कहा, आज विश्व पशु दिवस है। रैली और उसके नाम को देखकर मुझे लगता है कि यह 'गर्जना' मोर्चा नहीं, बल्कि 'कोल्हेकुई' (लोमड़ियों का मार्च) है। लोमड़ियां कह रही हैं कि अंगूर खट्टे हैं। वे चुनाव जीतने में अपनी असमर्थता के लिए निर्वाचन आयोग को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। यह चालाक लोगों का जमावड़ा है।" शेलार ने निर्वाचन आयोग की निर्णय प्रक्रिया पर सवाल उठाने को लेकर ठाकरे बंधुओं पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा रुख अपनाने से पहले उन्हें अपने राजनीतिक रिश्तों पर भी नजर डालनी चाहिए।

नई फसल से पहले पुराना धान हुआ सोना, मंडियों में कीमत 3500 से भी ज्यादा

पतले किस्म के धान की मांग और कीमत अधिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन के नए धान की फसल आने में अभी दो-तीन महीने का समय बाकी है, लेकिन इससे पहले पिछले साल की धान की कीमत जमकर चमकी है। महामाया, ओम-3 सहित कुछ अन्य पतले किस्म के धान की कीमत 3500 रुपए प्रति क्विंटल के पार तक पहुंच गई है। खास बात ये है कि राज्य में किसानों को धान की एमएसपी व प्रोत्साहन राशि समेत कुल मिलाकर 31 सौ रुपए ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

धमतरी में ओम-3 के दाम 3600

धमतरी एपीएमसी के उपलब्ध मंडी आंकड़ों के अनुसार 1 अक्टूबर को ओम-3 धान 3,550 से 3,600 प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। इसका औसत भाव 3,595 रहा। इसी दिन बीपीटी का भाव 3,470 से 3,523 और औसत 3,500 रहा। इससे पहले 30 सितंबर को भी धमतरी में बीपीटी का अधिकतम भाव 3,531 रहा था, यानी 3,500 से ऊपर का भाव केवल एक दिन की घटना नहीं है। भाटापारा में महामाया 3,561 भाटापारा मंडी में 3 अक्टूबर को महामाया धान 3,561 प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। यह आंकड़ा इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि महामाया जैसी प्रमुख किस्म का भाव भी अब 3,500 के स्तर को पार कर चुका है। इससे पहले भाटापारा में दूसरी तारीखों ▶▶| शेष पेज 7 पर

एमएसपी से तुलना करें तो अंतर कितना?

केंद्र सरकार ने खरीफ विपणन सत्र 2026-27 के लिए सामान्य धान का एमएसपी 2,441 प्रति क्विंटल और ग्रेड एका 2,461 निर्धारित किया है। इसकी तुलना में धमतरी का ओम-3 3,600, सामान्य धान के एमएसपी से 1,159 अधिक। भाटापारा का महामाया 3,561, एमएसपी से 1,120 अधिक। धमतरी का बीपीटी 3,523, एमएसपी से 1,082 अधिक। हालांकि मंडी में किसी खास किस्म का बाजार भाव और सरकार का एमएसपी एक ही चीज नहीं हैं। मंडी भाव गुणवत्ता, नमी, किस्म, मांग और उस दिन की आवक से प्रभावित होता है।

शिष्य की आत्महत्या के बाद हुए कई बदलाव

संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम में दर्शन और दीक्षा पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|मथुरा

वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के केली कुंज आश्रम में दर्शन और दीक्षा पर रोक लगाए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके साथ ही आश्रम से जुड़े साधक-साधिकाओं के ड्रेस कोड में भी बदलाव किया गया है। अब अधिकांश साधक सफेद वस्त्र और पीला अचला पहनने के बजाए सामान्य कपड़ों या कुर्ता-पायजामा में नजर आएंगे। माना जा रहा है कि आश्रम से जुड़े जबलपुर निवासी साधक रसिक दुलारी शरण उर्फ दीपक लोधी की आत्महत्या के बाद ये कदम उठाए गए हैं।



आश्रम से लापता किशोर बरामद

हाथरस। प्रेमानंद महाराज के आश्रम से लापता बताए जा रहे हाथरस के सादाबाद निवासी 16 वर्षीय अनुज चौधरी को पुलिस ने बरसाना के एक आश्रम से सकुशल बरामद कर लिया है। अनुज के लापता होने पर परिजनों ने वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के आश्रम के बाहर धरना दिया था।

घर में घुसकर तेंदुए ने आठ को किया गंभीर, मशक्कत के बाद पिंजरे में कैद

दिनभर रहा दहशत का माहौल, पकड़े जाने तक क्षेत्र में रहा अघोषित कर्फ्यू का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/नर्रा

जंगल में युवक को घायल करने की घटना को बीते 12 घंटे भी नही हुए थे कि तेंदुआ बागबाहरा वन परिक्षेत्र के कोमाखान सर्किल के ग्राम झिटकी के एक घर में घुस गया। आधी रात घर के भीतर सो रहे परिवार के 8 लोगों पर हमला कर दिया। परिजनों को संभलने का मौका नही मिला और सभी गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना के बाद से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में तेंदुए को लेकर भय बना रहा। दिन में भी लोग बाहर निकलने से घबरा रहे थे। इस बीच वन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद तेंदुए को जाल बिछाकर पिंजरे में कैद कर लिया।





पहले छोटे भाई फिर बड़े भाई के घर में घुसा तेंदुआ

प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात जब परिवार के सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे, तब तेंदुआ घर में दाखिल हुआ। उसने सबसे पहले छोटे भाई के परिवार पर हमला किया। चीख-पुकार हुई तो तेंदुआ पास ही स्थित बड़े भाई के घर में घुस गया और वहां भी सो रहे परिजनों पर पंजे से हमला कर दिया। हमले से घायल परिवार तेंदुए के हमले में ▶▶| शेष पेज 7 पर

20 वें 2026 एशियाई खेलों के महाकुंभ का समापन

बाय-बाय जापान, अब कतर में मिलेंगे

एजेंसी ▶▶| नागोया

जापान के आइची-नागोया में आयोजित 20वें 2026 एशियाई खेलों का 4 अक्टूबर 2026 को आधिकारिक समापन हो गया है और अगले 2030 एशियाई खेलों की मेजबानी कतर की राजधानी दोहा को सौंपी गई है। समापन समारोह के दौरान आज एशियन गेम्स का आधिकारिक फ्लैग कतर की राजधानी दोहा को सौंप दिया गया। इसके बाद दोहा को औपचारिक रूप से 21वें एशियन गेम्स की मेजबानी मिल गई है।



चौथे नंबर पर रहा भारत

2026 एशियन गेम्स में सबसे ज्यादा मेडल चीन ने जीते। चीन ने कुल 338 मेडल अपने नाम किए। मेजबान जापान दूसरे नंबर पर रहा। जापान ने कुल 262 मेडल जीते। तीसरे नंबर पर साउथ कोरिया रहा, जिसने 147 मेडल जीते। चौथे नंबर पर भारत ने 85 मेडल जीते।



भारत को 85 मेडल

21	गोल्ड
27	सिल्वर
37	ब्रांज

24 साल बाद लड़कों से आगे भारत की लड़कियां

भारत ने इस बार लड़कियों के इवेंट में 11 तो लड़कों के इवेंट में 7 गोल्ड जीते। 3 गोल्ड मिक्स्ड इवेंट में आए। इससे पहले 2002 में बुसान में हुए एशियन गेम्स में भारत की लड़कियां आगे रही थीं। तब भारत ने लड़कियों के इवेंट में 6 और लड़कों के इवेंट में 5 गोल्ड जीते थे। इस एशियन गेम्स में अलग-अलग इवेंट्स में कुल 53 वर्ल्ड रिकॉर्ड और 76 एशियन रिकॉर्ड टूटे हैं। साथ ही 166 नए गेम्स रिकॉर्ड भी बने। भारतीय विमेंस कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने फाइनल में चीन के खिलाफ 238 पॉइंट्स बनाए। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी है।

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY
KIIT Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India
Organisation in Special Consultative Status with the United Nations Economic & Social Council (UN-ECOSOC)

Congratulations

KIIT Student - Athletes

Making the Country Proud at the 20th Asian Games 2026

20th Asian Games Aichi-Nagoya 2026 JAPAN

21 MEDALS

HIGHEST FROM ANY INDIAN UNIVERSITY

3 GOLD MEDALS | 7 SILVER MEDALS | 11 BRONZE MEDALS

KIIT-DU, Patia, Bhubaneswar, Odisha, India 751024 kiit@kiit.ac.in www.kiit.ac.in

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

अमेरिका के दावे पर ईरान का पलटवार, जब तक शर्तें नहीं मानोगे, तब तक बंद रहेगा होर्मुज

एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान ने कहा है कि होर्मुज जलडमरुमध्य तब तक बंद रहेगा जब तक अमेरिका तय की गई सात शर्तों को पूरा नहीं करता। उसका यह बयान तब आया है, जब अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरुमध्य पर अमेरिका का प्रभाव कायम है। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि युद्ध का कोई सैन्य समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान पर हमला होता है तो हम जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बीच होर्मुज जलडमरुमध्य के लगातार बंद रहने और लाल सागर में हूती विद्रोहियों के ब्लॉकेड के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

अब्बास अराघची ने कहा, युद्ध का कोई सैन्य समाधान नहीं

ईरान ने अमेरिका के सामने 7 शर्तें रखी

ईरान की संसद के स्पीकर और शांति समझौते के मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बाघेर घालीबाफ का कहना है कि तेहरान की ओर से होर्मुज जलडमरुमध्य को फिर से खोलने के लिए सात-दिवसीय रोडमैप पेश करने के बाद वाशिंगटन ने एक मध्यस्थ के जरिए कुछ प्रस्ताव दिए हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि अमेरिका को यह पता होना चाहिए कि समय बर्बाद करने और एकतरफा मांगें थोपने का दौर खत्म हो चुका है और ईरान का रुख साफ और पक्का है। उन्होंने कहा, होर्मुज जलडमरुमध्य तब तक नहीं खुलेगा जब तक इस्लामाबाद मेमोरेंडम पर आधारित हमारी सात शर्तें पूरी नहीं हो जातीं।"



ईरान लड़ेगा और बातचीत भी करेगा: घालीबाफ

घालीबाफ ने कहा कि ईरान अमेरिका की हरकतों से न तो उत्साहित है और न ही डरा हुआ है और वह लड़ेगा भी और बातचीत भी करेगा। उन्होंने कहा, हम पूरी ताकत के साथ सैन्य युद्ध के मैदान में मौजूद हैं और नए सरप्राइज के साथ उनका सामना करेंगे। साथ ही, हम सैन्य क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता स्थापित करने और ईरानी लोगों के अधिकारों को लागू करने के लिए कूटनीति के साधनों का भी इस्तेमाल करेंगे।

ईरान की 7 शर्तें

- सैन्य कार्रवाइयों पर पूर्ण विराम
- समुद्री नाकाबंदी की समाप्ति
- जब्त / फ्रीज किए गए फंड की रिहाई
- ईरानी तेल और ऊर्जा निर्यात की छूट
- ईरान के संप्रभु अधिकारों की मान्यता
- इस्लामाबाद समझौते की शर्तों का पालन
- परमाणु कार्यक्रम पर एकतरफा दबाव रोकना

भारतीय समूह कुसुम ग्रुप की दवा निर्माण संयंत्र की मुख्य इमारत को भारी नुकसान

यूक्रेन में रूसी ड्रोन हमले से भारतीय फार्मा कंपनी तबाह, एक की मौत

यूक्रेन के सूमी क्षेत्र में भारतीय समूह कुसुम ग्रुप की ओर से संचालित एक दवा निर्माण संयंत्र रूसी ड्रोन हमले में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। हमले में कुसुम ग्रुप के स्वामित्व वाले संयंत्र की मुख्य इमारत को भारी नुकसान पहुंचा और उसका बड़ा हिस्सा नष्ट हो गया।

एजेंसी ▶▶| सूमी

घटनास्थल के सामने आए दृश्यों में ड्रोन हमले के बाद फैक्टरी से धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि बचाव और नुकसान के आकलन का काम जारी है। ऐसे में मृतकों और घायलों की संख्या में बदलाव हो सकता है।



भारत से जुड़ी हैं यूक्रेनी कंपनी की जड़ें : कुसुम ग्रुप ने 1994 में यूक्रेन में भारतीय दवाओं के वितरक के तौर पर काम शुरू किया था। फिलहाल कंपनी भारतीय नागरिक राजीव गुप्ता के नेतृत्व में संचालित होती है। कंपनी खुद को भारतीय जड़ों वाली यूक्रेनी कंपनी बताती है। कंपनी ने 2002 में दूसरी कंपनियों की दवाओं के वितरण से आगे बढ़ते हुए अपने ब्रांड विकसित करना शुरू किया। इसके बाद उसने दवा निर्माण के क्षेत्र में कदम रखा।

रूस ने तेज किए ड्रोन हमले

सूमी स्थित संयंत्र ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान काफी समय तक अपना काम जारी रखा था। अब रूसी ड्रोन हमले में इसे व्यापक नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट में इस नुकसान का अनुमान कम से कम 400 करोड़ रुपए लगाया गया है। यह हमला यूक्रेन में रूसी हमलों में बढ़ोतरी के बीच हुआ है। गर्मियों के बाद से मॉस्को ने यूक्रेन के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी संख्या में शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल किया है। इनमें जेट इंजन वाले ड्रोन भी शामिल हैं।

यूक्रेन को करना पड़ा कठिनाई का सामना

यूक्रेन की वायु रक्षा व्यवस्था को इनमें से कुछ ड्रोन को रोकने में कठिनाई का सामना करना पड़ा है। इसकी एक वजह इन ड्रोन की अधिक गति बताई गई है। इस बीच, कीव ने अपने देश में विकसित एफपी-7 बैलिस्टिक मिसाइल के पहली बार युद्ध में इस्तेमाल की घोषणा भी की है। रिपोर्ट के अनुसार, इस मिसाइल की मारक क्षमता करीब 250 किलोमीटर है।

हमले जारी रखेगा रूस

रूस ने कहा है कि वह कीव और यूक्रेन के अन्य शहरों पर हमले जारी रखेगा। मॉस्को ने विदेशी नागरिकों और राजनयिकों से यूक्रेन छोड़ने की अपील भी की है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि रूसी सेना सैन्य ठिकानों पर "लक्षित" हमले जारी रखेगी। मंत्रालय ने दावा किया कि ये हमले रूसी नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे पर यूक्रेन के हमलों के जवाब में किए जा रहे हैं।

कीव में पुल को भी नुकसान

रूसी हमलों की ताजा लहर में कम से कम छह लोगों की मौत हुई और कीव में नीपर नदी पर बने नॉर्दर्न ब्रिज को भी नुकसान पहुंचा। पुल को नुकसान होने से राजधानी में यातायात प्रभावित हुआ है। हाल के दिनों में कीव को लगातार हमलों का सामना करना पड़ा है।

जेलेंस्की ने की हमले की निंदा

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में रूस के हमले की निंदा की। साथ ही उन्होंने मारे गए व्यक्ति के परिवार और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज सुबह, रूसियों ने एक बार फिर कीव में पिवनिचनी पुल पर ड्रोन से हमला किया। उन्होंने सुमी में एक दवा गोदाम पर ड्रोन से हमला किया। दुख की बात है कि एक व्यक्ति की मौत हो गई। परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं। जेलेंस्की ने आगे लिखा कि निप्रो में, एक कम्यूनिकेशन सेंटर पर भी हमला हुआ है, जिसमें छह लोग घायल हो गए।



तमिलनाडु उपचुनाव : सीएम विजय ने शुरू किया रोड शो

एजेंसी ▶▶| धारापुरम

तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) अध्यक्ष सी. जोसेफ विजय ने 6 अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव से पहले पार्टी उम्मीदवार पी. सत्यबामा के समर्थन में रविवार को धारापुरम विधानसभा क्षेत्र में रोड शो शुरू किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे विशेष विमान से चेन्नई से रवाना हुए और दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट पर कोयंबटूर पहुंचे। टीवीके के सूत्रों ने बताया कि वह हेलीकॉप्टर से धारापुरम पहुंचे।धारापुरम में टीवीके के वरिष्ठ मंत्रियों ने उनका स्वागत किया।



इनमें पार्टी के महासचिव एवं ग्रामीण विकास तथा जल संसाधन मंत्री एन. आनंद और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री केए सेंगोट्टैयन शामिल थे। विजय ने करीब एक बजे अपना चुनाव प्रचार शुरू किया।

हूतियों का दावा-'अरामको पर बरसाई मिसाइलें"

सऊदी अरब की राजधानी रियाद पर बड़ा हमला!



एजेंसी ▶▶| रियाद

वेस्ट एशिया में सऊदी अरब और यमन के हूती विद्रोहियों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। हूती संगठन ने दावा किया है कि उसने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अरामको की एक तेल फैसिलिटी को बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने कहा कि हमले में निशाने पर मौजूद ठिकानों को नुकसान पहुंचा और वहां आग लग गई। हालांकि, सऊदी अरब ने रियाद पर ऐसे किसी हमले के हूती दावे को खारिज कर दिया है।

हूती काल्पनिक जीत दिखाना चाहते हैं : सऊदी

सऊदी नेतृत्व वाले यमन गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने हूतियों के रियाद पर हमले के दावे को भ्रामक बताया। सऊदी मीडिया के मुताबिक, उन्होंने कहा कि हूती अपने नुकसान से ध्यान हटाने के लिए एक 'काल्पनिक जीत' दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। उनके मुताबिक, ताइज के अहम मोर्चे पर हूतियों को भारी नुकसान हुआ है। अल-मलिकी ने कहा कि हूती अपने बड़े नुकसान से लोगों का ध्यान हटाने के लिए रियाद पर कथित हमले की कहानी को सामने ला रहे हैं।हूती विद्रोही इससे पहले सऊदी अरब के यानबू इलाके में भी अरामको के खिलाफ हमले का दावा कर चुके हैं। हूती पक्ष ने यानबू पोर्ट को भी निशाना बनाने की बात कही है और इससे जुड़ी कुछ तस्वीरें सामने आने का दावा किया गया है। दूसरी ओर, सऊदी अरब ने कहा था कि उसने 6 मिसाइलों को रोक दिया है।

रियाद में आग और धुआं दिखने का दावा

हूती समर्थित चैनल अल-मसीरा ने सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी के हवाले से बताया कि रियाद में अरामको को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन ऑपरेशन चलाया गया। हूती पक्ष का कहना है कि हमले के बाद अरामको की एक फैसिलिटी के पास आग और धुएं का गुबार दिखाई दिया। इस घटना की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी सामने आने का दावा किया गया है। हालांकि, इन तस्वीरों से हमले की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं होती। सऊदी अधिकारियों ने भी रियाद पर हमले की बात को स्वीकार नहीं किया है।

खबर संक्षेप

राष्ट्रपति मुर्मू जाएंगीं कुल्लू-मनाली

शिमला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 6 से 8 अक्टूबर तक प्रस्तावित कुल्लू-मनाली दौरे के मद्देनजर



कुल्लू जिला प्रशासन ने तीन दिवसीय यातायात योजना जारी की है। राष्ट्रपति के दौरे के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुल्लू के उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों, संगठनों और स्थानीय निवासियों से इस दौरान प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की। मनाली को 9 सेक्टर में बांटा गया है और 600 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

भदोही का नाम बदलकर अब होगा संत रविदास नगर

भदोही। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले सीएम योगी ने बड़ी घोषणा



की है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भदोही जिले का नाम बदलने की घोषणा की। भदोही में आयोजित एक कार्यक्रम में घोषणा करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, अब हमारा भदोही जिला 'संत रविदास नगर भदोही' के नाम से जाना जाएगा।' सीएम योगी ने कहा कि संत रविदास नगर , मिर्जापुर और वाराणसी को सिल्क क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाएगा तथा वाराणसी-विंध्य रीजनल डेवलपमेंट प्लान को जल्द लागू किया जाएगा।

राज्यसभा चुनाव

बंगाल से कोयल मल्लिक और उत्तराखंड से आर्य भाजपा प्रत्याशी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने पत्ते खोलने शुरू कर दिए हैं। लगातार ये चर्चा थी कि पार्टी किसे अपना उम्मीदवार बनाएगी। इस बीच उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल से उम्मीदवारों के नाम का ऐलान पार्टी ने किया है। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तराखंड से राज्यसभा चुनाव के लिए दिनेश आर्य को उम्मीदवार बनाया है। पश्चिम बंगाल से रुक्मिणी मल्लिक (कोयल मल्लिक) को उतारा है।

भाजपा ने किया उम्मीदवारों का ऐलान



12 सीट के लिए 16 अक्टूबर को चुनाव



बीजेपी नेतृत्व ने रविवार को राज्यसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करते हुए पश्चिम बंगाल से रुक्मिणी मल्लिक और उत्तराखंड से दिनेश आर्य को प्रत्याशी बनाया पार्टी ने कहा कि उम्मीदवारों के नामों को भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने मंजूरी दी है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल की राज्यसभा की 12 सीट के लिए 16 अक्टूबर को चुनाव होंगे। इनमें उत्तर प्रदेश की 10 और उत्तराखंड की एक सीट शामिल है, जहां मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल 25 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल की एक सीट पर उपचुनाव होगा। पश्चिम बंगाल की एक सीट पर उपचुनाव में कोयल मल्लिक पर पार्टी ने भरोसा जताया है। कोयल मल्लिक टीएमसी से बीजेपी में आई हैं।

टॉली-क्वीन है कोयल

कोयल मल्लिक इसी साल टीएसमी से राज्यसभा पहुंची थीं। लेकिन विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद ममता बनर्जी की पार्टी में मची भगदड़ के दौरान उन्होंने टीएमसी से इस्तीफा दे दिया था। अब भाजपा उन्हें राज्यसभा भेज रही है। कोयल मल्लिक का असली नाम रुक्मिणी मल्लिक हैं। उन्हें टॉली-क्वीन भी कहा जाता है। बंगाली फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ कोयल मल्लिक सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फालोइंग हैं। इंस्टाग्राम पर कोयल मल्लिक के 3.1 मिलियन फॉलोअर हैं, जहां वो अक्सर तस्वीरें-वीडियो पोस्ट करती रहती हैं। उनके पिता रंजीत मल्लिक बंगाल सिनेमा के दिग्गज अभिनेता हैं।

6 महीने में 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' पर लाएंगे सख्त कानून

सीएम शुभेंदु का बड़ा ऐलान बंगाल में लागू होगा यूसीसी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि उनकी सरकार 6 महीने के भीतर 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' के खिलाफ कड़े कानून लाएगी तथा उत्तराखंड एवं गुजरात की तरह राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार संविधान के अनुरुप काम करेगी।



संविधान अनुरूप काम करेगी सरकार

शुभेंदु ने कहा, "आप निश्चिंत रहें कि सरकार संविधान के अनुरुप काम करेगी। लेकिन यह भारतीय संस्कृति, सनातनी परंपराओं, मंदिरों और मठों तथा हमारी उस विरासत पर किसी भी हमले की अनुमति नहीं देगी, जिसका प्रतिपादन आध्यात्मिक महापुरुषों स्वामी विवेकानंद और महाप्रभु श्री चैतन्य ने किया है।

बोनट पर लटकी पत्नी, दौड़ती रही कार पति गिरफ्तार, गर्लफ्रेंड भी पकड़ी गई

एजेंसी ▶▶| मेरठ

पत्नी को कार के बोनट पर लटकाकर करीब पांच किलोमीटर तक कार दौड़ाने के आरोपी पति मयंक सिंह और उसकी गर्लफ्रेंड माही वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पत्नी ने दोनों को कार में देखकर विरोध किया था। आरोप है कि बाद में पति ने उसके साथ मारपीट भी की। दरअसल एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कार के बोनट पर महिला लटकी हुई दिखाई दे रही थी।



पूरा मामला लव अफेयर का निकला। पति और उसकी प्रेमिका को कार में देखकर पत्नी ने भड़क गई थी। विरोध किया तो सड़क पर हंगामा खड़ा हो गया। महिला कार रोकने के लिए बोनट पर चढ़ गई तो पति ने कार दौड़ा दी। करीब पांच किलोमीटर पत्नी को कार के बोनट पर लेकर युवक कार दौड़ाता रहा। लोहियानगर क्षेत्र में काशीराम कॉलोनी के पास लोगों ने किसी तरह कार रुकवाई। इसके बाद पति ने पत्नी के साथ मारपीट भी की।

पति के साथ युवती को देखकर भड़की पत्नी

काजीपुर निवासी युवक से महिला की शादी 15 साल पहले हुई थी। महिला अपने बेटे के साथ स्कूटी से हापुड़ रोड आई थी। इसी दौरान उसकी नजर पति की कार पर पड़ी। कार में पति के साथ एक युवती को देखकर पत्नी ने हंगामा कर दिया। आरोप है कि महिला ने कार रोकने की कोशिश की, लेकिन पति ने कार नहीं रोकी। इस पर महिला बोनट पर चढ़ गई थी। उधर, पीड़िता ने लोहिया नगर थाने में पति और प्रेमिका के खिलाफ तहरीर दी है। दोनों पर हत्या के प्रयास, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया गया था। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर किया है।

पाकिस्तानी महिला जासूस को दे रहा था खुफिया जानकारी

हनीट्रैप में फंसा नेवी का सेलर, लीक की अहम सूचना

एजेंसी ▶▶| कोयंबटूर

भारतीय नौसेना के एक नाविक को पाकिस्तानी जासूस को समुद्री खुफिया जानकारी भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भारत विरोधी तत्वों ने सोशल मीडिया पर हनीट्रैप के जरिए नाविक को जाल में फंसाया गया। आंध्र प्रदेश पुलिस के 'काउंटर इंटेलिजेंस' (सीआई) प्रकोष्ठ ने 31 वर्षीय प्रदीप मुखर्जी को कोयंबटूर स्थित नौसेना के नेतृत्व प्रशिक्षण केंद्र 'आईएनएस अग्रणी' से गिरफ्तार किया।



पश्चिम बंगाल का निवासी : पश्चिम बंगाल के निवासी मुखर्जी 2014 में नौसेना में नाविक के तौर पर शामिल हुए थे और वह विशाखापत्तनम स्थित नौसेना की पूर्वी कमान में तैनात थे। गिरफ्तारी के समय वह प्रबंधन विकास पाठ्यक्रम में भाग ले रहे थे और करीब एक सप्ताह से कोयंबटूर स्थित इस प्रशिक्षण केंद्र में रह रहे थे।

ऐसे हुई गिरफ्तारी

आंध्र प्रदेश पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस सेल टेरर मॉड्यूल, सीमा-पार जासूसी और हाई-सिक्योरिटी खतरों को नाकाम करने का काम करती है। सीआई ने संदिग्ध डिजिटल फुटप्रिंट्स का पता चलने के बाद प्रदीप मुखर्जी पर नजर रखना शुरू किया। गोपनीय जानकारी लीक करने में उनकी भूमिका की पुष्टि होने के बाद, जांचकर्ताओं ने नौसेना अधिकारियों से उन्हें गिरफ्तार करने की मंजूरी ली।

विजयवाड़ा में काउंटर इंटेलिजेंस मुख्यालय ले जाया गया : सीआई की एक खास टीम सुबह कोयंबटूर के आईएनएस अग्रानी पहुंची और उन्हें हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के बारे में स्थानीय पुलिस अधिकारियों को औपचारिक रूप से सूचित किया गया।

महिला जासूस ने किया सोशल मीडिया के जरिए संपर्क

ऐसी जानकारी है कि पाकिस्तान की एक महिला जासूस ने कुछ महीने पहले सोशल मीडिया के जरिए मुखर्जी से संपर्क किया। समय के साथ उस महिला ने ऑनलाइन माध्यम से हुई इस जान-पहचान का इस्तेमाल कर विशाखापत्तनम नौसैनिक अड्डे से जुड़े रणनीतिक नौसैनिक संसाधनों, बेड़े की आवाजाही और संचालन व्यवस्था से संबंधित संवेदनशील जानकारी हासिल की। सीमा-पार जासूसी और आतंकवादी गतिविधियों के खतरों से निपटने के लिए गठित विशेष इकाई सीआई ने नाविक से जुड़ी संदिग्ध डिजिटल गतिविधियों का पता चलने के बाद जांच शुरू की और बाद में उसे निगरानी में रखा।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अवैध उत्खनन, भारी वाहनों और बदहाल सड़कों की चुनौती बरकरार

15 अक्टूबर से कई जिलों में शुरू होगा रेत खनन, दाम घटने की उम्मीद

नदी में बहकर आई बंपर रेत

कहीं नीलामी तो कहीं अनुमति का इंतजार

दुर्ग-अतुल अग्रवाल/ धमतरी-दिलीप देवांगन/राजनांदगांव- हफीज खान/ आरंग-पवन साहू/ राजिम-श्याम किशोर शर्मा की विशेष रिपोर्ट

रायपुर। बारिश के दौरान नदियों में आई बंपर रेत अब रेत घाटों के दोबारा खुलने के साथ बाजार में पहुंचने की तैयारी में है। मानसून के दौरान एनजीटी के प्रावधानों के तहत रेत उत्खनन पर प्रतिबंध रहा, लेकिन कई इलाकों में संग्रहित रेत के नाम पर महंगे दाम में कारोबार चलता रहा और अवैध उत्खनन की शिकायतें भी सामने आती रहीं। अब 15 अक्टूबर से प्रदेश में कई रेत घाटों के संचालन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। कहीं नीलामी पूरी हो चुकी है तो कहीं पर्यावरणीय अनुमति का इंतजार है। रेत घाट शुरू होने से जहां आम उपभोक्ताओं और ठेकेदारों को रेत कुछ कम दाम पर मिलने की उम्मीद है, वहीं नदी घाट वाले इलाकों में भारी वाहनों की आवाजाही, सड़कों की बदहाली और अवैध उत्खनन पर रोक प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती होगी।

हरिभूमि लाइव

राजिम में खदानें खुलेंगी, सवाल भी उठेंगे

राजिम। जून से बंद रेत खदानें 15 अक्टूबर से फिर खुलने जा रही हैं। सरकारी आदेश और एनजीटी के प्रावधानों के तहत खनन बंद रहा, लेकिन गरियाबंद जिले में इस अवधि में भी रेत के अवैध उत्खनन और डंपिंग की शिकायतें सामने आती रही हैं। आरोप है कि कई नदी घाटों से दिन-रात रेत निकाली गई और संग्रहित रेत के नाम पर कारोबार चलता रहा। जिले में वर्तमान में 14 रेत खदान स्वीकृत हैं। इनमें हथखोज, पोखरा, गदहीडीहि, फिंगेश्वर, बिरोडा, खुरसा, कुरुसकेरा, कोपरा, सरकड़ा, कुटेना, बारुका, बारुला, कोदोबतर और रानीपरतेवा शामिल हैं। इनमें हथखोज, पोखरा, कुरुसकेरा, कोपरा, सरकड़ा और कुटेना को लेकर सबसे अधिक चर्चा रहती है। वहीं सिंधौरी, चौबेबांधा, पितईबंद और नागझर जैसे घाटों की नीलामी 15 अक्टूबर को प्रस्तावित है। सिंधौरी और चौबेबांधा पैरी नदी तथा पितईबंद महानदी से जुड़े हैं। चौबेबांधा में नीलामी नहीं होने के बावजूद रेत परिवहन की शिकायतें सामने आती रही हैं। कार्रवाई के बावजूद अवैध खनन पर प्रभावी रोक नहीं लगने के आरोप हैं। रेत खदानों में बड़ा खेल एक ही पीट पास का बार-बार इस्तेमाल और स्वीकृत क्षेत्र से कई गुना अधिक उत्खनन का है। एनजीटी नियमों की अनदेखी के साथ भारी हाइवा गांवों और शहरों की सड़कों से तेज रफ्तार दौड़ते हैं। इससे दुर्घटनाएं और मौतें होती रही हैं।

नीलामी के एक वर्ष बाद शुरू होंगे रेत घाट



राजनांदगांव। नीलामी के लगभग एक वर्ष बाद जिले के चार रेत घाट से रेत की निकासी 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो जाएगी। पर्यावरण से अटकी एनओसी के चलते बीते वर्ष नवंबर माह में धीरी, भोथली, कोटरासरार और अर्जुनी के रेत घाट से नीलामी के बाद भी रेत की निकासी नहीं हो पाई थी। जिसके चलते जिले में महानदी से रेत की आपूर्ति काफी महंगे दर पर हो रही थी। अब शासन-प्रशासन ने जिले में रेत की उपलब्धता सुनिश्चित करने और अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर नियंत्रण के उद्देश्य से आगामी 15 अक्टूबर से रेत घाटों का संचालन प्रारंभ करने मंजूरी दे दी है। इससे जिले में चार नई रेत खदानों में वैधानिक रूप से रेत खनन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। रेत घाटों के शुरू होने से यहां अवैध रूप से रेत उत्खनन और परिवहन की गतिविधियों पर रोक लगेगी।

निर्माण में होगी सहूलियत

रेत घाटों एवं नई खदानों के व्यवस्थित और वैधानिक संचालन से जिले में रेत की स्थानीय स्तर पर उपलब्धता बढ़ेगी। इससे निर्माण कार्यों के लिए रेत की आवश्यकता पूरी करने में सुविधा होगी, वहीं दूसरे जिलों से रेत मंगाने पर होने वाले अतिरिक्त परिवहन व्यय को कम करने में मदद मिलेगी। स्थानीय स्तर पर रेत उपलब्ध होने से आम नागरिकों को उचित दर पर रेत मिलने की उम्मीद है।

रेत के लिए चली थी गोली

बीते कई वर्षों से जिले में एक भी रेत खदान की स्वीकृति नहीं मिली थी। जबकि जिले के बीच से ही शिवनाथ नदी होकर गुजरती है। ऐसे में यहां पर अवैध उत्खनन काफी बढ़ गया था। रेत तस्करी के लिए शहर के मोहड़ वार्ड में गोली भी चली थी। वहीं अवैध उत्खनन से करोड़ों रुपए के राजस्व की हानि भी हो रही थी।



नदी में आया बंपर रेत, नीलामी के बाद कम होंगे दाम

धमतरी। अब तक महंगे दाम में रेत खरीद रहे उपभोक्ताओं और ठेकेदारों को 16 अक्टूबर का बेसब्री से इंतजार है। 16 अक्टूबर से जिले में स्वीकृत 18 रेत खदानें फिर से शुरू हो जाएंगी। इधर महानदी में बाढ़ आने से खदानों में फिर से रेत का स्टॉक जमा हो गया है। बता दें कि नदियों से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध के बाद रेत के दाम दोगुने हो गए हैं। 7 हजार रुपए में उपलब्ध होने वाले एक हाइवा ▶▶| शेष पेज 7 पर

आरंग के घाटों से बेहिसाब कमाई पर इलाके को फायदा नहीं

आरंग। अच्छी बारिश के बाद महानदी और आसपास के नदी घाटों में रेत की बंपर आवक हुई है। समोदा, कागदेही, कुरूद, आरंग, पारागांव सहित नेशनल हाईवे से लगे कई गांवों में बड़ी मात्रा में रेत डंप किए जाने की बात सामने आ रही है। ऐसे में माफियाओं द्वारा मानसून सीजन महंगे दामों में रेत बेचकर खूब पैसा कमाया गया। पिछले वर्षों में भी आरंग क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई होती रही है। इस बार अच्छी बारिश के कारण नदी घाटों में रेत की प्राकृतिक आवक अधिक होने से कारोबारियों की सक्रियता बढ़ने की चर्चा है। अब प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह सुनिश्चित करने की होगी कि नदी से निकाली जाने वाली रेत निर्धारित नियमों और स्वीकृत मात्रा के अनुसार ही हो। इसी बीच कुछ दिन पहले कुरूद क्षेत्र में एक और रेत घाट शुरू किए जाने को लेकर जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने प्रस्तावित रेत घाट के आवंटन का कड़ा विरोध किया। ग्रामीणों ने रेत घाट शुरू होने से गांव की सड़क, यातायात, धूल, दुर्घटना, पर्यावरण, कृषि भूमि और स्थानीय संसाधनों पर पड़ने ▶▶| शेष पेज 7 पर



एक मात्र रेत खदान भी बंद, अवैध धंधा जारी

दुर्ग। दुर्ग जिले में एक मात्र रेत खदान ग्राम कोटनी में संचालित है। वह भी पिछले करीब दो साल से बंद है। अधिकांश समय पानी होने की वजह से रेत नहीं निकाली जा सकी है। शासन ने यह रेत खदान आर एंड्रू मनिराज को लीज पर दिया है। 15 अक्टूबर से जिले सहित प्रदेश में रेत का खनन शुरू होने जा रहा है, लेकिन पानी होने की वजह से इसके 15 अक्टूबर से शुरू होने की संभावना कम है। इसके बावजूद रेत का अवैध खनन पिछले लंबे समय से धड़ल्ले से चल रहा है। मुख्य रूप से सगनी, मेड़ेसरा, करेंजा भिलाई और खारून नदी पर पाटन के पास ग्राम कौही में रेत का अवैध खनन हो रहा है। लगातार शिकायतों के बाद भी इन घाटों से अवैध खनन पर अंकुश नहीं लग पाया है।

Dinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

चार करोड़ का सोना लूटने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात पुलिस ने नाडियाड रेलवे स्टेशन पर हुई करीब चार करोड़ रुपये के सोने की लूट का वारदात होने के कुछ ही घंटों में खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 2.90 किलोग्राम सोना बरामद किया है। कोलकाता से सोना लेकर नाडियाड पहुंचे एक जौहरी के कर्मचारी से आरोपियों ने सोना लूट लिया और कार से फरार हो गए।



पाकिस्तान की जासूसी के आरोप में दो गिरफ्तार

गुवाहाटी। सुरक्षा संबंधी जानकारी पाकिस्तान को मुहैया कराने के आरोप में सेना के एक सेवानिवृत्त जवान समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि सेना के सेवानिवृत्त जवान को अनुबंध के आधार पर फिर से नियुक्त किया गया था। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी केंद्रीय एजेंसियों से मिली सूचना के आधार पर की गई। शर्मा ने कहा, आज केंद्रीय एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर असम पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पीएचडी छात्र की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली। अगस्त में मुनिरका में अपने किराए के मकान में बेहोश व घायल अवस्था में मिले आईआईटी-दिल्ली के 40 वर्षीय पीएचडी छात्र की मौत के मामले में रविवार को प्राथमिकी दर्ज की गई।



भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत किशनगढ़ थाने में यह प्राथमिकी दर्ज की गई।

नेतन्याहू से बातचीत में पायलट ने सुनाई हमले की दास्तां

हमलावर इबादत के बहाने उठा और पीछे से मार दी कुल्हाड़ी!



एजेंसी ▶▶| दुबई

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारतीय पायलट स्मित मच्छार से फोन पर बात की और 'फ्लाईदुबई' के विमान को दुर्घटनाग्रस्त करने की सह-पायलट की साजिश को नाकाम करने के लिए उन्हें पूरी दुनिया का 'नायक' बताया। इस दौरान स्मित ने कई खुलासे किए। स्मित के अनुसार, इबादत के बहाने को-पायलट करीब आया और भरोसा जीतकर पीछे से कुल्हाड़ी से वार कर दिया।

कैप्टन मच्छार पर बुधवार को फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड1073 के कॉकपिट में उनके सह-पायलट ने हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। नेतन्याहू ने संयुक्त अरब अमीरात के एक अस्पताल में उपचार करा रहे 38 वर्षीय पायलट स्मित से बात करके उनका हालचाल जाना। 'लाउडस्पीकर मोड' पर की गई इस कॉल की एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर साझा की गई। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आप इजराइल, भारत और पूरी दुनिया के नायक हैं। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं आपको (मच्छार) इजराइल के स्वतंत्रता दिवस पर मशाल प्रज्वलित ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ कैप्टन स्मित ने सुनाई कॉकपिट की खौफनाक कहानी

पहले लगा विमान को कोई बड़ी क्षति हुई है

नेतन्याहू से बातचीत में कैप्टन मच्छार ने बताया कि हमले से कुछ मिनट पहले उनके सह-पायलट ने उनसे कहा था कि वह नमाज या प्रार्थना करने जा रहे हैं। मच्छार ने बताया कि इसके करीब चार-पांच मिनट बाद अचानक उनके सिर के पीछे जोरदार वार हुआ। मच्छार के मुताबिक, शुरुआत में उन्हें लगा कि शायद विमान को कोई बहुत बड़ी क्षति पहुंची है। लेकिन अगले ही पल लगातार वार होने लगे। तभी उन्हें समझ आया कि विमान में कोई तकनीकी गड़बड़ी नहीं हुई है, बल्कि कॉकपिट में मौजूद दूसरा व्यक्ति ही उन पर हमला कर रहा है।



आरोपी- अल-हम्मामी भारतीय पायलट स्मित

क्रैश एक्स से किया गया हमला

संयुक्त अरब अमीरात के अभियोजक जनरल के मुताबिक, अल-हम्मामी ने कॉकपिट में रखे क्रैश एक्स से मच्छार पर हमला किया। इसके बाद उसने विमान का नियंत्रण अपने हाथ में लेने की कोशिश की। लगातार हमलों के कारण मच्छार की आंखों की रोशनी भी लगभग प्रभावित हो गई थी। इसी बीच उन्हें महसूस हुआ कि विमान तेजी से नीचे की तरफ जा रहा है।

इजरायल पीएम ने दिया न्योता

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बातचीत के दौरान पायलट स्मित मच्छार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इजराइल के स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मशाल प्रज्वलित करने के लिए आमंत्रित किया। कैप्टन मच्छार से बातचीत के दौरान नेतन्याहू ने कहा, यह हमारे लिए सबसे बड़ा सम्मान है, जो हम अपने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदान करते हैं। आमतौर पर यह केवल इजराइल के नागरिकों के लिए है, लेकिन मुझे लगता है कि इस मामले में इजराइल का हर नागरिक आपका सम्मान करेगा।

सिंगापुर में छत्तीसगढ़ की 'हरित' पहल और निवेश की गूंज

सीएम साय ने उद्योग जगत को दिया साझेदारी का न्योता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सिंगापुर प्रवास के पहले दिन छत्तीसगढ़ ने एक ओर शहरी हरियाली और ईको-टूरिज्म के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय अनुभव हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ाया। वहीं दूसरी ओर प्रदेश को निवेश के उभरते केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के नामांकन के बाद सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन द्वारा आयोजित पहले 'सिंगापुर-इंडिया नेटवर्क फॉर ग्रोथ (सिंग) फोरम-2026' में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री ने विश्व प्रसिद्ध गार्डन्स बाय द बे के ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ नवा रायपुर के बॉटनिकल गार्डन को गार्डन्स बाय द बे की विशेषज्ञता से संवारने की तैयारी

'विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण में भागीदार बनने आमंत्रण

डिनर में मास्टरकार्ड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, नेस्ले और द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में किए गए सुधार, एमएसएमई, स्टार्टअप और विनिर्माण क्षेत्र में उपलब्ध निवेश अवसरों की जानकारी दी। साय ने सिंगापुर के उद्योग जगत को 'विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण में भागीदार बनने और प्रदेश में उपलब्ध निवेश अवसरों का लाभ उठाने का आमंत्रण दिया।

[43वीं मंजिल से कूदकर दी थी जान]

पत्नी से तलाक की चर्चा से डिप्रेशन में थे संभव



नई दिल्ली। नोएडा के सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा रेजिडेंशियल बिल्डिंग की 43वीं मंजिल से जिस व्यक्ति ने कूदकर आत्महत्या की थी उसके पीछे की वजह को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आत्महत्या करने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर संभव जैन आर्थिक समस्याओं के साथ-साथ पारिवारिक विवाद से भी जूझ रहे थे।

3 करोड़ की देनी थी एलिमनी, 1 करोड़ दे चुका था

मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जा रहा है कि संभव और उसकी पत्नी का तलाक 2025 में हो गया था और 3 करोड़ की एलिमनी देना तय हुआ था। इसमें से 1 करोड़ रुपये संभव दे चुका था और 2 करोड़ देना बाकी था। इसी वजह से वह आर्थिक तंगी से गुजर रहा था।

[जयशंकर ने बताया कैसे बदल रही दुनिया]

अमेरिका जान-बूझकर पड़ा अकेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

62वें म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने दुनिया को कई अहम मुद्दों पर संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस कमरे में मौजूद कोई भी इस बात से असहमत नहीं होगा कि आज की स्थिति मुख्य रूप से अमेरिका की बदली हुई स्थिति से तय हो रही है। यह बदलाव उसने खुद चुना है और एक तरह से, वह जान-बूझकर ज्यादा अकेला पड़ गया है। मौजूदा हालात की दूसरी अहम बात चीन का उभार है। चीन खुद को एक अनोखा देश मानता है।

कई मायनों में यह उसकी अपनी सोच भी है ▶▶| शेष पेज 7 पर



अपने हितों के हिसाब से फैसले ले रहे देश

जयशंकर का कहना है कि उभरते और मिडिल पावर देश अब अपने हितों को लेकर पहले से ज्यादा सतर्क हो रहे हैं। वे आत्मनिर्भर बनने के साथ व्यापार और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में नए साझेदार तलाश रहे हैं।

समझाया 'मिडिल पावर' का मतलब

एस जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह बताना ज्यादा आसान है कि 'मिडल पावर' (मध्यम शक्ति) क्या नहीं है, बजाय इसके कि आज यह बताया जाए कि 'मिडल पावर' क्या है। हमें इस शब्द को बहुत शाब्दिक अर्थ में नहीं लेना चाहिए क्योंकि ऐसे देश होंगे। चलिए जी20 जैसी परिभाषा को ही लेते हैं। ऐसे देश हो सकते हैं जो जी20 में शामिल न हों, लेकिन फिर भी यह अर्थव्यवस्था के आकार पर आधारित सीधी परिभाषा नहीं है।

अमेरिका और चीन को लेकर भी दिया संदेश

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि जब हम संभावनाओं की बात करते हैं, तो हम अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर भी नजर डालते हैं। जैसा कि मैंने कहा, यह तय करना जरूरी है कि 'मिडल पावर' (मध्यम शक्ति) क्या नहीं है। यहां सबसे पहले अमेरिका का नाम आता है, जो कई दशकों से वैश्विक व्यवस्था का मुख्य आधार रहा है और जो किसी भी पैमाने पर, दूसरी किसी भी शक्ति से काफी आगे है। कुछ हद तक चीन भी। चीन, अपनी आर्थिक ताकत की वजह से, वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग का एक-तिहाई हिस्सा संभालता है।

[जीएसटी की बैठक में होगी चर्चा]

अधिकारियों का खत्म होगा गिरफ्तारी वाला अधिकार



नई दिल्ली। जीएसटी परिषद कर अधिकारियों से गिरफ्तारी का अधिकार वापस लेने और किसी भी गिरफ्तारी के लिए अदालत की मंजूरी अनिवार्य करने के प्रस्ताव पर इस सप्ताह विचार कर सकती है। प्रस्ताव से परिचित लोगों ने यह जानकारी दी। जीएसटी पर निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था जीएसटी परिषद सात अक्टूबर की बैठक में अभियोजन से जुड़े सुधारों के पैकेज पर भी विचार कर सकती है।

ऐसे प्रस्ताव भी

प्रस्ताव से परिचित लोगों के अनुसार, विचाराधीन व्यापक पैकेज में जीएसटी पंजीकरण आसान करना, तेजी से रिफंड देना, इनपुट टैक्स क्रेडिट की प्रक्रिया सरल करना तथा कारण बताओ नोटिस और जुर्माने से जुड़े नियमों में बदलाव शामिल हैं। प्रवर्तन से जुड़े प्रस्ताव के केंद्र में केंद्रीय जीएसटी अधिनियम की धारा 69 है।

भोरमदेव अभयारण्य को 1 नवंबर से पर्यटकों के लिए खोलने की तैयारी चल रही है। अभयारण्य क्षेत्र में इन दिनों सफाई और मरम्मत का काम जारी है। लगातार बारिश के कारण सकरी नदी में पानी का बहाव अधिक है।

अभी पानी ज्यादा, अभयारण्य खुलेगा अगले महीने



अलग खबर

21 बार नदी पार कर भोरमदेव में सफारी का मजा लेंगे पर्यटक, बढ़ाई जा रही हैं सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अभयारण्य के सफारी मार्ग में सकरी नदी को करीब 21 बार पार करना पड़ता है, इसलिए जलस्तर कम होने के बाद मार्ग को पर्यटकों के लिए सुगम बनाया जाएगा। भोरमदेव अभयारण्य पहाड़, झरने और नदियों से घिरा होने के कारण प्राकृतिक सुंदरता के साथ वन्यजीवों के लिए भी खास पहचान रखता है। यहां पर्यटकों को जिप्सी टाइप वाहनों से जंगल सफारी की सुविधा देने की तैयारी है। भोरमदेव गेट के





पास पर्यटकों के लिए आकर्षक गार्डन तैयार किया गया है। इसके साथ ही कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि भोरमदेव अभयारण्य में पर्यटन का यह दूसरा वर्ष है। इस वर्ष पर्यटकों और वन्यजीव प्रेमियों के अधिक संख्या में पहुंचने की संभावना है। पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

शेर भी देखे गए

कान्हा क्षेत्र से लगे होने के कारण अभयारण्य में विभिन्न प्रकार के वन्यजीव पाए जाते हैं। यहां तक की शेर भी देखे गए हैं। अभयारण्य के एसडीओ अंकिता साहू ने बताया कि भोरमदेव अभयारण्य में प्राकृतिक सुंदरता के साथ वन्यजीवों की अच्छी मौजूदगी है। पहाड़, झरने और नदी क्षेत्र पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण हैं।

साइटिंग रजिस्टर में दर्ज वन्यजीव

साइटिंग रजिस्टर के अनुसार अभयारण्य में गौर (बाइसन) की अनुमानित संख्या 100 से 110, चीतल 80 से 90, सांभर 12 से 15, नीलगाय 50 से 60 और कोटरी 40 से 50 के बीच है। इसी तरह भालू की संख्या करीब 20 से 25, जंगली सूअर 70 से 80, जंगली कुत्ते 30 से 35, लोमड़ी 15 से 20 तथा लकड़बग्घे 5 से 8 बताए गए हैं। अभयारण्य में पाम सिवेट की संख्या 30 से 35, साही 20 से 25, मोर 30 से 35 और जंगली बिल्ली 10 से 12 के बीच दर्ज की गई है।

खबर संक्षेप

फर्जी वन अधिकार पट्टा के नाम पर की ठगी



कवर्धा। वन अधिकार पट्टा बनवाने का झांसा देकर ग्रामीणों से लाखों रुपए की ठगी करने और फर्जी दस्तावेज थमाने के मामले में झलमला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी राजेन्द्र धुर्वे आयु 36 वर्ष निवासी ग्राम अंजना को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जिला जेल कबीरधाम भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से फर्जी वन अधिकार पट्टों की प्रतियां भी जब्त की गई हैं। मामले में उसके अन्य साथी की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, ग्राम अंजना निवासी पंछू सिंह धुर्वे ने थाना झलमला में शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव के ही राजेन्द्र धुर्वे ने उसे और उसकी पत्नी को वन अधिकार पट्टा बनवाकर देने का झांसा दिया था। इसके एवज में आरोपी ने उनसे एक लाख रुपए लिए थे। कुछ समय बाद आरोपी ने उन्हें वन अधिकार पट्टा दिया। इसी दस्तावेज के आधार पर पंछू सिंह धुर्वे केसीसी ऋण और खाद लेने के लिए सोसायटी पहुंचा। वहां दस्तावेजों की जांच के दौरान पट्टे के फर्जी होने की जानकारी सामने आई।

टेलीग्राम पर निवेश का झांसा, एक गिरफ्तार

कांकेर। टेलीग्राम पर निवेश के बदले भारी मुनाफा देने का झांसा देकर एक युवक से 3 लाख 76 हजार 385 रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर थाना चारामा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सल्लू नगर दरगहन निवासी 25 वर्षीय डोमेश्वर यादव के मोबाइल पर टेलीग्राम के माध्यम से एक लिंक आया था। लिंक में दावा किया गया था कि 2 हजार रुपये निवेश करने पर 18 हजार रुपये का मुनाफा मिलेगा। लालच में आकर डोमेश्वर ने एसबीआई खाते से अमेजन पे के माध्यम से 2 हजार रुपये निवेश किए। इसके बाद जब उसे कोई मुनाफा नहीं मिला तो टेलीग्राम के जरिए उससे कहा गया कि अधिक राशि निवेश करने पर पूरी रकम के साथ लाभ एक साथ दिया जाएगा।

गिरफ्तारी का भय दिखाकर रकम वसूली की कोशिश

महासमुंद। गिरफ्तारी का भय दिखाकर पुलिस की पहचान का दुरुपयोग कर आम लोगों को डराने और ऑनलाइन रकम ऐंठने की कोशिश किए जाने का मामला सामने आया है। जिसमें एक महिला और उसके बेटे को कथित पुलिसकर्मी ने फोन कर 10 हजार रुपए की मांग की। रकम नहीं देने पर दोनों को जेल भेजने की धमकी भी दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, 1 अक्टूबर को ग्राम साराडीह में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। मामला सिटी कोतवाली पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर काउंटर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। इसी बीच टिकेश्वर चेलक के मोबाइल पर 9794644859 नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को सिटी कोतवाली का पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि दोनों पक्षों पर समान धाराएं लगी हैं और दोनों को जेल भेजना पड़ेगा।

कोई ठोस उपाय नहीं करने के कारण लगातार हो रहीं घटनाएं

मानव-वन्यजीव द्वंद्व रोकने हर वर्ष 3600 करोड़ तक का बजट, फिर भी जान-माल का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन विभाग मानव-वन्यजीव द्वंद्व प्रबंधन और वित्तीय मुआवजे के लिए हर साल करोड़ों रुपए खर्च करता है। विभाग का कुल वार्षिक बजट 2500 करोड़ से 3600 करोड़ के बीच होता है, जिसमें से वन्यजीवों के संरक्षण, ट्रैकिंग और प्रभावित ग्रामीणों को राहत देने के लिए अलग-अलग योजनाओं में राशि आवंटित की जाती है।

- तेंदुए ने ग्रामीण परिवार पर किया था हमला

वन विभाग लोगों के जान-माल की रक्षा करने तथा द्वंद्व रोकने वन्यजीवों को रिहायशी इलाकों में आने से रोकने के लिए तकनीकी और बुनियादी ढांचे पर कार्य करता है। साथ ही हाथियों के मूवमेंट पर नजर रखने और ग्रामीणों को मोबाइल एप व रेडियो अलर्ट के माध्यम से समय पर सूचना देने के लिए विशेष बजट रखा जाता है। वन्यजीव संरक्षण एवं विकास पर सालाना 12 सौ करोड़ रुपए का प्रावधान किया जाता है, जो सीधे तौर पर वन्यजीव सुरक्षा और रोजगार सृजन से जुड़ा है। वनों की अवैध कटाई रोकने के साथ-साथ वन्यजीवों के इलाकों की सुरक्षा के लिए सालाना 5.5 करोड़ से 6 करोड़ के बीच का बजट आवंटित होता है। इतनी भारी-भरकम राशि खर्च करने के बाद मानव-वन्यजीव द्वंद्व की घटनाएं होना चिंता का विषय है।

खास खबर

महासमुंद जिले के कोमाखान स्थित झिटकी गांव में एक ही परिवार पर तेंदुए ने हमला कर छह लोगों को घायल कर दिया। घटना सामने आने के बाद मानव-वन्यजीव द्वंद्व रोकने विभाग के उपायों पर प्रश्नचिन्ह लगा है।



एक दिन पूर्व भी ग्रामीण पर किया था हमला

झिटकी में हुई घटना से एक दिन पहले पंडरीपानी गांव में भी तेंदुए ने एक व्यक्ति पर हमला किया था। इसकी जानकारी मिलने के बाद जिम्मेदार अधिकारी तेंदुए को रेस्क्यू करने योजना बनाते तो झिटकी गांव की घटना होने से रोकने में मदद मिल सकती थी। हमला करने के बाद उक्त परिवार के लोगों द्वारा तेंदुए को घर में कैद कर जंगल सफारी की टीम को सूचना दी गई, तब टीम तेंदुए को रेस्क्यू कर सफारी ले गई।

इसलिए घुसते हैं रिहायशी क्षेत्र में

भोजन तथा पानी की कमी के कारण ज्यादातर वन्यजीव जंगल से भटककर रिहायशी क्षेत्र में प्रवेश करते हैं। मवेशी, स्ट्रीट डॉग, वन्यजीवों का सॉफ्ट टार्गेट रहता है। इसके अलावा वनक्षेत्र से सटे वनग्राम के लोग बचा हुआ बासी खाना खुले में फेंक देते हैं। इसकी गंध सूंघकर भालू सहित अन्य वन्यजीव रिहायशी क्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं। चिकन तथा मटन के अवशेष की गंध सूंघकर मांसाहारी वन्यजीव इन क्षेत्रों में पहुंचते हैं।

दो दशक में सात सौ से ज्यादा मौतें

अलग-अलग स्त्रोतों से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2000–2023 के दौरान छत्तीसगढ़ के 19 वनमंडलों में 828 मानव-हाथी संघर्ष की घटनाएं हुई हैं, जिसमें 737 मौतें और 91 लोग घायल हुए थे। सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में जशपुर, धरमजयगढ़ और सूरजपुर रहे। वर्ष 2023 से 2025 के बीच राज्य में मानव-वन्यजीव द्वंद्व के मामले हाथी, भालू और तेंदुए से जुड़े रहे हैं। सबसे अधिक गंभीर घटनाएं उत्तरी छत्तीसगढ़ के हाथी-प्रभावित वनमंडल जशपुर, रायगढ़, धरमजयगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, कोरबा, बलरामपुर और कोरिया के एमसीबी में दर्ज की गई हैं। दक्षिण-मध्य क्षेत्र में कांकेर, गरियाबंद और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में भालू-तेंदुआ संघर्ष प्रमुख रहा। केंद्र सरकार के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, केवल हाथी के हमलों से ही छत्तीसगढ़ में 2023-24 में 51 लोगों की मौत हुई है।

आग लगने के कारण एक ट्रेलर और दो ट्रक खाक लाखों का नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एनएच-53 पर पिथौरा थाना क्षेत्र के लाखागढ़ के पास बीती रात भीषण आग लगने से दो ट्रक जल गए। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। पिथौरा थाना प्रभारी के अनुसार, एक ट्रक में चावल लदा हुआ था और खराब होने के कारण उसे एनएच-53 पर लाखागढ़ के पास सड़क किनारे खड़ा किया गया था। इसी दौरान पिथौरा से सरायपाली की ओर जा रहे दोना-पत्तल से लदा दूसरा ट्रक खराब ट्रक के पास पहुंचा तो उसके इंजन में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पास में खड़े चावल लदे ट्रक को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग तेजी से फैलने के कारण दोनों ट्रक जलने लगे। स्थिति को भांपकर दूसरे ट्रक के चालक ने वाहन से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने के लिए महासमुंद, बागबाहरा और सरायपाली से फायर ब्रिगेड वाहनों को बुलाया गया, इसके बाद आग पर काबू पाया गया।

तुमगांव में ट्रेलर में लगी आग

आग लगने के दूसरे मामले में एनएच-53 पर ज्ञानी ढाबा के पास खड़े एक ट्रेलर के केबिन में अचानक आग लग गई। घटना के दौरान ट्रेलर का चालक खाना खाने गया हुआ था, जिसके चलते कोई जनहानि नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक एनएलओ 1 एबी 0769 लोहे का सामान लेकर नागपुर से कोलकाता जा रहा था। चालक ने एनएच-53 पर स्थित ज्ञानी ढाबा के पास ट्रेलर खड़ा किया और खाना खाने के लिए ढाबे में चला गया। इसी दौरान ट्रेलर के केबिन से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग भड़क उठी। घटना की सूचना मिलने पर महासमुंद से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

महिला की पिटाई कर पेड़ से बांधने का आरोप

जमीन विवाद पर महिला को टोनही बताकर मारपीट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

ग्राम परशुरामपुर में एक महिला के साथ टोनही प्रताड़ना, मारपीट और अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में चार महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक रिमांड जेल भेज दिया गया है।

- टोनही प्रताड़ना के आरोप में चार महिला गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक ग्राम परशुरामपुर निवासी करीब 40 वर्षीय महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 3 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर के सामने काम कर रही थी। इसी दौरान जमीन संबंधी पुराने विवाद को लेकर पड़ोस की महिला सहित अन्य लोग उसके पास पहुंचे और कथित रूप से उसे टोनही कहकर गाली-गलौज करने लगे। शिकायत में पीड़ित महिला ने आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की तथा उसे टोनही बताकर प्रताड़ित किया। महिला का आरोप है कि उसके बाल पकड़कर मारपीट की गई और बाद में उसे घर के सामने स्थित आम के पेड़ से साड़ी के सहारे बांध दिया गया। इस दौरान अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के दौरान परिजन एवं आसपास के लोगों द्वारा बीच-बचाव किया गया।

शिकायत के आधार पर रामानुजनगर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं तथा छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही पीड़िता एवं गवाहों के कथन दर्ज किए।

इनकी हुई गिरफ्तारी

विवेचना के दौरान पुलिस ने मामले में ग्राम परशुरामपुर निवासी धननतिया पति रघुनाथ (56 वर्ष), सोमरत पति कृष्णा सिंह (28 वर्ष), नन्नी बाई पति रामनरेश उर्फ रामू (23 वर्ष) तथा सुंती पति सुनार(40 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों को 4 अक्टूबर को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

बिना अनुमति लगाया मेडिकल कैंप, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले केडौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम कोरगुड़ा में बिना वैध शासकीय अनुमति मेडिकल कैंप लगाने पर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वाहन समेत बड़ी मात्रा में दवाइयां, हेल्थ व सप्लीमेंट प्रोडक्ट तथा अन्य सामग्री जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 7 लाख 18 हजार 597 रुपए बताई गई है। आरोप है कि हैदराबाद के एनजीओ रेट्रो ह्यूमेनकेयर फाउंडेशन ने 100 रुपए रजिस्ट्रेशन लेकर बीपी, शुगर, थायराइड समेत कई बीमारियों की जांच की। लोगों से दवाइयों और हेल्थ प्रोडक्ट के नाम पर 1 से 4 हजार रुपए तक वसूले। बताया जा रहा है कि कैंप के पोस्टर में कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया की फोटो भी लगाई गई थी। पुलिस के अनुसार 1 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पंचायत भवन कोरगुड़ा में चार लोग वाहन क्रमांक सीजी 07 एक्यू 7352 से पहुंचकर मेडिकल कैंप लगाया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और चारों से कैंप लगाने की शासकीय अनुमति व वैधानिक दस्तावेज मांगे, लेकिन वे कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस चारों को वाहन व सामग्री सहित थाना लाई और पंचनामा तैयार कर जब्ती की कार्रवाई की।

जांच कराएंगे

मरीजों की जांच करने वालों के पास जरूरी वैध योग्यता और अनुमति थी या नहीं, इसकी भी जांच कराएंगे।

डा. जेएल उइके
सीएमएचओ, बालोद



जानकारी ली थीः विधायक अनिला

विधायक व पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया का कहना है कि कुछ दिन पहले कांग्रेस भवन में मशीन से बॉडी चेकअप कराने की बात कही गई थी। उस समय कैंप की अनुमति के बारे में जानकारी ली थी।

इन्हें लिया गया हिरासत में

पकड़े गए लोगों में राजेश कुमार कोठारी (40), टी. वेंकटेश राव (47), सुरेंद्र पटेल (29) और मोहित कुमार रक्सेल (38) शामिल हैं। जब्त सामग्री में दवाइयां, हेल्थ व सप्लीमेंट प्रोडक्ट, वाहन, वायर, बिजली बोर्ड, प्रिंटर, लैपटॉप, विभिन्न मशीनें और वेट मशीन शामिल हैं। मामले में धारा 106 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर वैधानिक दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

पूर्व सीएम भूपेश ने एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुटने का किया आह्वान

चरोदा में कांग्रेस की चुनावी बैठक, संगठन की मजबूती और रणनीति पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र के स्वास्तिक पार्क में कांग्रेस की महत्वपूर्ण चुनावी बैठक हुई। इस दौरान आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, चुनाव पर्यवेक्षक एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, अध्यक्ष राकेश ठाकुर, प्रभारी राजेंद्र साहू, महापौर निर्मला कोसले, सभापति चंद्राकर सहित ब्लॉक



कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल के कार्यकर्ता और नगर निगम के पार्षद शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुटने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहने का लंबा इतिहास रहा है। आने वाले चुनाव में भी जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

जनता से सीधे संवाद पर जोर

चुनाव पर्यवेक्षक विकास उपाध्याय ने कहा, चरोदा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन चुनाव की तैयारियों में जुट गया है। बूथ से लेकर वार्ड स्तर तक कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने और जनता के साथ सीधा संवाद बढ़ाने पर जोर दिया। नेताओं ने कहा कि चुनाव केवल राजनीतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं को समझने का अवसर भी है। कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर आम लोगों से संवाद स्थापित करने की अपील की गई।





ऑरा इंडिया टूर : सात शहरों में होंगे दिलजीत के कॉन्सर्ट

नई दिल्ली। पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ का मोस्ट अवेटेड 'ऑरा इंडिया टूर 2026' आने वाला है। कुछ महीनों पहले ही गायक ने लंदन के वेम्बली में परफॉर्म करते हुए यह ऐलान किया था कि वह अहमदाबाद में जल्द कॉन्सर्ट करने जा रहे हैं। दरअसल, दिलजीत देश के सात शहरों में परफॉर्म करने वाले हैं। यह टूर नवंबर और दिसंबर में होगा। सिर्फ इतना ही नहीं, इसकी टिकट और तारीखों का ऐलान भी हो गया है। भारत में यह टूर 1 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर से शुरू होगा। इसके बाद 15 नवंबर को इंदौर, 21 नवंबर को अहमदाबाद, 27 नवंबर को मुंबई, 29 नवंबर को बेंगलुरु और 5 दिसंबर को लखनऊ में शो होगा।



लाइफ Style

मृणाल

घर की अलमारी से चुराती थीं घड़ियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर इन दिनों फिल्म 'पूजा मेरी जान' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। अब हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू दिया, जिसमें बताया कि वह अपनी मां की अलमारी से घड़ियां चुरा लेती थीं। साथ ही उन्होंने इसकी वजह भी बताई है।

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अभिनय के साथ-साथ अक्सर अपने क्लासिक फैशन सेंस को लेकर भी काफी चर्चा में बनी रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बताया है कि उन्हें क्लासिक घड़ियों से बहुत प्यार है और यह प्यार उनको उनकी मां से मिला, जिन्हें वह क्लासिक लेडी कहती हैं। मृणाल ने बताया कि कई बार खास मौकों के लिए वह अपनी मां की अलमारी से उनकी घड़ियां चुरा लिया करती थीं। एएनआई से बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरी मां ने मुझे बिगाड़ दिया, क्योंकि वह हमेशा से एक क्लासिक महिला रही हैं। कई बार अपने सबसे खास मौकों के लिए मैं उनकी घड़ी चुरा लेती थी। दरअसल, अभिनेत्री वसंत कुंज के डीएलएफ प्रोमेनेड में टिसॉट बुटीक के लॉन्च पर पहुंची थीं। वहां एक्ट्रेस ने कहा कि अब वह रेड-कार्पेट अपीयरेंस और फॉर्मल मीटिंग से लेकर डिनर तक अलग-अलग मौकों पर अपने कलेक्शन की घड़ियों को शामिल करने की योजना बना रही हैं। मृणाल के लिए घड़ी सिर्फ समय देखने की चीज नहीं है। वह इसे एक जरूरी एक्सेसरी मानती हैं, जो उनके व्यक्तित्व और पहचान को दिखाने में मदद करती है और उनके सादे स्टाइल को पूरा करती है।

हॉलीवुड मसाला



डिगर के फ्लॉप पर नहीं हैं दुखी

लॉस एंजिल्स। टॉम क्रूज की बहुप्रतिक्षित फिल्म 'डिगर' की शुरुआत बॉक्स ऑफिस पर संतोषजनक नहीं रही। मगर फिल्म के इस प्रदर्शन से एक्टर के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। उन्होंने सोशल मीडिया पर बीटीएस तस्वीर शेयर करने साथ टीम के लिए एक भावुक पोस्ट साझा किया। बीते शनिवार टॉम क्रूज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने फिल्म की कई बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने इन फोटोज के साथ अपनी टीम के लिए एक प्यार भरा कैप्शन लिखा।



इस्लाम विरोधी बयान से कॅरियर हो गया खत्म

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी एक्ट्रेस सेल्मा ब्लेयर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। क्रूएल इंटेंशन्स, लीगली ब्लोन्ड, द स्वीटेस्ट थिंग और हेलबॉय फ्रेंचाइजी फेम सेल्मा ब्लेयर ने बताया है कि दो साल पहले 'इस्लाम-विरोधी' बयान के बाद उन्हें न सिर्फ सोशल मीडिया पर लोगों की खूब आलोचना झेलनी पड़ी, बल्कि इसने उनके हॉलीवुड कॅरियर को भी 'खत्म' कर दिया। 54 साल की सेल्मा ब्लेयर हाल ही द ज्यूइश म्यूजियम में एंटी-डिफेमेशन लीग के 'स्टेट ऑफ द आर्ट्स' कार्यक्रम में पहुंची थीं, जहां उनका कॅरियर को लेकर दर्द छलका। सेल्मा ब्लेयर ने दो साल पहले फरवरी 2024 में इजराइल-हमास युद्ध के दौरान सीरियाई-यहूदी शरणार्थी अब्राहम हमरा के एक इंस्ट्राग्राम वीडिया पर 'एंटी-इस्लाम' कमेंट किया था। अब सेल्मा ब्लेयर ने इवेंट में कहा, 'मैं जानती हूं कि सब कुछ खत्म हो जाने का एहसास कैसा होता है।



हिंदी फिल्मों का गणित बिगाड़ेगी 'ओम'

नई दिल्ली। तेरे इश्क में और कारा जैसी कई शानदार फिल्मों से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता धनुष लंबे समय से अपनी अपकमिंग मूवी ओम चैप्टर-1 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। 16 अक्टूबर को ओम चैप्टर-1 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन , ओम चैप्टर-1 को 26 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज किया जाएगा। ओम चैप्टर-1 अब नई रिलीज डेट 26 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस जिसका कारण इसी महीने (अक्टूबर) रिलीज होने वालीं कई बड़ी तमिल फिल्में हैं। 26 नवंबर को ओम चैप्टर-1 को रिलीज किया जाना है और इसके अगले दिन इमरान हाशमी की गनमास्टर जी9 और आयुष्मान खुराना की ये प्रेम मोल लिया आ रही है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन तीनों मूवीज के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।



आर माधवन ने खोला यादों का पिटारा

मुंबई। चर्चित अभिनेता आर माधवन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। लगता है रविवार को फुरसत के पलों में उन्होंने अपना पुराना एल्बम खोल लिया है। इससे कुछ अनदेखी तस्वीरें उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। आर माधवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर करते हुए एक वीडयो कोलाज पोस्ट किया है। इसमें उनके पुराने दिनों की तस्वीरें हैं, जब दोस्तों की महफिलें सजा करती थीं। तस्वीरों के साथ एक्टर ने लिखा है, 'पुराने दिन'। आर माधवन की इन तस्वीरों में उनकी पत्नी सरिता बिरजे भी नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में आर माधवन अपनी मॉडिफाइड बाइक पर सवार होकर पोज देते दिख रहे हैं। यादों की गुल्लक खोलते हुए आर माधवन ने अपने सभी दोस्तों को भी पोस्ट में टैग किया है।

टीवी मसाला



राइज एंड फॉल 2: झगड़ा खत्म कर स्वरा के फिटनेस कोच बने शहजाद

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर फिलहाल रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' सीजन 2 का हिस्सा है। अब हाल ही में वहां से एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह अपनी बेटी राबिया को याद करते हुए रोते नजर आईं और तेज प्रताप यादव अभिनेत्री को चुप करवाते दिखाई दिए। स्वरा भास्कर के लिए काम की वजह से अपनी छोटी सी बेटी से दूर रहना काफी मुश्किल हो रहा है। एक वीडियो सामने आया, जिसमें शहजाद और स्वारा के बीच अच्छी बॉन्डिंग दिखी। शो की शुरुआत में स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला के बीच अच्छे रिश्ते देखने को नहीं मिले थे। लेकिन जैसे-जैसे यह शो आगे बढ़ रहा है, दोनों के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं। हाल ही में शहजाद पूनावाला अभिनेत्री के फिटनेस कोच बने नजर आए। बता दें कि दोनों के बीच शो से बाहर राजनीति ओपिनियन को लेकर टकराव होते रहते हैं। शो का एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस रोती हुई नजर आ रही हैं। वह बार-बार अपनी बेटी राबिया की फोटो देखने या उसका चेहरा देखने की गुजारिश करती दिखाई दीं। जब शो में उनके साथ मौजूद गौतम गुलाटी ने पूछा कि वह इतनी इमोशनल क्यों हो गईं, तो स्वरा ने कहा, 'किसी ने सुशी कहा और मुझे अपनी बेटी की याद आ गई।' स्वरा ने आगे कहा, 'यार उसका फेस दिखा दो, उसकी फोटो दिखा दो प्लीज।' उनकी इस बात से साफ पता चला कि रियलिटी शो के दौरान वह अपनी बेटी को कितना याद कर रही हैं। स्वरा को रोता देख तेज प्रताप यादव बार-बार उन्हें संभालने की कोशिश करते नजर आए। शहजाद पूनावाला भी स्वरा को इमोशनल सपोर्ट देने उनके पास पहुंचे। इस वीडियो को शेयर करते हुए स्वरा के इंस्टाग्राम हैंडल से पर लिखा गया, 'एक काम करने वाली मां होने का मतलब है कि आपका दिमाग काम में लगा रहता है, लेकिन आपका दिल हमेशा घर पर रहता है। तुम्हें गले लगाने का इंतजार नहीं कर सकती।

1991 में ही बना दी थी टाइम ट्रेवल पर फिल्म

नई दिल्ली। डायरेक्टर सिंगीथम श्रीनिवास राव ने 94 साल की उम्र में अपनी आखिरी सांस ली। सिंगीथम श्रीनिवास को पुष्पक विमाना, आदित्य 369 और सिंग गीथम जैसी फिल्में बनाने के लिए जाना जाता था। सिंगीथम श्रीनिवास का जन्म आंध्र प्रदेश के उदयगिरि, नेल्लोर में 21 सितंबर, 1931 को हुआ था। उन्हें साउथ इंडियन सिनेमा में क्रांति लाने के लिए जाना जाता है। सिंगीथम ने हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषा में करीब 60 फिल्में डायरेक्ट की हैं।

डायरेक्टर के तौर पर किया था डेब्यू

सिंगीथम श्रीनिवास ने साल 1972 में रिलीज हुई फिल्म नीति नियति से डायरेक्टर के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। ये तेलुगु भाषा की एक कॉमेडी फिल्म थी। फिल्म को डायरेक्ट करने के साथ-साथ सिंगीथम श्रीनिवास ने फिल्म को लिखा भी था।



94 की उम्र में भी डायरेक्ट की थी फिल्म

सिंगीथम श्रीनिवास राव ने 94 साल की उम्र में भी काम करना नहीं छोड़ा। उनकी आखिरी फिल्म सिंग गीथम इस साल रिलीज हुई। ये एक म्यूजिकल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर सकते हैं। फिल्म में अहिल्या बमरू, अयान और मणि कृष्ण जैसे कलाकार नजर आए हैं।

पॉपुलर फिल्में

पुष्पक विमाना: साल 1987 में रिलीज हुई पुष्पक विमाना में कमल हासन लीड रोल में नजर आए थे। पुष्पक विमाना एक डार्क कॉमेडी फिल्म थी। इस फिल्म ने नेशनल अवॉर्ड समेत कुल 7 अवॉर्ड्स जीते थे। 1988 में श्रीनिवास को बेस्ट फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इस फिल्म की खास बात ये थी कि इस फिल्म में कोई भी डायलॉग नहीं थे।

जीते कई अवॉर्ड्स

श्रीनिवास राव ने अपने शानदार कॅरियर में कई प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स अपने नाम किए। श्रीनिवास ने दो नेशनल अवॉर्ड्स (पुष्पक विमाना और दिक्कत्रा पार्वती), तीन नंदी अवॉर्ड्स (मयूरी, वृंदावनम और भैरव द्वीपम), फिल्म हालू जेनू के लिए कर्नाटक राज्य फिल्म पुरस्कार जैसे अवॉर्ड्स जीते। इसी के साथ, 19वें चेन्नई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (2021) में उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। साल 2011 में फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भी उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया था।

नीतू ने बैक साइड की फोटो लेने पर तंज भरे लहजे में किया सवाल

मुंबई। नेहा धूपिया और सलमान खान के बाद अब नीतू कपूर ने पैपराजी के बैक साइड की फोटो लेने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कैमरामैन से तंज भरे लहजे में सवाल किया है। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर ने पैपराजी के उस चलन पर सवाल उठाया है, जिसमें वे अभिनेत्रियों से कैमरे की तरफ पीठ करके पोज देने के लिए कहते हैं। रविवार को वह मुंबई में नजर आईं। उन्होंने फोटोग्राफर्स के पीछे से फोटो लेने की गुजारिश पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या उन्हें ऐसे शॉट्स लेने में खास मजा आता है? जब नीतू कपूर एक जगह से बाहर निकलीं और अपनी कार की ओर जा रही थीं, तो वहां मौजूद फोटोग्राफर्स ने उनसे कैमरे की तरफ पीठ करके पोज देने को कहा। ऐसा करने के बजाय, अभिनेत्री मुड़ीं और तंज भरे अंदाज में उनसे इस गुजारिश के बारे में पूछा। नीतू ने कहा, 'आपको यह बहुत अच्छा लगता है ना, 'बैक'?' पैपराजी ने इस पर ना में जवाब दिया। इसके बाद नीतू अपनी कार में बैठीं और दरवाजा बंद कर लिया। नीतू कपूर का यह रिएक्शन तब आया है, जब नेहा धूपिया ने फोटोग्राफर्स की तरफ से अभिनेत्रियों की गलत तरीके से बैक शॉट्स लेने पर आपत्ति जताई। मुंबई में एक अवॉर्ड इवेंट के दौरान, नेहा ने पैपराजी से सवाल किया और इस हरकत पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'तुम लोगों में से बदतमीजी से बैकशॉट कौन लेता है? बंद करो।'



'सूबेदार' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में करेगा भारत का प्रतिनिधित्व

मुंबई। एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2026 ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 18 देशों और क्षेत्रों से अपने राष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा कर दी है। भारत की फिल्म 'सूबेदार' इस सूची में प्रमुख फिल्मों में शामिल है। फिल्म के लिए अनिल कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता – मुख्य भूमिका श्रेणी में भारत का राष्ट्रीय विजेता चुना गया है। अनिल कपूर 'सूबेदार' के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस फिल्म का निर्माण विक्रम मल्होत्रा, सुरेश त्रिवेणी और अनिल कपूर ने किया है। वहीं, चीन की ओर से 'द शैडोज़ एज' के लिए जैकी चैन प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेताओं की यह सूची पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स द्वारा पहचानी जा रही प्रतिभाओं की विविधता और व्यापकता को दर्शाती है। एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में, फिल्म के निर्देशक सुरेश त्रिवेणी को 'सूबेदार' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशन श्रेणी में राष्ट्रीय विजेता चुना गया है। यह उपलब्धि फिल्म और इसकी पूरी रचनात्मक टीम के लिए एक महत्वपूर्ण सम्मान है। 'सूबेदार' अब एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स के ग्रैंड फिनाले में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी, जहां एशिया-प्रशांत क्षेत्र के राष्ट्रीय विजेता प्रतिष्ठित सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।



चिंतन

एआई की दुनिया में सतर्कता और जवाबदेही बेहद जरूरी

एआई ने दुनिया को काम करने की अभूतपूर्व गति दी है, लेकिन यही गति अब साइबर अपराध की दुनिया को भी मिल रही है। जिस काम को करने में कभी हमलावरों को कई दिन लगते थे, एआई की मदद से सिस्टम की कमजोरियां तलाशने, जानकारी जुटाने और हमले को अंजाम देने में बेहद कम समय लग रहा है। ऐसे में एआई को केवल तकनीकी सुविधा मानकर आगे बढ़ना जोखिम भरा हो सकता है। एआई की दुनिया के विस्तार के साथ सतर्कता और जवाबदेही को भी उतनी ही तेजी से मजबूत करना होगा। तभी इसके फायदे सही मायने में सामने आ पाएंगे। माइक्रोसॉफ्ट की डिजिटल डिफेंस रिपोर्ट 2026 के आंकड़े खतरे की गंभीरता बताते हैं। भारत दुनिया के शीर्ष 7 साइबर प्रभावित देशों में शामिल है और दुनिया भर में ट्रैक किए गए साइबर खतरों में भारत की हिस्सेदारी 2.5 प्रतिशत रही है। सबसे चिंताजनक बात रैनसमवेयर हमलों में 5 गुना बढ़ोतरी है। यानी अपराधियों के लिए डिजिटल माध्यम केवल धोखाधड़ी का जरिया नहीं रह गया, बल्कि संस्थानों और महत्वपूर्ण ढांचे को बंधक बनाने का हथियार भी बनता जा रहा है। साइबर अपराधियों ने हमले के तरीके भी बदल दिए हैं। अब केवल संदिग्ध ईमेल या लिंक से सावधान रहने की जरूरत नहीं है। ईमेल अथवा पीडीएफ में भेजे गए क्यूआर कोड के जरिए फिशिंग कराई जा रही है। माइक्रोसॉफ्ट ने एक साल में ऐसे 14.5 करोड़ क्यूआर फिशिंग हमले पकड़े हैं। फर्जी कैप्चा के जरिए यूजर से कमांड कॉपी-पेस्ट करवाकर सिस्टम में सेंध लगाने का तरीका भी तेजी से बढ़ा है। करीब 11 लाख डिवाइस पर ऐसी गतिविधि देखने को मिली हैं। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स पर वॉइस फिशिंग में एक साल में 502 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सबसे बड़ा खतरा यह है कि अपराधी अब तकनीक के साथ-साथ विश्वास को भी निशाना बना रहे हैं। बॉस, एचआर, पेरोल टीम, वेंडर या कारोबारी साझेदार की पहचान की नकल कर कर्मचारियों को जाल में फंसाया जा रहा है। अप्रैल से जून 2026 के दौरान रिपोर्ट किए गए 85 प्रतिशत फिशिंग ईमेल में किसी व्यक्ति या संस्था की पहचान की नकल किए जाने की बात सामने आई। इसका मतलब है कि साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी विभाग की जिम्मेदारी नहीं रह गई। हर कर्मचारी और हर डिजिटल उपयोगकर्ता इसकी पहली सुरक्षा पंक्ति है। दूसरी ओर, एआई एजेंट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। अनुमान है कि दो साल में एआई एजेंट की संख्या 130 करोड़ तक पहुंच सकती है। ये एजेंट ईमेल, कैलेंडर, सिस्टम अपडेट और डेटा एक्सेस जैसे काम कर सकेंगे। यही सुविधा यदि पर्याप्त सुरक्षा के बिना दी गई तो एक एआई एजेंट पर हमला उसके जरिए जुड़े कई सिस्टम और संवेदनशील डेटा तक पहुंच का रास्ता खोल सकता है। इसलिए चुनौती एआई के इस्तेमाल को रोकने की नहीं, बल्कि उसे जिम्मेदार और सुरक्षित बनाने की है। सरकारों को महत्वपूर्ण डिजिटल ढांचे की सुरक्षा के लिए लगातार निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र मजबूत करना होगा। कंपनियों को एआई एजेंट को अधिकार देने से पहले उनकी निगरानी, सीमाएं और जवाबदेही तय करनी होगी। कर्मचारियों और आम लोगों को फर्जी कैप्चा, क्यूआर कोड, आवाज की नकल और पहचान आधारित धोखाधड़ी के नए तरीकों के प्रति जागरूक करना होगा। डिजिटल दुनिया में सुविधा की रफ्तार जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि तकनीक की यह रफ्तार अपराधियों के हाथों की ताकत न बन जाए।



तैयारी

निर्मला सीतारमण

नेक्स्ट-जेनरेशन का जीएसटी

'विकसित भारत' बनने के भारत के संकल्प के लिए एक ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें हर स्तर और आकार के उद्यम फल-फूल सकें, चाहे उनकी शुरुआत कहीं से भी हुई हो। पिछले बारह वर्षों में हमारी सरकार ने इन अनुकूल परिस्थितियों के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया है। वर्ष 2017 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू होने से अप्रत्यक्ष कराधान के लिए एक साझा राष्ट्रीय ढांचा स्थापित हुआ। 'नेक्स्ट- जेनरेशन का जीएसटी' नौ वर्षों के क्रियान्वयन तथा करदाताओं और राज्यों के अनुभवों के आधार पर इसी प्रयास को आगे बढ़ाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी की परिकल्पना दो परस्पर जुड़े उद्देश्यों के साथ की गई थीः कर दरों को कम व तर्कसंगत बनाना और अनुपालन को अधिक सरल बनाना। दरों में किए गए संशोधन 22 सितंबर 2025 से प्रभावी हुए। प्रक्रियात्मक सुधारों का अगला चरण शीघ्र ही जीएसटी परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

सम्मिलित रूप से, इन प्रयासों का उद्देश्य परिवारों को राहत देना, व्यवसायों को अधिक निश्चितता प्रदान करना और करदाताओं के लिए एक ऐसी प्रणाली सुनिश्चित करना है जिसमें वे बिना किसी अनावश्यक कठिनाई के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। राज्य इस पूरी यात्रा में बराबर के साझेदार रहे हैं। वे परिषद में अपनी प्राथमिकताओं और अनुभवों को लेकर आए, निर्णयों को आकार देने में सहयोग किया और उनके क्रियान्वयन का दायित्व संभाला। मैं इस प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार व्यक्त करती हूं। जीएसटी की प्रगति प्रत्येक सरकार के उत्तरदायित्वों का सम्मान करते हुए एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने की इसी तत्परता पर टिकी है। इसके परिणाम विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। अक्टूबर 2025 से जुलाई 2026 के बीच, दर्ज की गई कर-योग्य आपूर्ति के मूल्य में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 25.8% की वृद्धि हुई। कर दरों की हल्की संरचना के साथ-साथ दर्ज आर्थिक गतिविधियों में भी व्यापक विस्तार देखा गया है। यह उस सुधार के लिए एक अत्यंत उत्साहवर्धक आधार है जिसका उद्देश्य उद्यमों और सार्वजनिक वित्त दोनों को संबल प्रदान करना है। यह सुदृढ़ता हालिया राजस्व आंकड़ों में स्पष्ट दिखाई देती है। अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह 12.46 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से 11.6% अधिक है। जून से सितंबर तक के प्रत्येक महीने में वार्षिक आधार पर दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की गई; इन चार महीनों का कुल संग्रह मिलकर लगभग 15% की गति से बढ़ा। कर वापसी (रिफंड) के बाद शुद्ध संग्रह में भी इस छमाही के दौरान 10.4% की वृद्धि हुई। इस प्रकार, करदाताओं को दी गई राहत और विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों में वृद्धि साथ-साथ हुई है। इस विस्तार का दायरा उसके पैमाने जितना ही महत्वपूर्ण है। सभी 11 क्षेत्रक समूहों और सभी प्रमुख राज्यों में दर्ज कर-योग्य आपूर्ति में वृद्धि देखी गई। भारत जैसी विविध अर्थव्यवस्था में यह व्यापक प्रसार अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक हिस्सों में होने वाली यह वृद्धि अधिक से अधिक व्यवसायों को विस्तार लेते बाज़ारों में भाग लेने का अवसर देती है, और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न मांग, निवेश तथा रोज़गार से



अधिकाधिक समुदायों को लाभान्वित करती है। सुधार के बाद की अवधि की तुलना में उपभोक्ताओं को की गई प्रत्यक्ष बिक्री (बी2सी) में भी 26.7% की बढ़ोतरी हुई। जब कर राहत का प्रभाव कीमतों में दिखाई देता है, तो परिवारों के पास अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने या बचत करने के लिए अधिक गुंजाइश होती है।

उपभोक्ता राहत और उद्यम विकास आपस में गहराई से जुड़े हैं: परिवारों की क्रय शक्ति व्यवसायों द्वारा दी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की मांग को बनाए रखती है। इसका लाभ परिवार से लेकर खुदरा विक्रेता, आपूर्तिकर्ता और उत्पादक तक सभी तक पहुंचता है। लघु और मध्यम उद्यमों के लिए एक राष्ट्रीय बाज़ार तभी सार्थक होता है जब वह उनके स्थानीय परिवेश से परे ग्राहकों तक पहुँचने का व्यावहारिक मार्ग प्रशस्त करे। द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों के व्यवसायों को स्थानीय स्तर पर निवेश और रोज़गार जारी रखते हुए ऐसे संबंध बनाने में सक्षम होना चाहिए। दूसरी ओर, इन शहरों में विस्तार करने वाले उद्यम स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं और वितरकों के लिए नए अवसर सृजित कर सकते हैं। जीएसटी का साझा ढांचा इन कड़ियों को सुदृढ़ करता है; और सरल प्रशासनिक व्यवस्था को इन्हें बनाए रखना और भी सहज बनाना होगा। इस व्यवस्था में सहभागिता अत्यंत व्यापक रही है। अगस्त के अंत तक केंद्र और राज्य क्षेत्राधिकारों के अंतर्गत कुल जीएसटी पंजीकरण लगभग 1.71 करोड़ तक पहुंच गए, जो एक वर्ष पहले की तुलना में लगभग 15% अधिक हैं। अप्रैल-जुलाई 2026 की कर अवधियों के लिए, निर्धारित तिथि तक दाखिल किए गए जीएसटीआर-3बी रिटर्न पिछले वर्ष की समान अवधियों की तुलना में 12.6% अधिक थे। ये सुधार प्रशासन पर एक समान दायित्व भी डालते हैं: नियमित अनुपालन को विश्वसनीय सेवा, स्पष्ट मार्गदर्शन और समस्याओं के समयबद्ध समाधान द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की कार्यप्रणाली इस अनुभव का एक अन्य महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुधार-उपरांत आंकड़े दर्शाते हैं कि इनपुट टैक्स क्रेडिट के माध्यम से चुकाई गई कर देयता का अनुपात बढ़ा है, जबकि कर-योग्य आपूर्ति के सापेक्ष संचित क्रेडिट में कमी आई है। यह उन व्यवसायों के लिए उत्साहवर्धक है जो पात्र क्रेडिट के प्रभावी उपयोग पर निर्भर करते हैं। किसी छोटे उद्यम के लिए उसकी कार्यशील पूंजी ही यह तय करती है कि वह कितनी सुगमता से कच्चा माल खरीद सकता है, कोई ऑर्डर पूरा कर सकता है और अगला काम हाथ में ले सकता है। कर वापसी (रिफंड) भी उतनी ही प्रासंगिक है। अप्रैल-सितंबर के दौरान लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपये की धनराशि रिफंड के रूप में लौटाई गई। व्यवसायों के प्राप्य बकाये को वापस लौटाना एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली का अनिवार्य अंग है। इस प्रक्रिया में अधिक निश्चितता और पूर्वानुमेयता उद्यमों को अधिक आत्मविश्वास के साथ खरीद और उत्पादन की योजना बनाने में सहायता करेगी। किसी करदाता को देय रिफंड प्राप्त होने का अनुभव प्रशासनिक दक्षता का एक प्रमुख पैमाना होता है। राज्यों की राजस्व स्थिति भी अधिक सुदृढ़ हुई है।

इस वर्ष अप्रैल-सितंबर के दौरान एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) निपटान में उनके हिस्से सहित राज्यों की कुल एसजीएसटी प्राप्तियों में लगभग 16% की वृद्धि हुई। ये संसाधन बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में निवेश को गति प्रदान करते हैं, जिससे परिवारों और उद्यमों को अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बेहतर परिवेश मिलता है। जीएसटी की बढ़ती परिपक्वता हमें सुधारों के अगले चरण के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करती है।

(लेखिका केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

'विकसित भारत' बनने के भारत के संकल्प के लिए एक ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें हर स्तर और आकार के उद्यम फल-फूल सकें, चाहे उनकी शुरुआत कहीं से भी हुई हो। पिछले बारह वर्षों में हमारी सरकार ने इन अनुकूल परिस्थितियों के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया है। वर्ष 2017 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू होने से अप्रत्यक्ष कराधान के लिए एक साझा राष्ट्रीय ढांचा स्थापित हुआ। 'नेक्स्ट- जेनरेशन का जीएसटी' नौ वर्षों के क्रियान्वयन तथा करदाताओं और राज्यों के अनुभवों के आधार पर इसी प्रयास को आगे बढ़ाता है। जीएसटी की बढ़ती परिपक्वता हमें सुधारों के अगले चरण के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करती है।

विचार

राजीव श्रीवास्तव



एशियन गेम्स 2026 में भारत का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

हॉकी की दोहरी स्वर्णिम सफलता ने मन गर्व से भर दिया। आइची-नागोया एशियाई खेलों से भारत के लिए सबसे सुखद और ऐतिहासिक समाचार भारतीय हॉकी का दोहरा स्वर्ण है। पुरुष टीम ने मलेशिया को 5-1 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा और महिला टीम ने चीन को 1-0 से हराकर 44 वर्ष बाद एशियाई खेलों का स्वर्ण हासिल किया। दोनों टीमों ने लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई भी किया। एक भारतीय खेल प्रशासक के रूप में मेरे लिए यह उपलब्धि विशेष संतोष का विषय है। मैंने खेल प्रशासन को बहुत करीब से देखा है और मेरा अनुभव है कि किसी टीम की सफलता केवल मैदान पर दिखाई देने वाले खिलाड़ियों की सफलता नहीं होती। उसके पीछे वर्षों की प्रतिभा पहचान, कोचिंग, फिटनेस, प्रशासनिक सहयोग, खेल विज्ञान और सबसे बढ़कर एक मजबूत टीम संस्कृति होती है। भारतीय हॉकी की यह सफलता उसी सामूहिक प्रयास का परिणाम है। पुरुष और महिला दोनों टीमों का एक ही एशियाई खेल में स्वर्ण जीतना भारतीय हॉकी के इतिहास का यादगार अध्याय है। विशेष रूप से महिला टीम का 44 वर्ष बाद स्वर्ण जीतना आने वाली पीढ़ियों की लड़कियों के लिए बहुत बड़ा संदेश है कि अंतरराष्ट्रीय खेलों में भारत की बेटियां किसी भी ऊंचाई तक पहुंच सकती हैं।

85 पदक-गर्व का विषय, लेकिन आत्मसंतोष का नहीं : भारत ने 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य सहित कुल 85 पदक जीतकर पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। कुल पदकों की दृष्टि से यह हांगझोउ 2023 के 106 पदकों के बाद भारत का दूसरा सर्वश्रेष्ठ एशियाई खेल प्रदर्शन है। मेरी दृष्टि में 85 पदकों को केवल हांगझोउ के 106 पदकों से तुलना करके कमतर आंकना उचित नहीं होगा। अलग-अलग एशियाई खेलों में स्पर्धाओं की संख्या, प्रतिस्पर्धा और परिस्थितियां बदलती हैं। लेकिन 22 पदकों की कमी और स्वर्ण पदकों का 28 से घटकर 21 होना एक गंभीर संकेत जरूर है। मैं इसे असफलता नहीं मानता, लेकिन इसे नजरअंदाज भी नहीं किया जाना चाहिए। यही वह बिंदु है जहां उपलब्धि के साथ आत्ममंथन जरूरी हो जाता है। मेरी नजर में इस एशियाड की सबसे बड़ी सकारात्मक बात - पदकों का फैलाव : इस बार भारत ने हॉकी, क्रिकेट, कबड्डी, तीरंदाजी, मुक्केबाजी, कुश्ती, निशानेबाजी, गोल्फ और एथलेटिक्स जैसे अनेक खेलों में अपनी ताकत दिखाई। महिला गोल्फ में प्रणवी उर्स का स्वर्ण, तीरंदाजी में कुमकुम मोहोद का स्वर्ण और विभिन्न टीम खेलों की सफलता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन मुझे सबसे अधिक आश्वस्त करता है। किसी भी देश की खेल शक्ति का वास्तविक आकलन केवल वर्तमान पदकों से नहीं, बल्कि इस बात से होता है कि उसके पास अगली पीढ़ी के कितने खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। कुमकुम जैसी युवा प्रतिभाएं मेरे लिए केवल आज का पदक नहीं हैं। वे 2032 और 2036 के भारत की संभावित ओलंपिक शक्ति का संकेत हैं।

हांगझोउ के 106 से 85 तक - सवाल कठिन है, लेकिन पूछना जरूरी है: हांगझोउ में भारत ने 106 पदक जीते थे और नागोया में 85। इस अंतर के कई कारण हो सकते हैं। हर संस्करण में खेलों और स्पर्धाओं की संरचना बदलती है, विभिन्न देशों की तैयारी अलग होती है और पदक की प्रतिस्पर्धा भी बदलती रहती है। फिर भी एक पूर्व खेल प्रशासक के रूप में मैं मानता हूं कि 22 पदकों का अंतर हमें कुछ कठिन सवाल पूछने के लिए बाध्य करता है। क्या हमारी पदक रणनीति अभी भी कुछ चुनिंदा खेलों पर बहुत अधिक निर्भर है? क्या हम अधिक पदक अवसर वाले खेलों में पर्याप्त निवेश कर रहे हैं? क्या जूनियर खिलाड़ियों को सीनियर स्तर तक पहुंचने के लिए पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिल रहा है? और क्या हमारे रजत तथा कांस्य पदकों को भविष्य में अधिक स्वर्ण में बदला जा सकता है? इन सवालों के जवाब किसी खिलाड़ी को दोषी ठहराने के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए खोजे जाने चाहिए।

भारत और एशिया की शीर्ष शक्तियां- अब अंतर कम करना होगा : चीन 341, जापान 269 और दक्षिण कोरिया 150 पदकों के साथ भारत से आगे रहे, जबकि भारत 85 पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। चौथा स्थान सम्मानजनक है, लेकिन मेरे विचार से भारत जैसे विशाल प्रतिभा आधार वाले देश के लिए यह अंतिम लक्ष्य नहीं हो सकता। दक्षिण कोरिया से 65 पदकों का अंतर हमें बताता है कि केवल कुछ खेलों में मजबूत होना पर्याप्त नहीं है। हमें ऐसे खेलों में भी दीर्घकालीन निवेश करना होगा जिनमें पदकों की संख्या अधिक है- जैसे तैराकी, जिम्नास्टिक्स, साइक्लिंग, रोइंग, फेंसिंग और अन्य तकनीकी खेल। मेरी स्पष्ट राय है कि अब 'टॉप-4 में बने रहना' लक्ष्य नहीं होना चाहिए। टॉप-3 में स्थायी स्थान बनाना भारत का रणनीतिक लक्ष्य होना चाहिए।

मेरा व्यक्तिगत निष्कर्ष : मैं इस एशियाड के परिणाम को न तो असफलता मानता हूं और न ही अंतिम सफलता। मेरे लिए यह एक महत्वपूर्ण संक्रमण-बिंदु है। एक ओर 85 पदक और चौथा स्थान भारतीय खेलों की बढ़ती ताकत का प्रमाण है। दूसरी ओर हांगझोउ के 106 से 85 तक आना और शीर्ष तीन एशियाई शक्तियों से हमारा अंतर यह बताता है कि हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। मुझे सबसे अधिक भरोसा हमारे खिलाड़ियों की क्षमता पर है। मेरी चिंता खिलाड़ियों की प्रतिभा को लेकर नहीं, बल्कि उस प्रतिभा के आसपास खड़ी व्यवस्था की निरंतरता को लेकर है। हमारे खिलाड़ियों को केवल यह कह देना पर्याप्त नहीं है कि 'और मेहनत करो'। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें बेहतर कोच, बेहतर प्रतियोगिता, बेहतर खेल-विज्ञान, बेहतर चिकित्सा सहायता, बेहतर मानसिक तैयारी और पारदर्शी खेल प्रशासन मिले। यदि हम यह कर सके, तो 85 पदकों को अगली बार 100 से आगे ले जाना असंभव लक्ष्य नहीं है। लेकिन मेरा बड़ा लक्ष्य केवल पदक संख्या नहीं है। मेरा लक्ष्य यह देखना है कि भारत ऐसी खेल व्यवस्था खड़ी करे जो हर एशियाड और हर ओलंपिक चक्र में नई प्रतिभाओं को तैयार करती रहे।

-लेखक पूर्व एवं प्रथम खेल आयुक्त, छत्तीसगढ़

पूर्वजों के प्रति आभार जताने के दिन



संकलित

दर्शन

श्राद्ध केवल एक अनुष्ठान नहीं है। यह पूरी श्रद्धा के साथ किया जाने वाला एक ऐसा कार्य है, जिसके द्वारा हम अपने जीवन में परिवार के मृत सदस्यों के योगदान को पहचानते हैं, स्वीकार करते हैं। इसके अलावा उन्हें याद करते हुए कृतज्ञता की भावना व्यक्त करते हैं। ऐसा करने पर निश्चित रूप से कुछ ऐसे कंपन उत्पन्न होते हैं, जो इस भौतिक संसार के दायरे से परे चले जाते हैं और इस अर्थ में दिवंगत आत्मा तक पहुंचते हैं। यदि आप कृतज्ञता और श्रद्धा की भावना महसूस किए बिना केवल अनुष्ठान करते हैं, तो उसका कोई अर्थ नहीं है। श्राद्ध हमारे उन पूर्वजों की याद में अच्छे कर्म करने का एक माध्यम है, जो अस्तित्व के इस भौतिक स्तर को पार कर चुके हैं। यह जीवित लोगों को याद कराता है, सब कुछ अनित्य है। हमारे प्राचीन ग्रंथ कहते हैं, 'यत पिंडे तत ब्रह्माण्डे'- 'जो इस शरीर में है, वही ब्रह्मांड में है।' कोई आत्मा अपने सांसारिक जगत से निकलती है, तो वह सार्वभौमिक चेतना में विलीन हो जाती है। यह एक निराकार और अगोचर क्षेत्र है। यह टीवी के विभिन्न चैनलों में ट्यूनिंग के कार्य के समान है। हम एक चैनल से संपर्क बनाते हैं, लेकिन उसी स्थान पर अन्य चैनलों की तरंगें भी मौजूद होती हैं, जिन्हें हम आवृत्ति बदलने पर प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार, हम अपने दिवंगत प्रियजनों की आत्मा की उपस्थिति को तब महसूस कर सकते हैं, जब हम उन्हें श्रद्धा के साथ याद करते हैं।

क्रोधी जीवनसाथी से रहें सावधान



संकलित

प्रेरणा

आचार्य चाणक्य ने हमेशा क्रोध करने वाली पत्नी से दूरी की बात कही है। उनके समय की सामाजिक व्यवस्था आज से अलग थी, इसलिए इस सीख को केवल महिलाओं तक सीमित करके देखना जरूरी नहीं है। इसका व्यापक अर्थ ऐसे जीवनसाथी से जुड़ा है, जिसके व्यवहार में लगातार क्रोध, झगड़ा और कटुता बनी रहे। पति-पत्नी के रिश्ते में सम्मान और संवाद का होना जरूरी है। हर बात पर गुस्सा और विवाद घर के माहौल को प्रभावित करता है। इसलिए रिश्ते में समस्या आने पर बातचीत, समझ और सुधार की कोशिश जरूरी है। चाणक्य की यह सीख बताती है कि केवल रिश्ते का नाम बनाए रखना ही पर्याप्त नहीं, उसके भीतर स्नेह और सम्मान भी होना चाहिए। चाणक्य कहते हैं कि रिश्ते सिर्फ नाम या खून के संबंध से नहीं निभते, उनमें अपनापन और स्नेह भी होना चाहिए। अगर कोई अपना ही व्यक्ति आपके सुख-दुख से कोई मतलब नहीं रखता और जरूरत के समय साथ खड़ा नहीं होता, तो ऐसे रिश्ते को केवल मजबूरी में ढोते रहने का कोई अर्थ नहीं है। लगातार उपेक्षा और स्वार्थ वाले संबंध मन को भीतर से परेशान करते हैं। ऐसे लोगों से हर समय उलझने के बजाय जरूरत के अनुसार, दूरी बनाना बेहतर है। चाणक्य की इस सीख का भाव रिश्ते तोड़ने से ज्यादा ऐसे संबंधों को पहचानने का है, जहां अपनापन खत्म हो चुका है और साथ केवल नाम भर का रह गया है।

अंतर्मन



आज की पाती

दशहरे पर आत्ममंथन की जरूरत

हर साल जब दशहरे की शाम को रावण के विशाल पुतले धू-धू कर जलते हैं, तो दर्शकों की आंखों में उत्सव का रोमांच दिखाई देता है। पटाखों की गड़गड़ाहट, आतिशबाज़ी की चमक और भीड़ का शोर इस पर्व को एक रंगीन उत्सव में बदल देता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस पूरे आयोजन का संदेश- बुराई पर अच्छाई की जीत- हमारे जीवन और समाज में कहीं उतर पाता है? आज दशहरा एक मनोरंजन का ट्रेंड बनकर रह गया है। लोग पुतले जलाते हैं, फोटो और वीडियो बनाते हैं, सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। लेकिन यह सोचने का समय शायद ही निकालते हैं कि यह रावण दहन केवल परंपरा निभाने के लिए नहीं, बल्कि हमें आत्ममंथन और सामाजिक सुधार का अवसर देने के लिए शुरू हुआ था।

संजय सिंह, रायपुर

ट्रेंड

अधिकारों की लड़ाई



देश भर में लोग अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं और अक्सर अकेले ही लड़ रहे हैं। जेन ज़ी, छात्र, किसान, आदिवासी, दलित, महिलाएँ-हर संघर्ष की अपनी कहानी है। लेकिन जो आवाज़ अकेले उठती है, वह अक्सर दबा दी जाती है।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

गठबंधन की जीत हो



जब नज़र मंज़िल पर टिकी हो, तो सफर आसान हो जाता है! अहम बात यह नहीं है कि गठबंधन को कितनी सीटें मिलती हैं या कौन सी सीट किसे मिलती है, अहम बात यह है कि हम सब यह पक्का करें कि जीत गठबंधन की ही हो।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

खिलाड़ियों का समर्थन



हमारे खिलाड़ियों ने एशियन गेम्स में मेडल टेबल पर चौथा स्थान हासिल किया। सभी को बधाई। हमें हर खेल में अपने खिलाड़ियों का समर्थन और हौसला बढ़ाना चाहिए। वे सच में इसके हकदार हैं।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

कानून का डर कम



पंजाब में न तो कानून का रुतबा बचा है और न ही अपराधियों में कानून का डर! एक ही दिन में एक इन्फ्लुएंसर और एक पूर्व सरपंच की हत्या बेहद चिंताजनक है। दिन-दहाड़े होने वाले अपराध इस बात का संकेत हैं कि अपराधियों के मन से कानून का डर कम होता जा रहा है।

- **सचिन पायलट,** पूर्व केंद्रीय मंत्री

करंट अफेयर

फेलोशिप पाने वाले पीएचडी के शोधार्थियों के लिए गाइडलाइन

दिल्ली के अंबेडकर विश्वविद्यालय ने फेलोशिप प्राप्त करने वाले पूर्णकालिक पीएचडी शोधार्थियों के लिए अपने दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। नए दिशानिर्देशों ने 31 जुलाई को जारी उस कार्यालय आदेश का स्थान लिया है, जिसके बाद छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया था।



विश्वविद्यालय की 31 जुलाई की अधिसूचना में फेलोशिप प्राप्त करने वाले पूर्णकालिक पीएचडी शोधार्थियों के लिए उपस्थिति संबंधी अनिवार्यता लागू की गई थी। इससे शोधार्थियों के बीच उनकी अकादमिक और शोध संबंधी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाए जाने को लेकर चिंता पैदा हुई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब कहा है कि 31 जुलाई की अधिसूचना को 30 सितंबर को जारी संशोधित कार्यालय आदेश से बदल दिया गया है। नए आदेश में शोधार्थियों को अधिक लचीलापन दिया गया है, हालांकि, उन्हें पाठ्यक्रम और सेमिनार में उपस्थित रहना होगा तथा अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के साथ अपने शोध कार्य में प्रगति बनाए रखनी होगी। प्रशासन ने कहा कि उपस्थिति का रिकॉर्ड शोध पर्यवेक्षक और कार्यक्रम समन्वयक रखेंगे तथा संबंधित स्कूल के डीन इसकी पुष्टि करेंगे। शोध पर्यवेक्षक, डीन के समग्र मार्गदर्शन में, शोधार्थी की संतोषजनक अकादमिक भागीदारी और उसके शोध कार्य में प्रगति सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार होंगे।

ऑफ बीट

विनिमय दर को बचाव तंत्र के रूप में काम करने दे भारत

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी के फैसले से वैश्विक वित्तीय स्थितियां सख्त होंगी। इसके साथ ही उसने भारत को सुझाव दिया कि वह विनिमय दर को बचाव तंत्र के रूप में काम करने दे। आईएमएफ के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि ऐतिहासिक रूप से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी ने पूंजी प्रवाह, वित्तपोषण की स्थितियों और विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के जरिए उभरते बाजारों के लिए कुछ दबाव पैदा किया है।



मुद्रास्फीति से निपटने के अपने प्रयासों के तहत फेडरल रिजर्व ने 17 सितंबर को जुलाई 2023 के बाद पहली बार ब्याज दरों में वृद्धि की और संकेत दिया कि आगे एक और बढ़ोतरी हो सकती है। प्रवक्ता ने कहा कि अन्य देशों की तरह भारत पर इसका प्रभाव सख्ती (दर वृद्धि) की गति और अवधि के साथ ही घरेलू आर्थिक स्थितियों पर निर्भर करेगा। आईएमएफ प्रवक्ता ने कहा, हालांकि, भारत इस दौर में मजबूती की स्थिति के साथ प्रवेश कर रहा है। मजबूत वृद्धि की रफ्तार, एक भरोसेमंद मुद्रास्फीति-लक्षित ढांचा, पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और कंपनियों तथा वित्तीय क्षेत्र के मजबूत बही-खातों ने भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को बढ़ाया है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ केरलम में विजिलेंस जांच के आदेश

तत्कालीन पीडब्ल्यूडी सचिव पर अनियमितताओं के आरोप

2006 में मलेशियाई इंजीनियर का सुसाइड मामला खुला, बढ़ सकती हैं ज्ञानेश कुमार की मुश्किलें

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरलम के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के केरल में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सचिव रहने के दौरान कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले में विजिलेंस जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला वर्ष 2006 में मलेशियाई सिविल इंजीनियर ली सी बीन की आत्महत्या से भी जुड़ा है। गृह मंत्री के अनुसार शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उस समय हुई जांच बाहरी प्रभाव के कारण प्रभावित हुई थी। ली सी बीन इंडो-मलेशियाई संयुक्त उद्यम पीएटीआई-बेल कंसोर्टियम से जुड़े थे। यह कंसोर्टियम



केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (केएसटीपी) के तहत तिरुवनंतपुरम और अंगमाली को जोड़ने वाले एमसी रोड के उन्नयन का काम कर रहा था। शिकायत के मुताबिक सड़क परियोजना के भुगतान जारी करने के बदले तत्कालीन पीडब्ल्यूडी सचिव ज्ञानेश कुमार पर रिश्वत मांगने के आरोप लगाए गए थे। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। जांच का आदेश कांग्रेस नेता मलयालमकीझु वेणुगोपाल की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब कांग्रेस, अन्य विपक्षी दल और युवा संगठन कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) पूरे भारत में मतदाता सूचियों के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

पुरानी जांच पर भी उठे सवाल

शिकायत में दावा किया गया है कि वर्ष 2006 में शुरू हुई विजिलेंस जांच आगे नहीं बढ़ सकी और बाद में बंद कर दी गई। इंजीनियर के कथित सुसाइड नोट में भी ज्ञानेश कुमार का नाम होने की बात कही गई है। चेन्निथला ने कहा कि जांच राजनीतिक बदले की भावना से नहीं कराई जा रही है। विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन ब्यूरो आरोपों और जांच में कथित बाहरी हस्तक्षेप की पड़ताल करेगा।

खुफिया जानकारी पाकिस्तान पहुंचाने का आरोप, रिटायर्ड जवान समेत दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम में सेना की गतिविधियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान तक पहुंचाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों में सेना का एक रिटायर्ड जवान भी शामिल है, जो दोबारा अनुबंध के आधार पर सेना में काम कर रहा था। केंद्रीय एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर असम पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वे पाकिस्तान के संपर्क में थे और सेना की आवाजाही से जुड़ी जानकारी साझा कर रहे थे। सरमा ने कहा कि दोनों को केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा जाएगा।

हनीट्रैप में फंसाकर जानकारी लेने की आशंका

मुख्यमंत्री ने बताया कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक, दोनों को हनीट्रैप के जरिए अपने जाल में फंसाया गया था। इसके बाद उनसे संवेदनशील जानकारी हासिल की जा रही थी। हालांकि, यह शुरुआती जानकारी है और मामले की जांच जारी है। मुख्यमंत्री ने जासूसी के आरोपों से जुड़े सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।

बिहार के रहने वाले अभिषेक कुमार गिरफ्तार

इससे पहले असम पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने रविवार को बिहार के रहने वाले अभिषेक कुमार सिंह को गिरफ्तार करने की जानकारी दी थी। पुलिस के मुताबिक, 31 वर्षीय अभिषेक गुवाहाटी में किराए के मकान में रह रहा था। वह बिहार के पूर्वी चंपारण जिले का रहने वाला है। उस पर जासूसी से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने और पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को सुरक्षा बलों से संबंधित गोपनीय जानकारी देने का आरोप है।

खबर संक्षेप

भारत की मदद से कंबोडिया बारूदी सुरंग से मुक्त

नोमपेन्ह। कंबोडिया के कोह कोंग प्रांत में भारत समर्थित परियोजना के तहत करीब 1,98,000 वर्ग



मीटर भूमि से बारूदी सुरंगें साफ कर स्थानीय समुदाय को सौंप दी गईं। इससे काओ पाओ गांव के करीब 134 परिवारों को फायदा होगा। भारतीय दूतावास की उप प्रमुख तनु प्रिया और कंबोडियाई अधिकारी मौके पर मौजूद थे। दशकों के संघर्ष के कारण देश के बड़े हिस्से में अब भी बारूदी सुरंगें हैं। इस मौके पर नोम पेन्ह स्थित भारतीय दूतावास की मिशन की उप प्रमुख तनु प्रिया और कंबोडिया के अधिकारी मौजूद थे।

भारत को सलाहः विनिमय दर को बचाव तंत्र बनने दें

वाशिंगटन। आईएमएफ ने कहा है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के दरें बढ़ाने से वैश्विक वित्तीय स्थितियां



सख्त होंगी। उसने भारत को सलाह दी कि वह विनिमय दर को बचाव तंत्र के रूप में काम करने दे। फेड ने 17 सितंबर को जुलाई 2023 के बाद पहली बार दरें बढ़ाईं और एक और बढ़ोतरी का संकेत दिया। प्रवक्ता के मुताबिक मजबूत वृद्धि, भरोसेमंद मुद्रास्फीति ढांचे और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार से भारत मजबूत स्थिति में है। आईएमएफ प्रवक्ता ने कहा,हालांकि, भारत इस दौर में मजबूती की स्थिति के साथ प्रवेश कर रहा है।

अमेरिका प्रत्यर्पण का विरोध कर रहे भारतीय दंपती

लंदन। भारतीय मूल के ब्रिटिश कारोबारी सुखी घुम्मण (48) और उनकी पूर्व पत्नी किरनजीत (48)



अमेरिका प्रत्यर्पण का विरोध कर रहे हैं। उन पर अमेरिका में अनुमोदन-रहित कैंसर दवाओं के जरिये मेडिकेयर समेत स्वास्थ्य योजनाओं से लाखों डॉलर की धोखाधड़ी का आरोप है। दोनों ने आरोप नकारे हैं। वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में सुनवाई हुई। उन पर दवा तस्करी का भी एक आरोप है। कैलिफोर्निया और एरिजोना में उनके नियंत्रण वाले कैंसर उपचार केंद्रों में इन दवाओं का मरीजों पर इस्तेमाल किया गया।

गुजरात पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर लूट पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई

कुछ ही घंटे में लुटेरे अरेस्ट 4 करोड़ का सोना बरामद

चार लुटेरों से 2 किलो 900 ग्राम सोना किया जब्त

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात पुलिस ने ज्वैलर के कर्मचारी से कीमती सामान चोरी होने की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की। घटना के कुछ घंटे में ही पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया और 4 करोड़ कीमत का 2 किलो 900 ग्राम सोना बरामद किया। यह सोना खेड़ा जिले के एक रेलवे स्टेशन से चुराया गया था। पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम हुई लूट के कुछ ही घंटों बाद अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस और रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीमों ने संदिग्धों को विरमगाम के पास पकड़ लिया। आरोप है कि लुटेरों के एक गिरोह ने एक ज्वैलर के कर्मचारी से कीमती सामान छीन लिया।



इस तरह पकड़े गए शातिर

अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस ने गाड़ी के रजिस्ट्रेशन की जानकारी और मोबाइल फोन सब्सक्राइबर डिटेल रिकॉर्ड डेटा के आधार पर भागने के संभावित रास्तों का पता लगाया। संदिग्धों के बनासकांठा जाने का संकेत मिला। पुलिस ने अहमदाबाद जिले के विरमगाम के पास संदिग्ध कार का पता लगाया और पाया कि बिना नंबर वाली एक गाड़ी जा रही थी। पुलिस की टीमों ने बिना नंबर वाली गाड़ी को रोकने के लिए ट्रक से नाकाबंदी की और मौके पर ही एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया।

पीड़ित ने पुलिस को दी गाड़ी की जानकारी

यह कर्मचारी कोलकाता से सोना लेकर नडियाद रेलवे स्टेशन पहुंचा था। बताया जा रहा कि चोरी के बाद पीड़ित ने आरोपियों का पीछा किया और उनकी गाड़ी की तस्वीर लेने में कामयाब रहा। इसके बाद उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी। खेड़ा सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और तुरंत राज्य कंट्रोल रूम को संदिग्ध कार और उसमें सवार लोगों के बारे में जानकारी दी।

इंस्पेक्टर को 500 मीटर घसीटा

पुलिस को देखते ही संदिग्धों ने कार गढ़वी की पुलिस गाड़ी से टकरा दी और पीछे से भागने की कोशिश की। गढ़वी ने चलती कार का दरवाजा पकड़कर कार के अंदर पहुंचने, हैंडब्रेक खींचने और गाड़ी को रोकने में कामयाब रहे। इस दौरान उन्हें लगभग 500 मीटर तक घसीटा गया। पुलिस के दूसरे कर्मचारियों ने तुरंत कार अपने कब्जे में लिया और उसमें सवार लोगों को गिरफ्तार किया। एक और संदिग्ध, जो पास के खेतों से भागने की कोशिश कर रहा था, उसे भी दबोच लिया।

आपसी विवाद का खौफनाक अंत

बेल्ट से गला घोंटकर पति की हत्या, पत्नी अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ कोल्लम



केरलम के कुंडारा के पास अपने घर में पति की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में 48 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लेखा मैरी ने कथित तौर पर वेल्लिमोन के चेरुमूडु स्थित अपने घर में अपने पति 53 वर्षीय राजू एडवर्ड के गले में बेल्ट कसकर उसकी हत्या कर दी। कुंडारा थाने के अधिकारियों के अनुसार, मैरी ने शुरू में घटना को इस तरह पेश करने की कोशिश की कि उसके पति अचानक घर में गिर पड़े थे।अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसियों ने उसे अस्पताल पहुंचाने में मदद की, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि, रिश्तेदारों ने मौत को लेकर संदेह जताया, जिसके बाद पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू की। पुलिस ने शुरुआत में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।

संपत्ति को लेकर रोज होते थे झगड़े

पुलिस ने बताया कि बाद में पोस्टमार्टम जांच में सामने आया कि राजू की मौत दम घुटने के कारण हुई थी।अधिकारियों ने बताया कि मैरी को हिरासत में लिया गया और पूछताछ के दौरान उसने कथित तौर पर अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने कहा कि परिवार और वित्तीय मामलों को लेकर अक्सर होने वाले झगड़ों, जिनमें संपत्ति विवाद भी शामिल थे, के कारण कथित तौर पर यह हत्या हुई। की अत्यधिक खुराक दी गई थी। पुलिस ने बताया कि उसके विसरा को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस यह पता लगाने के लिए जांच कर रही है कि क्या मैरी को अपने पति की हत्या करने में किसी और से मदद मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि कुंडारा पुलिस ने मैरी को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया है और मामले के साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

वीडियो वायरल होने पर हंगामा, टीचर पर एक्शन

कोचिंग सेंटर में छात्र की पिटाई पर मचा बवाल

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के जयपुर जिले में कलाम कोचिंग संस्थान की कक्षा में शिक्षक के छात्र की कथित पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद छात्रों और अभिभावकों ने संस्थान के बाहर प्रदर्शन किया। पुलिस के अनुसार, घटना गोपालपुरा बाईपास स्थित रिद्धि-सिद्धि चौराहे के पास कोचिंग संस्थान में हुई। वीडियो सामने आने के बाद बड़ी संख्या में छात्र और अभिभावक युवा नेता मनोज मीणा के नेतृत्व में कोचिंग के बाहर एकत्र हुए और आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान करीब एक घंटे तक मौके पर तनाव की स्थिति बनी रही।

पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग

प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाया और कुछ छात्रों को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार, घटना दो अक्टूबर के दिन कक्षा में हुई। उस दौरान कक्षा में महात्मा गांधी के त्याग और बलिदान से जुड़ी चर्चा चल रही थी। इसी बीच एक छात्र ने कथित तौर पर मजाकिया अंदाज में एक पर्ची लिखकर भेजी। पर्ची में 'कोचिंग परिवार आपका बलिदान मांग रहा है' जैसी टिप्पणी लिखी थी।

अवैध हथियारों के नेटवर्क का भंडाफोड़

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने अमृतसर में अवैध हथियार और विस्फोटक की आपूर्ति करने वाले एक नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तरन तारन के एक व्यक्ति के पास से एक एके-47 असॉल्ट राइफल और दो हथगोले बरामद किए हैं।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपी की पहचान तरन तारन जिले के चीमा निवासी ट्रक चालक नवजोत सिंह (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से एके-47 की मैगजीन और नौ कारतूस भी बरामद किए हैं। इसके अलावा, खेप पहुंचाने के लिए इस्तेमाल की जा रही उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी कथित तौर पर विदेश में बैठे तस्करों के संपर्क में था और अवैध हथियार हासिल करने में शामिल है।

श्रद्धालुओं से सतर्क रहने की अपील

पं. शास्त्री बोलेः धाम में आने वाली महिलाएं अकेले न आएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

बागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने विशेष अपील की है। शनिवार रात दिव्य दरबार के दौरान उन्होंने माताओं-बहनों से कहा कि वे धाम में अकेले आने से बचें। यदि अकेले आना पड़े तो किसी अनजान व्यक्ति या सेवादार पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। शास्त्री ने श्रद्धालुओं से सतर्क और सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ कहीं न जाएं और धाम में अनावश्यक रूप से लंबे समय तक न ठहरें। बागेश्वर धाम का क्षेत्र करीब पांच किलोमीटर में फैला है। मंदिर परिसर और हॉल की व्यवस्था एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी धाम प्रबंधन की है, लेकिन पूरे क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना संभव नहीं है। उन्होंने मंदिर परिसर और निर्धारित हॉल के अलावा किसी अनजान जगह पर जाने से बचने की सलाह दी।



सेवादार पर आंख मूंदकर भरोसा न करें

गवर्नर की रेस में पिछड़ गए रामास्वामी भारतीय वोटर्स करेंगे किस्मत का फैसला

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय मूल के कारोबारी विवेक रामास्वामी अमेरिका के ओहायो राज्य से गवर्नर पद की रेस में हैं। देश में 3 नवंबर को मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं और विवेक रामास्वामी पर सबकी नजर है। उनका मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी की दिग्गज उम्मीदवार डॉ. एमी एक्टन से है, जिन्हें ओपिनियन पोल्स में भारी बढ़त मिलती दिख रही है। विवेक रामास्वामी ने 2024 में अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनाव के दौरान रिपब्लिकन पार्टी से अपनी दावेदारी पेश किया था लेकिन बाद में उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को समर्थन दे दिया था। पोल के आधार पर विवेक रामास्वामी कम से कम 8-9 प्रतिशत



वोटों के साथ पीछे चल रहे हैं। इसलिए उनका राह धीरे धीरे और मुश्किल होता जा रहा है। एनालिस्ट का मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप को लेकर अमेरिका में जैसे जैसे गुस्सा बढ़ता जा रहा है उसी तरह विवेक रामास्वामी का समर्थन भी घटता जा रहा है। जैसे अगस्त से सितंबर तक रामास्वामी का समर्थन 47 प्रतिशत से 41 प्रतिशत तक आ गया है।

रामास्वामी के हार की संभावना

सितंबर 2026 के अंत में सट्टा बाजार के अनुमानों में विवेक रामास्वानी बुरी तरह से हारते हुए दिख रहे हैं। प्रेडिक्शन मार्केट में एमी एक्टन की जीत की संभावना 58% जताई गई है जबकि विवेक रामास्वामी की जीत की संभावना 41% बताई गई है। हालांकि दिलचस्प बात यह है कि पोल में जब लोगों से यह पूछा गया कि 'पसंद के बावजूद आपको क्या लगता है कि कौन जीतेगा?', तब 62% लोगों का मानना था कि विवेक रामास्वामी जीतेंगे जबकि सिर्फ 36% लोगों ने एक्टन की जीत की बात कही।

हवाई ताकतः मिराज मुख्य, जगुआर दूसरा विकल्प

भारत के पास करीब 190 परमाणु वॉरहेड

जमीनः मिसाइलों से हमला करने में सक्षम

समुद्रः पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली मिसाइलें

जमीन, हवा और समुद्र से दुश्मन के घर हमले की क्षमता वाला न्यूक्लियर ट्रायड है तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशी वैज्ञानिकों का अनुमान है कि भारत के पास लगभग 190 परमाणु बम हैं और वह इन्हें ले जाने वाले सिस्टम को लगातार आधुनिक बना रहा है। बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत नो फर्स्ट यूज की नीति पर कायम है।

हंस एम. क्रिस्टेंसन, मैट कोर्डा, एलियाना जॉन्स और मैकेंजी नाइट-बॉयल की लिखी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बम तभी कारगर हैं, जब उन्हें दुश्मन के इलाके में अंदर तक,



अपनी मर्जी से और सही निशाने पर गिराया जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास आज कई तरह के एयरक्राफ्ट, जमीन से दागी जाने वाली मिसाइलें और समुद्र आधारित सिस्टम हैं। ये मिलकर पूरी तरह काम करने वाला न्यूक्लियर ट्रायड बनाते हैं, यानी जमीन, हवा और समुद्र से परमाणु हमला करने की क्षमता। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के पास दो तरह के विमान हैं, जिनके परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम होने का अनुमान है।

फ्रांस से खरीदे और समय के साथ अपग्रेड किए गए मिराज 2000 लड़ाकू विमान परमाणु हमले के लिए मुख्य एयरक्राफ्ट बने हुए हैं। ब्रिटेन और फ्रांस के साझा डिजाइन वाले जगुआर स्ट्राइक विमान, जो दशकों पहले वायुसेना में शामिल हुए थे, दूसरा विकल्प माने जाते हैं।

अमेरिका, चीन और पाक से तुलना

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की हवाई परमाणु क्षमता अमेरिका से अलग है। अमेरिका के पास बी-2 और बी-21 स्टील्थ बॉम्बर के साथ एडवांस्ड फाइटर जेट भी हैं। चीन एच-6 सीरीज जैसे बॉम्बर पर निर्भर है और नई लंबी दूरी की प्रणालियां विकसित कर रहा है। पाकिस्तान की क्षमता मुख्य रूप से फाइटर जेट और बढ़ती मिसाइल ताकत पर टिकी है। वहीं भारत ने संघर्ष की स्थिति में भी सुरक्षित रहने के लिए विमानों, जमीन से मार करने वाली मिसाइलों और पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली मिसाइलों का संतुलित मिश्रण तैयार किया है।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) - 492002
Helpline No.- 0771-2972780, Website- https://cgssb.cgstate.gov.in

क्रमांक/एस.एस.बी./परीक्षा/ 2026 / 4045 — नवा रायपुर, दिनांक 04/10/26

संक्षिप्त विज्ञापन

समूह – 2 तृतीय श्रेणी (स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर) का उप समूह – 02

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल अधिनियम 2026 के तहत सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना दिनांक 09 सितम्बर 2026 एवं 14 सितम्बर 2026 द्वारा निर्धारित समूह-2 का उप समूह - 02 के अंतर्गत निम्नलिखित पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 10/01/2027 को आयोजित की जाएगी। इस हेतु ऑनलाइन आवेदन मण्डल के पोर्टल https://cgssb.cgstate.gov.in में आमंत्रित किए जाएंगे -

क्र.	पद का नाम	संख्या	क्र.	पद का नाम	संख्या
1.	शीघ्रलेखक (हिन्दी)	30	7.	डाटा एंट्री ऑपरेटर	25
2.	शीघ्रलेखक (अंग्रेजी)	03	8.	स्टेनो टायपिस्ट	23
3.	शीघ्रलेखक (द्विभाषी)	13	9.	सहायक ग्रेड 3	1206
4.	शीघ्रलेखक वर्ग 3 (द्विभाषी)	05	10.	पंजीयन लिपिक	50
5.	स्टेनोग्राफर ग्रेड 3 (हिन्दी)	02	11.	सहायक उप निरीक्षक — अ (सामान्य शाखा)	40
6.	उप निरीक्षक- अ (शीघ्र लेखक) (सामान्य शाखा) (हिन्दी)	34	12.	सहायक उप निरीक्षक - अ (जिला इकाई संवर्ग)	279

(I) पदों से संबंधित नियम एवं शर्तें, पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की विधि, परीक्षा संचालन संबंधी निर्देश के लिए मण्डल की वेबसाइट https://cgssb.cgstate.gov.in में विस्तृत विज्ञापन पृथक से अपलोड की जावेगी ।
(II) उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिये जारी चयन सूची माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस. एल.पी (सी) क्रमांक 19668 / 2022 के अंतिम आदेश के अध्याधीन होगी।

परीक्षा नियंत्रक
छ.ग. कर्मचारी चयन मण्डल नवा रायपुर

S-49279/3

खबर संक्षेप

सिर पर बत्ते से वार कर हत्या, आरोपी को उम्रकैद

कुरूद। मड़ेली में विवाद के दौरान युवक के सिर पर लकड़ी के बत्ते से जानलेवा वार कर उसकी हत्या करने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बिरेझर चौकी पुलिस की साक्ष्य आधारित विवेचना और अभियोजन पक्ष के पुख्ता तर्कों के आधार पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुरुद ने आरोपी चेतन साहू (26) को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) के तहत दोषसिद्ध करते हुए सश्रम आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया। घटना 15 मार्च 2025 की है। ग्राम मड़ेली के भाठापारा गौठान के पास विवाद के दौरान आरोपी चेतन साहू पिता बाहराराम साहू ने गजेन्द्र साहू उर्फ बिट्टू के सिर पर लकड़ी के बत्ते से हमला कर दिया था। सिर में गंभीर चोट लगने के बाद गजेन्द्र को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में कुरुद थाना की बिरेझर चौकी में अपराध दर्ज किया गया था।

बिजली चोरी करने वाले 18 पर एफआईआर

नवापारा-राजिम। बकाया बिजली बिल का भुगतान न करने पर स्मार्ट मीटर ऑनलाइन डिस्कनेक्ट होने के बावजूद मीटर व विद्युत व्यवस्था से छेड़छाड़ कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना उपभोक्ताओं को महंगा पड़ गया है। नवापारा-राजिम विद्युत संभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 उपभोक्ताओं के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है, साथ ही विशेष न्यायालय में मुकदमा भी दायर कर दिया है। विद्युत विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र में बकाया बिल के कारण ऑनलाइन डिस्कनेक्ट किए गए स्मार्ट मीटरों की जांच के लिए सघन अभियान चलाया गया था। विभागीय टीम ने कुल 149 कनेक्शनों का निरीक्षण किया। इनमें से 131 कनेक्शन तो सही पाए गए, लेकिन 18 स्थानों पर मीटर से छेड़छाड़ कर अवैध रूप से बिजली का इस्तेमाल होता पाया गया। विभाग ने इसे केवल बकाया बिल का मामला न मानकर सीधे 'बिजली चोरी' की श्रेणी में रखा है।

50 ग्रामीणों ने 5 घंटे में बना दी पुलिया, 15 साल से पक्के पुल का इंतजार

- श्रमदान से बैजागी नाले पर तैयार किया अस्थायी रास्ता, ग्रामीणों की मांग पर जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे थे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कहते हैं कि जहां चाह होती है, वहां राह निकल ही आती है। इस कहावत को ग्राम खपरी के ग्रामीणों ने चरितार्थ कर दिखाया है। जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम खपरी के ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के भरोसे बैठने के बजाय खुद ही समस्या का समाधान निकाल लिया।

महामाया मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्थित बैजागी नाले में ग्रामीणों ने श्रमदान कर महज 5 घंटे में अस्थायी पुलिया तैयार कर दी। इससे नवरात्रि में मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और खेतों तक जाने वाले किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्राम खपरी से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर बैजागी नाला स्थित है। इसी मार्ग से होकर श्रद्धालु महामाया मंदिर पहुंचते हैं। हर वर्ष क्वांर नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि के दौरान मंदिर में दीप प्रज्वलित किया जाता है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। लेकिन नाले में तीन फीट से अधिक गहरा पानी बहने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को इसे पार करने में काफी परेशानी होती थी। यही रास्ता किसानों के खेतों तक पहुंचने का मुख्य मार्ग भी है। ऐसे में किसानों को भी आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

15 साल से लगाते रहे गुहार, हर बार मिला आश्वासन

ग्रामीणों के अनुसार, बैजागी नाले पर पक्के पुल के निर्माण की मांग पिछले 15 वर्षों से की जा रही है। इस दौरान जनपद और जिला स्तर के जनप्रतिनिधियों से लेकर विधायक और सांसद प्रतिनिधियों तक कई बार आवेदन सौंपे गए। हर साल पुल निर्माण की मांग उठाई गई, लेकिन ग्रामीणों को केवल आश्वासन ही मिला। वर्षों बीत जाने के बाद भी नाले पर पक्के पुल का निर्माण नहीं हो सका। आखिरकार ग्रामीणों ने इंतजार छोड़कर खुद ही रास्ता बनाने का निर्णय लिया।

घरों से बोरी लाए, मिट्टी और रेत भरकर बना दी पुलिया



ग्रामीणों ने एकजुट होकर श्रमदान की मिसाल पेश की। रविवार सुबह से ही 50 से अधिक ग्रामीण पुलिया निर्माण के काम में जुट गए। सभी अपने-अपने घरों से खाली प्लास्टिक की बोरियां लेकर पहुंचे। इन बोरियों में मिट्टी और रेत भरकर उन्हें एक के ऊपर एक व्यवस्थित तरीके से जमाया गया। करीब पांच घंटे तक लगातार मेहनत करने के बाद नाले पर अस्थायी पुलिया तैयार हो गई। पुलिया बनकर तैयार होते ही ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वर्षों से चली आ रही समस्या का अस्थायी समाधान मिलने पर ग्रामीणों ने जय महामाया के जयकारे लगाए। ग्रामीणों के इस सामूहिक प्रयास की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। ग्रामीणों की इस पहल ने जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब 50 ग्रामीण एकजुट होकर महज पांच घंटे में आवागमन के लिए अस्थायी रास्ता तैयार कर सकते हैं, तो फिर 15 वर्षों में नाले पर एक पक्का पुल क्यों नहीं बन सका? ग्रामीणों का यह प्रयास व्यवस्था के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा करता है।

अगली नवरात्रि से पहले पक्के पुल के निर्माण की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अगले वर्ष नवरात्रि से पहले बैजागी नाले पर पक्के पुल का निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि हर साल अस्थायी व्यवस्था करने की मजबूरी से छुटकारा मिलना चाहिए। स्थायी पुल बनने से श्रद्धालुओं को मंदिर पहुंचने में सुविधा होगी और किसानों को भी सालभर अपने खेतों तक आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि इस बार उनकी वर्षों पुरानी मांग पर प्रशासन गंभीरता से पहल करेगा।

अलग-अलग हादसों में पांच की मौत एक बच्चे सहित तीन की हालत गंभीर

राजनांदगांव में बर्थ डे मनाने जा रहे पांच युवकों की कार पुलिया से टकरा गई, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। दो घायल युवकों का इलाज जारी है। युवक भिलाई से राजनांदगांव जा रहे थे। दूसरे मामले में बालोद जिले में खड़े ट्रक से बाइक के टकराने से पिता- पुत्र की जान चली गई। एक मासूम जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। परिवार दशगात्र में शामिल होकर बाइक से घर आ रहा था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे पर सोमनी थाना क्षेत्र के टेडेसरा के पास बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जन्मदिन मनाने के बाद ढाबे में खाना खाने जा रहे पांच दोस्तों की स्विफ्ट डिजायर कार अचानक अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं एक की अस्पताल में मौत हुई। हादसे में एक युवक घायल हो गया, जबकि एक अन्य को सामान्य चोट आई है।

पुलिस के अनुसार बीती रात दुर्ग क्षेत्र के निवासी पांच युवक जन्मदिन मना कर दुर्ग की ओर से राजनांदगांव की ओर स्विफ्ट डिजायर कार में सवार होकर खाना खाने ढाबा आ रहे थे। बताया गया कि उक्त कार जैसे ही सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत टेडेसरा नेशनल हाईवे के पास पहुंची ही थी कि कार अचानक अनियंत्रित हो गई और तेज गति में हाईवे के पुलिया से जा टकराई।



हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त

बताया जा रहा है कि दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार की पुल से टकराते ही कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। वही घटना के बाद आस पास से गुजर रहे लोगों में हड़कंप मच गया था। सोमनी पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि कार अनियंत्रित होने के पीछे तेज रफ्तार, चालक की लापरवाही या कोई अन्य वजह थी। इस दर्दनाक घटना से मृतकों के परिवार और परिचितों में शोक का माहौल है। जन्मदिन की खुशियां कुछ ही पलों में मातम में बदल गईं।

एक युवक घायल

रात लगभग डेढ़ बजे हुए घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कार में पांच लोग सवार थे, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कालेज पेण्ड्री ले जाया गया। उक्त दर्दनाक घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक की उपचार के दौरान मौत हुई। मृतकों में अभिषेक सिंह, पोषण तिवारी एवं प्रशांत दोषे आदित्य नगर दुर्ग निवासी थे। दुर्घटना में एक युवक घायल है वही एक सामान्य बताया गया है।

बालोद में खड़े ट्रक में जा घुसी बाइक, पिता और मासूम की मौत

बालोद। जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता और पुत्र की मौत हो गई, जबकि दूसरा बच्चा जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। रविवार को देर शाम सनौद थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े ट्रक से एक अनियंत्रित बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिता और उनके 12 वर्षीय बेटे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 8 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कजराबांधा के डागेश्वर साहू (34) अपने दो बेटों ओशांत साहू (12) और अनुराग साहू (8) के साथ पितृ श्राद्ध मिलन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद देर शाम तीनों दोपहिया वाहन से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान सनौद थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़े ट्रक से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर दूर जा गिरे। डागेश्वर साहू और उनके 12 वर्षीय बेटे ओशांत साहू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं 8 वर्षीय अनुराग गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर सनौद थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल अनुराग को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

बहू ने सास को कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाया

बिलासपुर। मोबाइल में बात करने से मना करने पर बहू ने सास को कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिला दिया। पुलिस मामले में बहू के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, गंगानगर निवासी रूखमणी ठाकुर उर्फ भूखिन ठाकुर पति राजकुमार ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाई। मार्च 2026 में कविता ठाकुर उनके घर में बहू बनकर आई थी। यहां आने के बाद उसकी बहू हमेशा मोबाइल में किसी से बात करती थी। उन्होंने यह बात अपने पति राजकुमार ठाकुर को बताई। 10 जुलाई को ससुर राजकुमार ने बहू से मोबाइल लेकर अपने पास रख लिया। उसके बाद बहू अपनी सास से नाराज रहने लगी। दोनों के बीच विवाद और गाली गलौज होती थी। पीड़िता रूखमणी ठाकुर ने आरोप लगाया है कि 17 जुलाई को वे उपवास थीं। सुबह 11 बजे काम से घर लौटीं।

- मोबाइल में बात करने से मना करने से हुई नाराज

उच्चाधिकारियों से करेंगे शिकायत

पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बहू कविता के खिलाफ बीएनएस की धारा 118, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। परिजन ने आरोप लगाया है कि मामले में साधारण धारा लगाकर खानापूर्ति की गई है। हत्या के प्रयास का मामला दर्ज नहीं किया गया है। मामले की उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

जेवर व नकद लेकर भागने का आरोप

पीड़िता श्रीमती ठाकुर ने आरोप लगाया है कि उनके अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उनकी बहू घर से सोने चांदी के जेवर व 3.50 लाख रुपए लेकर अपने मायके मुंगेली ग्राम टिंगीपुर चमारी चली गई है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

Wanted- Required teachers for Physics, Chemistry, Biology, Commerce, History, Sociology, Political-Science and Economics. Candidate must be PG with B.Ed English Medium. Principal, Glorious School, Krishna Nagar Near Santoshi Nagar, Raipur. 8226078877, 7987357145.(आरो-213)

अकाउंट/कम्प्युटर

आवश्यकता है- हार्डवेयर दुकान और गोदाम में काम के लिए लड़के चाहिए। अकाउंट, कम्प्युटर और सेल्स वाले भी संपर्क करें। सैलरी 14,000 से शुरू। जगह नहरपारा बॉम्बे मार्केट, राज टॉकीज के सामने। कॉल करें- 9302702087. (आरो-4185)

सेल्स कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान मे सेल्स काम करने हेतु अनुभवी लड़के व लड़कियो की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करे:- कलर्स शाप कटोरा तालाब रायपुर Mob. 9827873174. (आरो-220)

हरिभूमि क्लासीफाईड

घरेलू स्टॉफ

आवश्यकता है- वीआईपी चौक, तेलीबांधा में घर की साफ़-सफाई हेतु अनुभवी घरेलू स्टाफ (पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 930059300.(आरो-112)

सेल्स/मार्केटिंग

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़, ओड़शिा में सेल्स/मार्केटि हेतु फ्रेशर्स की आवश्यकता है. ट्रेक्टर एक्सेसरीज में कार्य करनेवाले व्यक्ति कमीशन पे काम के लिए सम्पर्क करे फ़ोन 9977454909 . समय सुबह 9 से शाम 7 (आरो-26435)

हेल्पर/वेटर

आवश्यकता है- रेस्टोरेंट कैफे में काम करने के लिये हेल्पर एवं वेटर की आवश्यकता है. टेक ए ब्रेक कैफे, लोकेशन कुम्हारी . 8982228900.(आरो-398)

ड्रायवर

आवश्यकता है- घर में कार चलाने हेतु ड्रायवर की आवश्यकता है, वेतन ड्रायवर 16000 संपर्क:- न्यु शांति नगर, रायपुर (छ.ग.) मों:- 7646843870.(आरो-217)

ड्रायवर/गार्ड

आवश्यकता है- भाटागांव, रायपुर मे ड्राइवर, गार्ड और अन्य काम हेतु 10वीं 25/30 वर्षीय युवक की। रहने / पकाने / खाने हेतु सुविधा। वेतन योग्यतानुसार। शराब के आदी क्षमा करें। संपर्क: 7415213236, 7974100341.(आरो-218)

केयर टेकर

आवश्यकता है- विकलांग युवक के देखभाल हेतु होनहार कामकाजी युवक की आवश्यकता है, रहना खाना फ्री वेतन योग्यतानुसार। संपर्क नंबर-7354988225 एड्रेस.... होटल ए डी टॉवर सिद्धार्थ चौक टिकरापारा रायपुर (आरो-223)

ऑफिस स्टॉफ

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसर कॉल / मेसेज 7999847673 समय 12 से 5 तक (आरो-342)

आवश्यकता है- रायपुर स्थित इलेक्ट्रॉनिक कंपनी में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है, सैलरी 10 से 25 हजार उम्र 18 से 35 वर्ष रहना फ्री सम्पर्क:- रायपुर (छ.ग.) 9993929100, 9827622050. (आरो-222)

Property प्रापर्टी

जमीन

बेचना है- कांकेर माकड़ी (कांकेर - रायपुर रोड) नया माकड़ी होटल पंजाबी ढाबा से लगभग 300 मीटर कि दूरी पर मेन रोड किनारे 1 एकड़ 15 डिसमिल जमीन बिक्री हेतु उपलब्ध। खरीदार संपर्क करें - 8770236792. (आरो-om)

हरिभूमि

प्लाट

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर सकरी मेन रोड से दो कदम दूर पूर्ण विकसित कॉलोनी में सीसी रोड नाली, पानी, बिजली, सर्व सुविधायुक्त सहित नॉर्थ फेसिंग प्लॉट 100×50= 5000 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268. (आरो-41750)

For Rent किराया

किराये से देना है - शहर के मध्य फरिस्ता कॉम्प्लेक्स के पास एक होटल "गोल्डी होटल" किराए से देना है, संपर्क करे हरमीत सिंह मथारू भामरा, मोबाइल - 9754355587. (आरो-309)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - वसुधा फाइनेंस कंपनी समस्त प्रकार के लोन कृषि, बिजनेस, समूह लोन पर्सनल, लेबरकार्ड, डेरीफार्म, होम लोन, आधारकार्ड पर 40 हजार से 50 लाख तक (2 %ब्याज), (30%छूट) समस्त लोन कराये - 9770833099. (आरो-4346)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्साकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर ले। पाठक पूर्ण जानकारी लेने व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152


सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए
हरिभूमि क्लासिफाईड

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/-
4. 25% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100% EXTRA.

COLOUR Extra Charge For Display
EDUCATION SPECIAL

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+ MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE 10X1 FOR BUSINESS

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

मंत्रालय की नौकरी का झांसा, 8 लाख 38 हजार रुपए हड़पे, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा



मंत्रालय रायपुर में वाहन चालक की नौकरी लगवाने का झांसा देकर तीन लोगों से 8 लाख 38 हजार रुपए लेने और रकम हड़पने के मामले में साजा पुलिस ने तिल्दा नेवरा निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने नौकरी लगाने का भरोसा देकर शिकायतकर्ता सहित दो अन्य लोगों से नगद और ऑनलाइन माध्यम से लाखों रुपए लिए थे। रकम लेने के बाद न तो नौकरी लगाई और न ही पैसे वापस किए।

शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस के अनुसार ग्राम बोतका निवासी खेमन लाल वर्मा उर्फ पप्पू वर्मा ने थाना साजा में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि तिल्दा नेवरा निवासी शैलेन्द्र पात्रे ने मंत्रालय रायपुर में वाहन चालक के पद पर नौकरी लगाने का भरोसा दिया था। आरोपी ने खेमन लाल से 1 लाख रुपए लिए। इसके बाद उसके फुफेरे भाई यशवंत वर्मा से 3 लाख 88 हजार रुपए तथा ग्राम लालपुर निवासी धर्मेन्द्र वर्मा से 3 लाख 50 हजार रुपए लिए।

इस तरह आरोपी ने तीनों से कुल 8 लाख 38 हजार रुपए प्राप्त किए। शिकायतकर्ता के मुताबिक रकम लेने के बाद भी आरोपी ने नौकरी नहीं लगवाई। काफी समय बीतने के बाद जब पीड़ितों ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने पैसे लौटाने में भी आनाकानी की। इसके बाद खेमन लाल वर्मा ने पुलिस से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

मोबाइल रिचार्ज से शुरू हुआ शक चाकू के वार से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



मोबाइल रिचार्ज को लेकर शुरू हुआ शक और प्रेम संबंध में बढ़ता विवाद आखिरकार हत्या तक पहुंच गया। कुरुद के भोथली रोड स्थित राइस मिल की मजदूर अनीता मंडावी की रविवार सुबह धमतरी के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। दो दिन पहले उसके परिचित दुलेश्वर टंडन ने मोबाइल पर किसी अन्य युवक से बातचीत के शक में उसके कमरे में पहुंचकर चाकू से कई वार किए थे। वारदात के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है। अब महिला की मौत के बाद प्रकरण में हत्या की धारा जोड़ी जाएगी। कोंडागांव क्षेत्र निवासी अनीता मंडावी बालाजी राइस मिल में रेजा का काम करती थी। इसी मिल में काम करने वाले भाठागांव निवासी दुलेश्वर टंडन से उसकी जान-पहचान थी। पुलिस के अनुसार दोनों के बीच प्रेम संबंध होने की बात भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि दुलेश्वर अनीता के मोबाइल पर अपने पैसों से रिचार्ज करवाता था। इसी दौरान उसे शक हुआ कि अनीता किसी दूसरे युवक से मोबाइल पर बातचीत करती है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था।



कमरे में पहुंचा और चाकू से किए कई वार

2 अक्टूबर को विवाद बढ़ने के बाद दुलेश्वर अनीता के कमरे तक पहुंच गया। वहां कहासुनी के दौरान उसने चाकू से अनीता पर कई वार कर दिए। हमले में कमर, जांघ, पेट सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल अनीता को तत्काल सिविल अस्पताल कुरुद पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे धमतरी रेफर किया गया, जहां निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था। रविवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया।

जैकेट के शेष

राजस्व विभाग होगा डिजिटल, पटवारी के ....

विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लोगों को पटवारी और दूसरे कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ें, इसके लिए अधिक से अधिक काम डिजिटल किए जा रहे हैं। वर्तमान में ऑटो डायवर्सन, ऑटो नामांतरण के साथ ऋण पुस्तिका की सुविधा भी ऑनलाइन कर दी गई है। इसके अलावा द्वितीय अपील, जो पहले कमिश्नर कोर्ट में होती थी, उसका अधिकार अब कलेक्टर कोर्ट को दे दिया गया है। इससे कमिश्नरों पर काम का बोझ कम हुआ है और लोगों को संभागीय मुख्यालय के चक्कर लगाने से राहत मिली है। पांच डिसमिल से कम जमीन के संबंध में भी प्रतिबंधात्मक प्रावधान किए गए हैं, ताकि अवैध कॉलोनियां विकसित न हों। राजस्व विभाग में 11 से अधिक संशोधन किए गए हैं, जिनसे आम लोगों को राहत मिल रही है।

सवाल : पटवारी राज को कैसे खत्म करेंगे?

जवाब : पटवारी राज पहले भी नहीं था। इतना जरूर है कि मैन्युअल काम होने के कारण लोगों को पटवारियों के चक्कर काटने पड़ते थे। इसी परेशानी को दूर करने के लिए सभी काम ऑनलाइन किए जा रहे हैं। भूमि रिकॉर्ड में त्रुटि सुधार की प्रक्रिया में भी संशोधन किया गया है। पहले यह काम एसडीएम के अधिकार क्षेत्र में आता था, लेकिन अब इसे तहसीलदारों को सौंप दिया गया है। भूमि रिकॉर्ड में अनधिकृत बदलाव नहीं किया जा सकेगा। जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े रिकॉर्ड सहित अन्य अभिलेखों को भी ऑनलाइन किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि लोगों को राजस्व संबंधी कामों के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

सवाल : नए जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़ की स्थिति को आप किस रूप में देखते हैं?

जवाब : मंत्री बनने के बाद जब पहली बार जिले में बैठक लेने पहुंचा, तब अधिकारियों ने बताया था कि यहां प्रशासनिक सेटअप ही नहीं है। काम कैसे किया जाए, यह उनके सामने चुनौती थी। कई अधिकारियों के पास बैठने तक की जगह नहीं थी। भाजपा सरकार ने पिछले ढाई साल में मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ कंपोजिट भवन का काम आगे बढ़ाया है। इसके पूरा होने से सभी विभाग एक ही जगह संचालित हो सकेंगे और कामकाज सुचारू रूप से होगा। कांग्रेस सरकार ने एसडीएम, कलेक्टर और तहसीलदार तो बैठा दिए थे, लेकिन जरूरी सुविधाओं और व्यवस्थाओं का विकास नहीं किया गया था। अब भाजपा सरकार इस दिशा में काम कर रही है। कांग्रेस सरकार ने बिना समुचित बजट व्यवस्था के जिला गठन और स्वामी आत्मानंद स्कूलों की शुरुआत की थी। अब भाजपा सरकार इनके लिए आवश्यक राशि की व्यवस्था कर रही है।

सवाल :सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं। आखिर भाजपा यहां चुनाव क्यों नहीं जीत सकी?

जवाब : भाजपा सरकार ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ क्षेत्र में काफी काम किया है। हालांकि, चुनाव में जीत-हार के मायने स्थानीय मुद्दों पर भी निर्भर करते हैं। कुछ कमियां रही होंगी, जिनकी समीक्षा कर अगले चुनाव में सुधार किया जाएगा।

सवाल : वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव की क्या तैयारी हो रही है?

जवाब : भाजपा सरकार अपने काम पर भरोसा रखती है। आंकड़ों के साथ बता सकता हूं कि पूरे प्रदेश के साथ सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में भी कितना काम हुआ है। यहां नए कॉलेज भवन का निर्माण हो रहा है और स्टेडियम का उन्नयन किया जा रहा है। सड़कों की मरम्मत के साथ नई सड़कें बनाई जा रही हैं। सिंचाई के क्षेत्र में भी करोड़ों रुपए के काम स्वीकृत किए गए हैं। फोरलेन सड़कों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कांग्रेस के विधायक इन कामों से संतुष्ट नहीं हैं, क्योंकि उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप काम नहीं हो पा रहे हैं। भाजपा सरकार हालांकि जनहित को प्राथमिकता देकर काम करती है।

सवाल : सारंगढ़ में रेल लाइन कब शुरू होगी?

जवाब : जैसा कि सांसद ने बताया है, इस विषय पर केंद्रीय रेल मंत्री से उनकी मुलाकात और चर्चा हो चुकी है। बरमकेला रेलवे लाइन का सारंगढ़ क्षेत्र तक विस्तार किया जाएगा। इस संबंध में फाइल भी आगे बढ़ी है। उम्मीद है कि इस दिशा में प्रक्रिया जल्द आगे बढ़ेगी।

सवाल : नगर पालिका चुनाव जीतने के लिए क्या तैयारी है?

जवाब : हम चुनाव जीतने के लिए नहीं, बल्कि जनता के हित में काम करने के लिए जाने जाते हैं। भाजपा जो कहती है, वह करती है। नगर पालिका क्षेत्र में ही 35 करोड़ रुपए के काम स्वीकृत किए गए हैं। यह कहा जा रहा है कि राशि खर्च नहीं हो रही है, लेकिन ऐसा नहीं है। इस राशि से सड़क, नाली, पानी, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े काम किए जा रहे हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और उज्ज्वला गैस योजना पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

सवाल : सारंगढ़ जिले को विकसित बनाने के लिए और क्या योजनाएं हैं?

जवाब : सारंगढ़ को व्यवस्थित और विकसित जिला बनाना भाजपा सरकार का लक्ष्य है। इसी सोच के साथ काम किया जा रहा है। नए कार्यालयों के लिए भवन बनाए जा रहे हैं, स्टेडियम का उन्नयन किया जा रहा है और कॉलेज भवन की सुविधाओं में सुधार किया जा रहा है। जिले में 27 बिस्तरों वाले नए अस्पताल को भी स्वीकृति दी गई है। शिक्षा के क्षेत्र में भी कई काम किए जा रहे हैं। सड़कों के निर्माण और मरम्मत के माध्यम से आवागमन की सुविधाएं बेहतर बनाई जा रही हैं। इसके साथ ही सारंगढ़ में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और रेशम तथा कांसा उद्योगों की स्थापना की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ सकें।

विधायक किसी के भी हों जनता तो ...

सवाल : भाजपा सरकार पर आरोप लग रहे हैं कि वह स्कूलों को बंद करती जा रही है?

जवाब : यह सरासर गलत आरोप है। स्कूल बंद नहीं हो रहे हैं। पहले परिवारों में पांच या उससे अधिक बच्चे होते थे, लेकिन अब परिवारों में एक या दो बच्चे ही होते हैं। इस कारण बच्चों की संख्या में कमी आई है। इसके साथ ही स्कूलों में दर्ज संख्या भी घट रही है। इसलिए आसपास के स्कूलों को एक परिसर में लाया जा रहा है। जिन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या कम है, वहां के बच्चों को दूसरे स्कूलों में शिफ्ट किया जा रहा है, ताकि उन्हें बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें।

सवाल : स्वामी आत्मानंद स्कूलों को कांग्रेस अपनी उपलब्धि बताती है और भाजपा पर इन स्कूलों को कमजोर करने के आरोप लगते हैं?

जवाब : कोई भी सरकार जब योजना लाती है तो उसका उद्देश्य जनता को लाभ पहुंचाना होता है। कांग्रेस सरकार ने स्वामी आत्मानंद स्कूलों की योजना जल्दबाजी में शुरू की। इसे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल का नाम तो दिया गया, लेकिन इसके लिए न तो बजट का समुचित प्रावधान किया गया और न ही पूरा सेटअप तैयार किया गया। शिक्षकों का वेतन कैसे आएगा और भर्ती प्रक्रिया कैसे होगी, इसकी भी कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। पूरा काम जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) के भरोसे छोड़ दिया गया। जिन जिलों में डीएमएफ का फंड उपलब्ध था, वहां कुछ समय तक हालात ठीक रहे, लेकिन बाकी जिलों में शिक्षकों और स्टाफ को वेतन के लिए भी परेशान होना पड़ा। अब भाजपा सरकार इसमें सुधार कर रही है। शिक्षकों के वेतन की पूरी प्रक्रिया लोक शिक्षण संचालनालय के माध्यम से संचालित होगी। शिक्षकों की भर्ती कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के माध्यम से की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया पूरी ईमानदारी से हो, इसके लिए अलग से समिति भी बनाई गई है।

सवाल : स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों के साथ ही दूसरे स्टाफ के भी काफी पद खाली हैं। इन पदों को भरने के लिए क्या किया जा रहा है?

जवाब : स्कूल शिक्षा विभाग में करीब 10 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। नवंबर और दिसंबर तक इनमें से अधिकांश पदों को भर लिया जाएगा। इसमें 1,000 पद स्वामी आत्मानंद स्कूलों के हैं, जबकि 2,500 पद बैकलॉग के हैं। इसके अलावा 5,600 पदों पर अलग से शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया की जा रही है। जिन स्कूलों में शिक्षकों के पद खाली हैं, वहां इनकी नियुक्ति की जाएगी।

सवाल : अक्सर देखा जाता है कि शिक्षकों की ड्यूटी पढ़ाई के अलावा दूसरे कामों में लगा दी जाती है, क्या इसमें कमी आएगी?

जवाब : सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि शिक्षकों की ड्यूटी केवल आवश्यक कार्यों में ही लगाई जाए और उनसे मुख्य रूप से पढ़ाई का काम कराया जाए। राज्य स्तर पर भी जनगणना और राष्ट्रीय महत्व के कार्यों को छोड़कर अन्य कामों में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने पर रोक लगाई गई है।

सवाल : सारंगढ़ एक विकसित जिला कब बनेगा?

जवाब : कांग्रेस सरकार ने केवल जिला बनाकर छोड़ दिया था। भाजपा सरकार यहां पूरा प्रशासनिक सेटअप तैयार करने के साथ ही सड़क, नाली, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं पर काम कर रही है। सरायपाली से सारंगढ़ और सरायपाली से रायगढ़ तक की सड़कों पर तेजी से काम हो रहा है। सारंगढ़ जिले में केंद्रीय विद्यालय के साथ ही नवोदय विद्यालय बनाने की घोषणा की गई है। इस पर जल्द ही काम शुरू होगा। केंद्र और राज्य सरकार के फंड से भी विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

सवाल : सारंगढ़ में स्कूल शिक्षा विभाग की क्या योजनाएं हैं?

जवाब : केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय की घोषणा यहां हो चुकी है। इसके साथ ही स्कूलों में आवश्यक सेटअप तैयार करने, शिक्षकों की भर्ती करने और विद्यार्थियों की दर्ज संख्या बढ़ाने पर काम किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने सबसे अधिक राशि इसी जिले के लिए स्वीकृत की है। खेल स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) केंद्र भी जल्द बनाया जाएगा।

सवाल : सारंगढ़ जिले के लिए आप और किन आवश्यकताओं को महत्वपूर्ण मानते हैं?

जवाब : सारंगढ़ जिले में अभी बहुत संभावनाएं हैं और यहां काफी काम करने की जरूरत है। भाजपा सरकार धीरे-धीरे इन आवश्यकताओं पर काम कर रही है। नया कंपोजिट भवन बनाया जा रहा है, जिसका निर्माण जल्द पूरा होने वाला है। शिक्षा के क्षेत्र में व्याख्याताओं की भर्ती की जाएगी। कांस योजना के तहत 13 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। बुनकर समिति बनाई जा रही है और रेशम विभाग के कार्यों को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जिले में बुनियादी सुविधाओं के साथ शिक्षा और रोजगार के अवसरों का भी विस्तार हो।

नई फसल से पहले पुराना धान हुआ...

क्विंटल मिलते हैं। ये दाम भी किसानों के लिए काफी उत्साह बढ़ाने वाले हैं। नई फसल आने से पहले अच्छी मांग वाली किस्मों के भाव केंद्रीय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से करीब 1100 से 1200 रुपए तक ऊपर चल रहे हैं।

दूसरी तरफ सामान्य धान काफी नीचे: छत्तीसगढ़ की मंडियों में सभी धान 3,500 के आसपास नहीं बिक रहे हैं। यही इस समय बाजार की सबसे महत्वपूर्ण तस्वीर है। रायपुर क्षेत्र में उपलब्ध आंकड़ों में 30 सितंबर को रायपुर एपीएमसी में डीबी धान का भाव 2,180 से 2,200 रहा, जबकि नेवरा में महामाया 2,000 पर दर्ज हुई। नवापारा में डीबी का भाव 2,392 से 2,430 रहा। बलौदाबाजार एपीएमसी में 1 अक्टूबर को डीबी धान का भाव 2,000 रहा। भाटापारा में भी अलग-अलग किस्मों के भाव में बड़ा अंतर दिखाई देता है। इससे साफ है कि छत्तीसगढ़ में इस समय धान का एक समान बाजार भाव नहीं है। किस्म, गुणवत्ता, मंडी और मांग के हिसाब से कीमत में बड़ा अंतर है।

धमतरी में ओम-3 के ...

पर महामाया के भाव इससे काफी नीचे दर्ज हुए थे। इसलिए यहां भी यह समझना जरूरी है कि मंडी का अधिकतम भाव पूरे बाजार का औसत भाव नहीं होता। किसी दिन की आवक, गुणवत्ता और खरीदारों की मांग से अधिकतम भाव में बड़ा अंतर आ सकता है।

पहले छोटे भाई फिर बड़े भाई के घर ...

सरजू यादव (60 वर्ष), उत्तरीबाई यादव (55 वर्ष), जनकराम यादव (40 वर्ष), मनीष यादव (18 वर्ष), सुनीता यादव (34 वर्ष) तथा तुषार यादव (15 वर्ष), लक्ष्मी बाई, तासराम यादव सहित परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। एक दिन पहले समीप के ग्राम पंडरीपानी में भी एक व्यक्ति पर हमला किया था। लोगों को एक ही तेंदुए के होने का अंदेशा है। सूचना मिलते ही वन विभाग के आला अधिकारी व कोमाखान पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घर में कैद तेंदुए को रायपुर से आई रेसक्यू टीम ने पिंजरे में कैद किया।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी: जयराम का केंद्र पर हमला, घटनाएं 105, आरोपी सिर्फ 8 क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावे की कथित चोरी के मामले को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और मंदिर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लंबी पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार से कई सवाल पूछे। उन्होंने सवाल किया कि सीसीटीवी में चढ़ावे की रकम निकालने की 105 कथित घटनाएं सामने आने के बावजूद जांच की दिशा केवल आठ आरोपियों तक कैसे सीमित रह गई और मंदिर ट्रस्ट के तत्कालीन महासचिव चंपत राय तथा ट्रस्टी अनिल मिश्रा को आरोपी बनाने के बजाय गवाह क्यों बनाया गया ?

जयराम रमेश ने अपनी पोस्ट की शुरुआत 'चंदा चोरी, आस्था धोखा' से करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के अयोध्या मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में सरकार की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर सरकार पर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन राम मंदिर के चढ़ावे से जुड़े मामले में जांच उन लोगों तक क्यों नहीं पहुंची, जिन पर व्यवस्था की जिम्मेदारी होने के बावजूद कथित चोरी को संरक्षण देने का संदेह जताया जा रहा है। जयराम रमेश ने अपने पोस्ट में मामले की समय-सीमा को लेकर भी सवाल उठाया। उनका कहना है कि 4 जून को चोरी की रकम से संबंधित वीडियो चंपत राय तक पहुंच गया था, 5 जून को सीसीटीवी फुटेज देखे गए और 25 जून को एफ़आईआर दर्ज हुई।

सीसीटीवी में सामने आईं 105 कथित घटनाएं

एसआईटी की जांच से जुड़े हालिया विवरण के अनुसार, राम मंदिर परिसर में चढ़ावे की रकम की गिनती के दौरान सीसीटीवी फुटेज में नकदी को कथित तौर पर अनधिकृत रूप से निकालने या छिपाने की 105 घटनाओं की पहचान की गई है। जांच में सीसीटीवी फुटेज के साथ गवाहों के बयान, बैंकिंग रिकॉर्ड, डिजिटल साक्ष्य और अन्य दस्तावेजों की भी पड़ताल की गई। जयराम रमेश ने इसी आंकड़े को आधार बनाते हुए सवाल किया कि यदि 105 घटनाएं सीसीटीवी में सामने आईं तो कुल कितनी रकम गायब हुई, इसका पूरा हिसाब देश के सामने क्यों नहीं रखा गया।

79.85 लाख की बरामदगी पर भी सवाल

एसआईटी की चार्जशीट से जुड़े विवरण के अनुसार, आठ आरोपियों से कथित तौर पर 79.85 लाख बरामद किए गए हैं। जांच में यह भी बताया गया है कि रकम की बरामदगी सात आरोपियों से हुई, जबकि आठवें आरोपी से नकदी या कीमती सामान की बरामदगी नहीं हुई। जयराम रमेश ने इसी बरामदगी को लेकर सवाल उठाया कि 105 कथित घटनाओं के मुकाबले केवल 79.85 लाख की रकम बरामद होने के बाद क्या मामले को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने पूछा कि आखिर यह कैसे निर्धारित होगा कि इन 105 घटनाओं में कुल कितने रुपए का चढ़ावा गायब हुआ।हालांकि, जांच एजेंसियों के अनुसार मामला केवल बरामद नकदी तक सीमित नहीं है।

चंपत राय और अनिल मिश्रा आरोपी नहीं, गवाह क्यों?

कांग्रेस नेता ने मंदिर ट्रस्ट के तत्कालीन महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा को चार्जशीट में गवाह बनाए जाने पर भी सवाल उठाया है। एसआईटी की चार्जशीट में दोनों को अभियोजन पक्ष के गवाहों की सूची में शामिल किया गया है। कुल 133 गवाहों में चंपत राय और अनिल मिश्रा के नाम भी हैं। जयराम रमेश का सवाल है कि जब मंदिर परिसर में चढ़ावे की गिनती और उसकी सुरक्षा की व्यवस्था ट्रस्ट की निगरानी में थी, तब कथित चोरी की इतनी घटनाओं के बावजूद शीर्ष स्तर पर जिम्मेदारी क्यों तय नहीं की गई। गौरतलब है कि आरोप सामने आने के बाद चंपत राय और अनिल मिश्रा ने ट्रस्ट के अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था।

छग में 'पीएम आवास' पर सियासत के बीच साय सरकार को 'बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट' अवॉर्ड आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ को 'बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट' अवॉर्ड से आज सम्मानित किया जाएगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में विश्व आवास दिवस-2026 के राष्ट्रीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया जाएगा। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में होने वाले कार्यक्रम में राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और नगरीय निकायों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ की ओर से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे। राज्य के उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। केंद्र सरकार की ओर से छत्तीसगढ़ को पीएम आवास योजना के तहत गरीबों के लिए आवास के लिए देश का 'बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट' चुना जाना मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

कांग्रेस सरकार पर भाजपा लगाती रही है आरोप

दरअसल, छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना लंबे समय से राजनीतिक विवाद का विषय रही है। पिछली भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में भाजपा लगातार आरोप लगाती रही कि गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने वाली प्रधानमंत्री आवास योजना का राज्य में अपेक्षित गति से क्रियान्वयन नहीं हुआ। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान इसे प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बनाया था।

सत्ता परिवर्तन के बाद बदली तस्वीर

दिसंबर 2023 में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना को सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया गया। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बनी सरकार ने गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवारों को आवास उपलब्ध कराने को लेकर केंद्र की योजनाओं के तेज क्रियान्वयन पर जोर दिया। अब केंद्र सरकार द्वारा पीएम आवास योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ को 'बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट' का पुरस्कार दिए जाने से भाजपा को अपने उस राजनीतिक दावे को मजबूत करने का अवसर मिला है, जिसमें वह कांग्रेस सरकार के मुकाबले अपने कार्यकाल में आवास योजना के तेज क्रियान्वयन का दावा करती रही है।

सारण में दो गुटों में झड़प 3 की मौत 6 हिरासत में

सारण। बिहार के सारण जिले में दो गुटों के बीच हुई झड़प में तीन लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना एकमा थाना क्षेत्र के परसा गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान मुकेश यादव, रवीश यादव और अंकु कुमार के रूप में हुई है जबकि घायल व्यक्ति का नाम विवेक कुमार है। सारण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया, एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायल व्यक्ति का एक सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है। एसएसपी ने बताया कि झड़प के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने यह भी कहा कि पूछताछ के लिए छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारी ने कहा, मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

राशिफल

मेष मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

मिथुन भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

कर्क क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

कन्या धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

तुला व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

धनु पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

मीन शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

पेज एक के शेष

नदी में आया बंपर ..

रेत का दाम 14 हजार रुपए हो गया है। दूसरे जिलों में हाइवा की कीमत बीस हजार तक पहुंच गई थी। इस साल भारी बारिश से महानदी में बाढ़ की स्थिति बनी रही। गंगरेल बांध से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद महानदी में भारी मात्रा में रेत की आवक हुई है। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 18 रेत खदानों को शासन से मंजूरी मिली है, जिसमें दोनर, दर्री, लीलर, बुढेनी, गिरौद-1, गिरौद-2, मंदसौर, चंद्रसूर, परखंदा, गाड़ाडीह, नारी, अरौद, सोनेवारा आदि शामिल हैं। मुड़पार, जोरातराई, तेंदुकोन्हा की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण है। इसे पर्यावरण बोर्ड से अनुमति लेने का इंतजार है।

आरंग के घाटों से बेहिसाब...

वाले संभावित प्रभाव को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। ग्रामीणों का कहना था कि पहले से ही क्षेत्र में रेत के भारी वाहनों की आवाजाही और डंपिंग से कई तरह की समस्याएं सामने आती रही हैं। ऐसे में नए रेत घाट की अनुमति देने से इन समस्याओं के बढ़ने की आशंका है। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप था कि रेत घाट के आवंटन और जनसुनवाई के लिए अधिकारी गांव तक पहुंच जाते हैं, लेकिन गांव की मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क, नाली, पेयजल, बिजली और अन्य नागरिक सुविधाओं के समाधान के लिए अधिकारियों की ऐसी सक्रियता दिखाई नहीं देती।

हमलावर इबादत के बहाने...

करने के लिए आमंत्रित करता हूं। पोस्ट में कहा गया, आज शाम हुई इस भावुक बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने कैप्टन मछार से पूछा कि यह सब कैसे शुरू हुआ। इस पर मछार ने कॉकपिट के उन भयावह पलों के बारे में कई नयी जानकारियां साझा कीं।'मछार ने उन्हें बताया कि हमले से पहले सह-पायलट इबादत करना चाहता था। उन्होंने कहा, जब वह इबादत कर रहा था, तो सम्मान के कारण मैं आगे की ओर देख रहा था और पीछे की तरफ नहीं देख रहा था। अचानक, करीब चार-पांच मिनट बाद, मेरे सिर के पीछे जोरदार वार हुआ। भारतीय पायलट ने कहा, मेरे मन में पहला ख्याल यह आया कि विमान को भारी नुकसान हुआ है और कुछ ठीक नहीं है। लेकिन इसके बाद एक के बाद एक वार होते रहे और तभी मुझे एहसास हुआ कि यह विमान की समस्या नहीं है, बल्कि कॉकपिट में मेरे साथ मौजूद दूसरा व्यक्ति है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन शुरुआती वार के कारण मेरी आंखों के आगे लगभग अंधेरा छा गया था और मुझे सबकुछ धुंधला दिखाई दे रहा था।'' मछार ने बताया कि इसके बाद उन्हें अहसास हुआ कि विमान ''तेजी से नीचे की ओर जा रहा है''। उन्होंने कहा कि इस हादसे की केवल 'धुंधली सी यादें' ही उनके पास बची हैं। उन्होंने कहा कि वह एक बार कॉकपिट का दरवाजा खोलने में सफल रहे, लेकिन सह-पायलट ने उसे फिर से बंद कर दिया, जिससे वह कॉकपिट के फर्श पर पड़े रहे और उन्हें विमान तथा ''लोगों के चीखने'' की आवाजें सुनाई दे रही थीं। कैप्टन ने कहा, 'मुझमें खुद के लिए और यात्रियों की जान बचाने के लिए एक अंतिम प्रयास करने की ताकत बाकी थी। मैंने मन बना लिया था कि अगर मैंने अभी कदम नहीं उठाया, तो मेरा बचना असंभव है। मछार ने कहा, और उसी पल मैंने अपनी पूरी ताकत लगा दी।

कॉकपिट का दरवाजा खोलने की पहली कोशिश नाकाम : मछार ने बताया कि उन्होंने कॉकपिट का दरवाजा खोलने की पहली कोशिश की, लेकिन सह-पायलट ने उन्हें रोक दिया। वह जमीन पर गिर पड़े। बाहर से यात्रियों और क्रू सदस्यों की चीखें सुनाई दे रही थीं और अंदर हालात लगातार बिगड़ रहे थे। मछार ने कहा कि उस वक्त उनके मन में सिर्फ एक बात आई- अगर उन्होंने अब कुछ नहीं किया तो उनकी जान चली जाएगी। उन्होंने अपनी बची हुई आखिरी ताकत जुटाई और किसी तरह दरवाजे तक पहुंचे।

सीएम साय ने उद्योग जगत को...

अधिकारियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने गार्डन्स बाय द बे के जनरल मैनेजर एवं मास्टर प्लानिंग जेसन येओ, डायरेक्टर लिम चियाप सॉन्ग सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मास्टर प्लानिंग, सतत डिजाइन, उद्यान प्रबंधन, वनस्पति संरक्षण और शहरी हरियाली से जुड़े अनुभवों पर चर्चा की। दोनों पक्षों के बीच उद्यानिकी, इको-टूरिज्म और क्षमता विकास के क्षेत्र में संस्थागत सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संपदा, समृद्ध वनों और जैव विविधता वाला प्रदेश है। गार्डन्स बाय द बे के अनुभव का उपयोग नवा रायपुर में प्रस्तावित बॉटनिकल गार्डन के विकास के साथ प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हरित क्षेत्र बढ़ाने तथा बेहतर लैंडस्केपिंग के लिए किया जा सकता है। इससे पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

सिंगापुर के उद्योग जगत को निवेश का न्योता : शाम को मुख्यमंत्री साय सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के लीडरशिप डिनर में शामिल हुए। इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले, सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के चेयरमैन मार्क ली और सीईओ कोक पिंग सून सहित उद्योग जगत के प्रतिनिधि मौजूद रहे। **आज सिंग फोरम, कल सीईओ राउंडटेबल** : मुख्यमंत्री साय 5 अक्टूबर को सिंग फोरम-2026 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके बाद 6 अक्टूबर को सीईओ राउंडटेबल में सिंगापुर की प्रमुख कंपनियों और निवेश संस्थानों के शीर्ष अधिकारियों के साथ छत्तीसगढ़ की निवेश संभावनाओं तथा आर्थिक साझेदारी के अवसरों पर चर्चा करेंगे।

अमेरिका जान-बूझकर...

और हकीकत भी और हम बहुत कड़ा मुकाबला देख रहे हैं। आज यह मुकाबला सिर्फ इन दो देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसी भी देश के पास जो भी ताकत या बढ़त है, उसका इस्तेमाल हथियार की तरह किया जा रहा है और यह मुकाबला आपसी निर्भरता की जटिलताओं के साथ-साथ चल रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

निविदा सं. EL-G-E-OT-26-27-26
दिनांक 28.09.2026
ई–निविदा सूचना

कार्य का नाम: विद्युत कार्य हेतु – (A) नागपुर मंडल के अंतर्गत TVU 10,000 से अधिक वाले सम्पार फाटकों NC-7, NC-8 एवं NC-75 का इंटरलॉकिंग कार्य, साथ ही फाटक सिग्नलिंग हेतु रिले हट (Relay H

खबर संक्षेप

होंडा मोटरसाइकिल ने कुछ बाइक वापस मंगाई



मुंबई। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अप्रैल से अगस्त, 2025 के बीच निर्मित 'रेबेल 500 क्रूजर' मॉडल की 96 मोटर साइकिल को हैंडल-लॉक में खराबी के कारण 'स्वैच्छिक' तौर पर वापस मंगाने की घोषणा की है। होंडा द्वारा वैश्विक स्तर पर कुछ रेबेल 500 मोटरसाइकिल को वापस मंगाने के तहत उठाया जा रहा है।

सेबी के पास 16 कंपनियों के आईपीओ के लिए आवेदन

नई दिल्ली। एनारॉक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स, बीएस स्पॉन्ज और आइनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स समेत कम से कम 16 कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां पूंजी बाजार से धन जुटाने की तैयारी तेज कर रही हैं।

जेएसडब्ल्यू एमजी की बिक्री 19 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की सितंबर में थोक बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 8,018 इकाई हो गई। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने कहा कि यह प्रदर्शन हाल में पेश किए गए एमजी हेक्टर टोमहॉक ईवी और पीएचईवी संस्करण सहित उसके उत्पाद खंड में ग्राहकों की निरंतर रुचि को दर्शाता है।

शादी-ब्याह के सीजन से पहले होटल कारोबार में उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सर्दियां शुरू होने से पहले ही होटल उद्योग में शादी समारोहों के लिए मांग तेज हो गई है। लोकप्रिय होटल और रिजॉर्ट में महीनों पहले से बुकिंग हो रही है। कई प्रमुख होटल संपत्तियों ने शादी से जुड़े कारोबार में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की है, जबकि नवंबर और फरवरी जैसे प्रमुख महीनों के लिए होटल में बुकिंग लगभग पूरी हो चुकी है।

- नवंबर और फरवरी के लिए बुकिंग पूरी हो चुकी

यानी इनमें बहुत कम दिन के लिए बुकिंग उपलब्ध है। देश के पहले ऑटोग्राफ कलेक्शन होटल के रूप में ब्रांडेड मैरियट इंटरनेशनल के नूर महल दिल्ली एनसीआर, करनाल के कार्यकारी निदेशक रूप प्रताप चौधरी ने कहा कि होटल के विवाह कारोबार में पिछले साल की तुलना में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि 2027 के लिए भी पर्याप्त संख्या में शादियों की बुकिंग पहले ही हो चुकी है और नवंबर, 2027 तक के लिए पूछताछ मिल रही है।

अगले साल के लिए भी मिल रही है बुकिंग

सर्दियों के विवाह सीजन के लिए काफी मजबूत मांग

रोजिएट होटल्स एंड रिजॉर्ट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कुश कपूर ने कहा कि दिल्ली स्थित उसके रिजॉर्ट में आगामी सर्दियों के विवाह सीजन के लिए काफी मजबूत मांग है और प्रमुख महीनों में उपलब्धता तेजी से कम हो रही है। कपूर ने कहा कि दिल्ली स्थित रोजिएट में नवंबर का पूरा महीना लगभग बुक हो चुका है, जबकि फरवरी की भी अधिकांश तारीखें पहले ही आरक्षित हो चुकी हैं।



रिजॉर्ट की मांग शादी समारोह के लिए सर्वाधिक

सीईओ ने कहा कि सर्दियों के मौसम में रिजॉर्ट के लिए शादी समारोहों की मांग बहुत अधिक है। होटल क्षेत्र के लिए शादी-विवाह का सीजन महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे कमरे, बैंक्वेट, खान-पान और आयोजन से जुड़ी विभिन्न सेवाओं की मांग एक साथ बढ़ती है। कई परिवार अब शादी के कार्यक्रम को एक से अधिक दिन तक आयोजित कर रहे हैं, जिससे होटल उद्योग को अतिरिक्त कारोबार मिल रहा है।

पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि

चौधरी ने कहा, /"विवाह समारोह के क्षेत्र में उत्साहजनक गति देखने को मिल रही है। पिछले वर्ष की तुलना में कारोबार में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और ग्राहकों का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि परिवार अब शादी के आयोजन के लिए होटल और आयोजन स्थल पहले की तुलना में काफी पहले तय कर रहे हैं। इससे होटल उद्योग को आगामी वर्षों के कारोबार की बेहतर जानकारी मिल रही है।

अन्य सेवाओं की मांग भी बढ़ रही

विवाह समारोह की यह बढ़ती मांग ऐसे समय में सामने आई है जब सर्दियों का मुख्य विवाह सीजन नजदीक है। हिंदू कैलेंडर में शुभ विवाह मुहूर्त होने के कारण इस दौरान विवाह स्थल, होटल कमरों, बैंक्वेट और अन्य सेवाओं की मांग पारंपरिक रूप से बढ़ जाती है।

अर्थशास्त्रियों और बैंक अधिकारियों ने सर्वेक्षण में कहा

मुद्रास्फीति के दबाव के बीच रेपो दर 0.25 प्रतिशत बढ़ा सकता है भारतीय रिजर्व बैंक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पश्चिम एशिया संकट दोबारा गहराने से मुद्रास्फीति दबाव में

वर्ष 2025 में दरों में कटौती के बाद बड़ा ठहराव देखा गया

रेपो दर में आखिरी बढ़ोतरी फरवरी, 2023 में की गई थी

अर्थशास्त्रियों और बैंक अधिकारियों का मानना है पश्चिम एशिया संकट के दोबारा गहराने से पैदा हुए मुद्रास्फीति के दबाव के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है। सोलह अर्थशास्त्रियों और वरिष्ठ बैंक अधिकारियों के एक सर्वेक्षण के अनुसार यदि आगामी नीतिगत समीक्षा में केंद्रीय बैंक दरों में वृद्धि करता है, तो यह ब्याज दर नीति में एक बड़े बदलाव का संकेत होगा।

गौरतलब है कि 2025 में दरों में कटौती और उसके बाद लंबे समय तक ठहराव देखा गया था। रेपो दर में आखिरी बढ़ोतरी फरवरी, 2023 में की गई थी, जब आरबीआई ने दर को 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया था। इसके बाद उसने 2023-24 के दौरान दर को अपरिवर्तित रखा और फिर 2025 में कटौती का चक्र शुरू किया। इस समय आरबीआई की नीतिगत रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर है।

ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गुंजाइश

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य आर्थिक सलाहकार कनिका पसरीचा ने कहा, ''वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा दरों में बढ़ोतरी के साथ तालमेल बैठाने, बढ़ती मुद्रास्फीति के जोखिम और मजबूत वृद्धि की रफ्तार ब्याज दरों को बढ़ाने के लिए नीतिगत गुंजाइश देती है।



ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना

क्रिसिल की प्रमुख अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा कि पिछली नीति के बाद से मुख्य रूप से पश्चिम एशिया संघर्ष के फिर से भड़कने और ऊर्जा तथा जिंस की कीमतों में तेजी के कारण मुद्रास्फीति का दबाव और बढ़ गया है। यदि यह दबाव जारी रहता है, तो आगे दरों में बढ़ोतरी की उम्मीद है। सर्वेक्षण में शामिल ज्यादातर विशेषज्ञों को बुधवार को होने वाली आगामी नीतिगत समीक्षा में सख्त रुख के साथ ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावना दिख रही है।

विशेषज्ञ उदार रुख को वापस लेने के पक्ष में

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की अर्थशास्त्री गौरा सेनगुप्ता ने कहा, ''प्रमुख मुद्रास्फीति अधिक होने के कारण नीति को धीरे-धीरे सामान्य करना जरूरी है। आने वाली तिमाहियों में वास्तविक दरें नकारात्मक न हों, यह सुनिश्चित करने के लिए दर वृद्धि आवश्यक है। नीतिगत रुख पर विशेषज्ञों की राय 'कोई बदलाव नहीं होगा' और 'नपे-तुले ढंग से सख्ती' के बीच बंटी हुई है, जबकि कुछ विशेषज्ञ 'उदार रुख को वापस लेने' के पक्ष में भी हैं।

खुदरा महंगाई के अनुमान में बढ़ोतरी की उम्मीद

कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, खाद्य मुद्रास्फीति के जोखिमों और कीमतों के दबाव के बीच विशेषज्ञों को आरबीआई द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने सीपीआई (खुदरा) मुद्रास्फीति अनुमान में बढ़ोतरी करने की उम्मीद है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, ''हाल ही में कच्चे तेल की कीमतों के 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने से पेट्रोल और डीजल के खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) में वृद्धि हो सकती है।

रेपो दर में कम से कम दो बार बढ़ोतरी हो सकती है

विशेषज्ञों का व्यापक रूप से मानना है कि वित्त वर्ष 2026-27 में रेपो दरों में कम से कम दो बार बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि कई विशेषज्ञों को पूरे वित्त वर्ष के दौरान दो से तीन बार बढ़ोतरी की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति बढ़ने के कारण केंद्रीय बैंक को अपने मौद्रिक नीति रुख को धीरे-धीरे सामान्य करने की जरूरत हो सकती है।

बजाय अपना एआई सुरक्षा ढांचा बनाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- उद्योग विशेषज्ञों ने अपनी राय जाहिर की
- डीपफेक व साइबर हमलों से निपटने की प्रतिबद्धता जरूरी

भारत को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों के बीच पिछले सप्ताह हुए स्वैच्छिक समझौते की नकल करने के बजाय अपनी भाषाओं, बड़े पैमाने और अनुप्रयोग आधारित कृत्रिम मेधा (एआई) परिवेश के अनुरूप अपना एआई सुरक्षा ढांचा तैयार करना चाहिए। उद्योग विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। विशेषज्ञों ने 'डीपफेक' और साइबर हमलों जैसे जोखिमों से निपटने के लिए सभी संबंधित पक्षों को साथ लाने वाली प्रतिबद्धता की भी जरूरत बताई। हालांकि, वे इस बात पर अलग-अलग राय रखते हैं कि केवल स्वैच्छिक उपाय पर्याप्त होंगे या नहीं। इन विशेषज्ञों की राय 29 सितंबर को ट्रंप और गूगल, ओपनएआई, एंथ्रोपिक, मेटा, एनवीडिया तथा एलन मस्क की एक्सएआई जैसी प्रमुख कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित 'व्हाइट हाउस एकॉर्ड ऑन सुपर इंटेलिजेंस' के बाद सामने आई है।

एआई सुरक्षा को काफी मजबूत करना होगा

वेलामाकन्नी ने कहा, ''जैसे-जैसे मॉडल अधिक सक्षम और स्वायत्त होते जा रहे हैं, हम उन्हें प्रणालियों तक अधिक पहुंच और फैसले लेने की अधिक स्वायत्तता दे रहे हैं। विनाशकारी जोखिमों को रोकने के लिए एआई सुरक्षा को काफी मजबूत करना होगा और इसे एआई की क्षमता से आगे रहना होगा।''

कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- रिजर्व बैंक के ब्याज दर पर निर्णय भी प्रभावित करेगी धारणा
- विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर भी होगी निगाह

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का ब्याज दर पर फैसला, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे, कच्चे तेल की कीमतें और वैश्विक बॉण्ड पर प्रतिफल इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणाएं और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''आरबीआई की मौद्रिक नीति बैठक पर करीबी नजर रहेगी। नीतिगत रुख, मुद्रास्फीति का परिदृश्य और वृद्धि के अनुमान निकट अवधि में घरेलू ब्याज दरों और वित्तीय बाजारों की दिशा के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देंगे। मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों का सत्र भी शुरू होगा। सूचकांक में अधिक भार रखने वाली कंपनी टीसीएस और खुदरा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीमार्ट समेत कई प्रमुख कंपनियां अपने नतीजे घोषित करेंगी।

मिश्रा ने कहा कि आंकड़ों के मोर्चे पर भारत के सितंबर के अंतिम एचएसबीसी सेवा खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) और संयुक्त पीएमआई के आंकड़े छह अक्टूबर को जारी किए जाएंगे।

आरबीआई की घोषणा होगी प्रमुख कारक

शोध विश्लेषक कंपनी एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं सीईओ हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा, ''आरबीआई का नीतिगत फैसला घरेलू स्तर पर सबसे प्रमुख कारक होगा। इसके बाद अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे से यह संकेत मिलेगा कि सितंबर में दर बढ़ाए जाने के बाद मौद्रिक नीति को और सख्त करने के पक्ष में अमेरिकी नीति-निर्माताओं के बीच कितना समर्थन है।''

अक्टूबर अंत तक सूचीबद्ध हो सकती है जियो प्लेटफॉर्म्स

नई दिल्ली। डिजिटल सेवा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के इस महीने के अंत तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी का उद्यम मूल्य करीब 143-146 अरब डॉलर यानी 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक रह सकता है। जियो प्लेटफॉर्म्स का प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) करीब 3.8 अरब डॉलर का होने की संभावना है। इस आकार के साथ यह भारत का अबतक का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम बन सकता है। कंपनी ने अमेरिका, ब्रिटेन, दुबई, हांगकांग और सिंगापुर में अपने अंतरराष्ट्रीय रोडशो पूरे कर लिए हैं। अब वह 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले सप्ताह में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए अंतिम दस्तावेज दाखिल कर सकती है।

बीते सप्ताह सरसों और मूंगफली के भाव टूटे

नई दिल्ली। उपलब्धता की कमी और मांग बढ़ने के बीच बीते सप्ताह सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया जबकि नई फसलों की आवक के बीच मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल कीमतें गिरावट के साथ बंद हुईं। मलेशिया में गिरावट के बीच पाम-पामोलीन के दाम में भी गिरावट आई। सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह उपलब्धता की कमी और कच्ची घानी के तेल मिलों की बढ़ती मांग के कारण सरसों तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया।

प्लास्टिक बैंक नोट के कार्यक्रम में शामिल हुई यूफ्लेक्स-स्पेक्ट्रा



नई दिल्ली। घरेलू पॉलिमर विज्ञान कंपनी यूफ्लेक्स ने अमेरिका की स्पेक्ट्रा सिस्टम्स के साथ साझेदारी में प्रस्तावित प्लास्टिक बैंक नोट कार्यक्रम के लिए बोली लगाई है। ऐसा तब हुआ है जब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) पॉलिमर या प्लास्टिक आधारित मुद्रा आधार सामग्री के निर्माण के लिए संभावित आपूर्तिकर्ताओं का मूल्यांकन कर रहा है।

यह कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल) द्वारा शुरू किया गया था। निविदा दस्तावेज के अनुसार, इसके लिए जरूरी रंग की अपारदर्शी स्याही और एंटी-स्टैटिक कोटिंग के साथ बीओपीपी (विशेष मजबूत प्लास्टिक फिल्म) की आवश्यकता है, ताकि छपाई और स्याही के चिपकने के लिए एक अच्छी सतह मिल सके। इसके तहत 10 रुपये और 20 रुपये के नोटों के लिए कुल 68,000 रीम की जरूरत है। लगभग 60 देशों द्वारा पूर्ण या आंशिक रूप से प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग किया जाता है। ऑस्ट्रेलिया 1988 में इसे पेश करने वाला पहला देश था।

HMS साईटिका तेल
शिव साईटिका सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मशीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

भारत चौथे स्थान पर, 2036 की राह में सबक दे गए एशियाई खेल

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारत की खेल महत्वाकांक्षाओं को आइची-नागोया एशियाई खेलों में एक कड़वी वास्तविकता का सामना करना पड़ा जहां पिछले हांगझोउ खेलों में रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद एक और बड़ी छलांग की उम्मीद थी लेकिन अभियान पदकों की संख्या में बड़ी गिरावट के साथ समाप्त हुआ। भारत ने कुल पदक तालिका में अपना चौथा स्थान बरकरार रखा लेकिन इस बार उसके खाते में 85 पदक ही रह गए जिसमें 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक शामिल हैं। यह पिछले एशियाई खेलों में हासिल किए गए 106 पदकों से 21 कम और स्वर्ण पदकों के मामले में सात कम है।

■ भारत को एक कड़वी वास्तविकता का सामना करना पड़ा

मौजूदा देशों और भारत के बीच अब भी अंतर बड़ा

भारत का चौथे स्थान पर रहना अब भी उसे एशिया के प्रमुख खेल राष्ट्रों में बनाए रखता है। यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है लेकिन शीर्ष पर मौजूद देशों और भारत के बीच अंतर अब भी बहुत बड़ा है। अगर अंतिम दो दिनों में भारत ने 11 स्वर्ण पदकों की शानदार झड़ी नहीं लगाई होती तो शीर्ष पांच में जगह बनाना भी मुश्किल होता।

रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद अभियान पदकों में गिरावट के साथ हुआ खत्म

शीर्ष पर चीन का दबदबा कायम रहा

वर्ष 2036 तक शीर्ष 10 और 2047 तक शीर्ष पांच खेल राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखने वाले भारत को ये आंकड़े याद दिलाते हैं कि शानदार प्रदर्शन करना एक बात है लेकिन लगातार प्रगति बनाए रखना कहीं अधिक कठिन चुनौती है। शीर्ष पर चीन का दबदबा कायम रहा। उसने 169 स्वर्ण सहित कुल 341 पदक जीते। जापान 83 स्वर्ण और कुल 269 पदकों के साथ दूसरे तथा दक्षिण कोरिया 39 स्वर्ण और 150 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।





रिले टीम ने एथलेटिक्स में दिलाया एकमात्र गोल्ड

ज्योति याराजी ने अभ्यास के दौरान घुटने में दर्द और परेशानी महसूस होने के बाद महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ की शुरुआती हीट से पहले नाम वापस ले लिया। घुटने की गंभीर चोट से वापसी कर रहे अविनाश साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में चौथे स्थान पर रहे। किरण पाहल, एम पूवम्मा, प्राची चौधरी और विथ्या रामराज की महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने एथलेटिक्स का एकमात्र स्वर्ण दिलाया।

सुरूचि ने निशानेबाजी में स्वर्ण से खाता खोला

सुरूचि सिंह और कमलजीत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतकर भारत का निशानेबाजी में सोने के तमगे का खाता खोला। हालांकि टीम का माहौल बदलने वाली खिलाड़ी नीरू ढांडा रहीं। सत्ताइस वर्षीय नीरू ट्रैप निशानेबाजी में व्यक्तिगत एशियाई खेल स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

नीरज चोट के कारण हुए बाहर

एथलेटिक्स में भी भारत को बड़ा झटका लगा। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ही भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा चोट के कारण हट गए और भारत का एक बड़ा स्वर्ण पदक दावेदार बाहर हो गया। मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं।

चोटों ने भी खिलाड़ियों की परेशानी बढ़ाई

तेजिंदरपाल सिंह तूर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी नहीं कर सके, जबकि लंबी कूद के मुरली श्रीशंकर और ऊंची कूद के सर्वेश कुशारे को रजत से संतोष करना पड़ा। इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन दिखाता है कि भारत मुकाबले में तो है, लेकिन पदक के रंग को स्वर्ण में बदलने में अभी अंतर बाकी है। चोटों ने भी परेशानी बढ़ाई।

उम्मीद से कम पदक आए

भारत के पदक अभियान में कमी का सबसे बड़ा कारण उसका दो पारंपरिक मजबूत खेलों निशानेबाजी और एथलेटिक्स का अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाना रहा। दोनों खेलों से काफी उम्मीदें थीं लेकिन हांगझोउ की तुलना में भारत को इस बार कम पदक मिले। इससे निरंतरता, दबाव से निपटने और तैयारी में मौजूद कमियां उजागर हुईं।

निशानेबाजी में भारत का प्रदर्शन कमजोर रहा

निशानेबाजी में भारत का प्रदर्शन खास तौर पर गिरा। पिछली बार सात स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य सहित 22 पदक जीतने वाली 30 सदस्यीय भारतीय टीम इस बार जापान से तीन स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य सहित 15 पदक लेकर लौटी। अभियान की शुरुआत कई मौकों के हाथ से निकलने और दावेदारों के लड़खड़ाने से हुई।

मनु का प्रदर्शन निराशाजनक रहा

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर का अभियान निराशाजनक रहा और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत पदक नहीं जीत सका। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में कमलजीत, आकाश भारद्वाज और केदारलिंग उचागांवने की टीम भी प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही।

खबर संक्षेप

चाइना ओपन में निकोला ने सबालेंका को हराया

बीजिंग। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को रविवार को चीन ओपन के तीसरे दौर में चेक गणराज्य की निकोला बारतुंकोवा के हाथों सीधे सेटों में हारकर बाहर होना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज बारतुंकोवा ने करीब डेढ़ घंटे में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका को 6-4, 6-3 से हराया। इसके साथ ही टूर्नामेंट के पहले सप्ताह में शीर्ष दो वरीय खिलाड़ी बाहर हो गईं। हाल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनी एलिना रिबाकिना शनिवार को ही चाइना ओपन से बाहर हो गई थीं। अब सबालेंका के बाहर होने के साथ ही बीजिंग में हो रहे इस डब्ल्यूटीए-1000 टूर्नामेंट की दोनों शीर्ष वरीय खिलाड़ियों का सफर जल्दी समाप्त हो गया।



शेष भारत ने जीता ईरानी कप



श्रीनगर। मुकेश कुमार (33 रन पर छह विकेट) और आकाश दीप (25 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की दम पर शेष भारत ने रविवार को चौथे और आखिरी दिन जम्मू-कश्मीर को 167 रन से हराकर ईरानी कप का खिताब जीत लिया। जीत के लिए 279 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही जम्मू-कश्मीर की टीम को ट्रॉफी अपने नाम करने के लिए केवल ड्रॉ की जरूरत थी। पहली पारी में 41 रन की बढ़त लेने वाली जम्मू कश्मीर की टीम मुकेश और आकाश दीप की धारदार गेंदबाजी के आगे दूसरी पारी में महज 111 रन पर ढेर हो गई। सलामी बल्लेबाज शुभम खजूरिया (32) और कामरान इकबाल (32) ने पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़कर टीम को जम्मू कश्मीर को अच्छी शुरुआत दिलाई। आकाश दीप ने इकबाल को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा।

जापान की संस्कृति की शानदार झलक देखने मिली

चमकदार रोशनी और संगीतमय शो से हुआ आइची-नागोया एशियाई खेलों का समापन

एजेंसी ▶▶| नागोया

जापान की संस्कृति और मेहमाननवाजी की शानदार झलक के साथ संगीत और रोशनी से सजे भव्य कार्यक्रम के बीच रविवार को आइची-नागोया एशियाई खेलों का समापन हो गया। दो सप्ताह से अधिक समय तक चली कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद एशिया के 45 देशों के खिलाड़ी मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में खेलों के समापन समारोह में शामिल हुए। इन खेलों के दौरान 350 से अधिक रिकॉर्ड बने जिनमें कम से कम 50 विश्व रिकॉर्ड शामिल हैं। हालांकि खेल आयोजन से पहले लॉजिस्टिक समस्याओं और कुप्रबंधन से प्रभावित रहे। समापन समारोह करीब 90 मिनट तक चला।

■ दो सप्ताह से अधिक समय तक चली कड़ी प्रतिस्पर्धा



भारत 85 पदकों के साथ चौथे स्थान पर, चीन रहा शीर्ष पर

भारत 85 पदकों (21 स्वर्ण, 27 रजत, 37 कांस्य) के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा जो चीन के हांग्झोउ में हुए पिछले चरण से 21 कम है। चीन लगातार 12वें चरण में तालिका में शीर्ष पर रहा उसने 169 स्वर्ण, 89 रजत और 83 कांस्य सहित कुल 341 पदक जीते जो विदेश में आयोजित एशियाई खेलों में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

मेजबान जापान दूसरे स्थान पर रहा

मेजबान जापान 269 पदकों (83 स्वर्ण, 95 रजत और 91 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उसके बाद दक्षिण कोरिया के 39 स्वर्ण, 43 रजत और 68 कांस्य पदक थे। एशिया ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी ने खेलों के समापन की घोषणा की। बाद में ओसीए ध्वज 2030 एशियाई खेलों के आयोजन समिति के एक प्रतिनिधि को सौंपा गया।

चार साल बाद 2030 में दोहा में मिलने का वादा



अल थानी ने कहा, ''पहली प्रतियोगिता से लेकर आखिरी तक, एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से हमें मंत्रमुग्ध किया। 350 से अधिक रिकॉर्ड टूटे हैं जिनमें 50 से अधिक विश्व रिकॉर्ड शामिल हैं। यह हमारे एशियाई खेलों के लिए एक रिकॉर्ड है।'' परंपरा के अनुसार ओसीए प्रमुख ने एशिया के युवाओं से इस भावना को आगे बढ़ाने और चार साल बाद 2030 में दोहा में होने वाले 21वें एशियाई खेलों में फिर मिलने का आह्वान किया।

निशानेबाज ढांडा के नेतृत्व में भारतीय टीम ने भाग लिया

ओसीए ध्वज को दोहा को सौंपने से संबंधित खंड में कतर के ओलंपिक और विश्व चैंपियन मुताज बाशिम शामिल थे। ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा (दो स्वर्ण और एक रजत पदक विजेता) के नेतृत्व में भारतीयों ने भी उत्सवी माहौल में हिस्सा लिया। सफेद और नीले रंग की पोशाक पहने लगभग 30 भारतीय खिलाड़ियों और अधिकारियों ने एथलीट परेड में हिस्सा लिया और तिरंगा लहराया। 'वन एशिया' की समापन समारोह की अवधारणा को व्यक्त करने के लिए स्टेडियम के केंद्र में एक षट्भुजाकार मंच बनाया गया था और यह शो का मुख्य आकर्षण था। भव्य समापन के दौरान इसे लालटेन से सजाया गया था जो जापानी गर्मियों का एक विशिष्ट प्रतीक है। ओसीए अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी ने कहा कि आइची-नागोया एशियाई खेलों ने एशियाड के लिए मानक ऊंचा किया है।

भारतीय मुक्केबाजों का गर्मजोशी से स्वागत

फूल-माला, मिठाइयों और आईटीबीपी बैंड से स्वागत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रात के करीब तीन बजे थे लेकिन हवाई अड्डे पर रौनक बनी हुई थी और एशियाई खेलों में पदक जीतकर लौटे भारतीय मुक्केबाजों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उत्साहित परिजनों की मौजूदगी में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के बैंड, फूल-माला, मिठाइयों से खिलाड़ियों का स्वागत हुआ। भारतीय मुक्केबाजी दल के नागोया में यादगार अभियान के बाद स्वदेश वापसी पर उसका सफलता के अनुरूप स्वागत किया गया। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने खिलाड़ियों की अगवानी की। स्वर्ण पदक विजेता अंकुश पंघाल ने कहा, मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मेरे परिवार के सदस्य यहां आए हैं और अब हम और जश्न मनाएंगे। परवीन हुड्डा के लिए यह जश्न खास तौर पर भावुक करने वाला था। उन्होंने पिछली बार एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था लेकिन निलंबन के बाद वह पदक उनसे छीन लिया गया था।



■ एशिया में नंबर एक बनना शानदार उपलब्धि है

उज्बेकिस्तान, चीन को पीछे छोड़ा

बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने भी भारत के प्रदर्शन पर खुशी जताई और कहा कि एशियाई खेलों की सफलता मजबूत प्रदर्शन की श्रृंखला में एक और उपलब्धि है। उन्होंने कहा, ''मुझे बेहद गर्व है। उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान और चीन जैसे प्रमुख मुक्केबाजी देशों को पीछे छोड़कर एशिया में नंबर एक बनना शानदार उपलब्धि है।''

कुमकुम और कलकल बने पहले राणा तथा रणधीर सिंह पुरस्कार विजेता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





तीरंदाज कुमकुम मोहोद और पहलवान सुजीत कलकल को आइची-नागोया एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के पहले 'जसपाल राणा पुरस्कार और राजा रणधीर सिंह पुरस्कार' का विजेता चुना गया है। आईओए ने एशियाई खेलों की सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरुष खिलाड़ी को सम्मानित करने के लिए इन पुरस्कारों की शुरुआत की है। इस साल की शुरुआत में भारतीय खेल जगत के दो दिग्गजों का निधन हो गया था और उनकी विरासत को सम्मान देने के लिए ये पुरस्कार शुरू किए गए हैं। सत्रह वर्षीय कुमकुम ने अपने पहले एशियाई खेलों में तीन पदक जीते जिनमें दो स्वर्ण शामिल हैं।कुमकुम ने महिला रिकर्व तीरंदाजी में दक्षिण कोरिया के लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई। वहीं पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले कलकल को पहले राजा रणधीर सिंह पुरस्कार के लिए चुना गया। कलकल के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा, कुश्ती भारत का खेल है और सुजीत के प्रदर्शन की चर्चा वर्षों तक होती रहेगी। स्वर्ण पदक का जश्न तो मनाया जाएगा, लेकिन उनका कभी हार नहीं मानने वाला रवैया उन्हें हर भारतीय के दिल में खास जगह दिलाता है।

हम इस जीत के हकदार थे : महिला हॉकी कप्तान

एजेंसी ▶▶| रांची

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने रविवार को कहा कि मजबूत चीन के खिलाफ खेलने के बावजूद उनकी टीम को एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का पूरा भरोसा था। भारत ने जापान में फाइनल में गत चैंपियन चीन को 1-0 से हराकर 44 साल बाद एशियाई खेलों में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ भारत ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। टेटे ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम इस जीत के हकदार थे। इस बार हमें अपनी टीम और खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा था कि हम निश्चित रूप से स्वर्ण जीतेंगे, हालांकि चीन की टीम बहुत अच्छी थी। उस एक गोल की बढ़त को बचाकर अपने देश के लिए स्वर्ण जीतना हमारे लिए गर्व का क्षण है।''



स्वर्ण जीतने बहुत कड़ी मेहनत की

दीपिका ने कहा, ''हमने एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने के लिए बहुत कड़ी मेहनत की। इस शानदार जीत के लिए हम लंबे समय से तैयारी कर रहे थे। हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है। चीन जैसी टीम के खिलाफ एक गोल की बढ़त बचाना आसान नहीं था लेकिन हमने ऐसा कर दिखाया।''

टीम में चार खिलाड़ी झारखंड की

स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की चार खिलाड़ी झारखंड से हैं। टेटे, ब्यूटी डुंगडुंग और दीपिका सोरेंग सिमडेगा जिले से हैं जबकि निक्की प्रधान खूंटी की रहने वाली हैं। राज्य लौटने पर रांची हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। दीपिका ने कहा कि टीम स्वर्ण जीतने के साथ ओलंपिक में जगह पक्की करने से वह बेहद खुश है।

स्वर्ण पदक हमें थाली में परोसा हुआ नहीं मिला : सैमसन

एजेंसी ▶▶| नागोया

विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि भारत को एशियाई खेलों में पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक 'थाली में परोसा हुआ' नहीं मिला और अनुभवी खिलाड़ियों की 'ए' टीम को उतारने से पाकिस्तान के खिलाफ रोमांचक फाइनल में दबाव से निपटने में मदद मिली।

भारत ने शनिवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 19 रन से हराकर महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक बरकरार रखा। सैमसन ने मैच के बाद कहा, ''हमारे पास काफी अनुभवी टीम थी। यहीं अनुभवी खिलाड़ियों का अनुभव काम आता है। हमें पता था कि अपनी ऊर्जा को कैसे संभालना है, खुद को कैसे प्रेरित और एकाग्र रखना है, भले ही अभ्यास या मैच नहीं हो रहे हों।''



टीम 'ए' को लाना काफी मददगार रहा

भारत को नियमित टी20 खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने के फैसले से इस बड़े मुकाबले में दमखम और संयम के साथ खेलने में मदद मिली। सैमसन ने कहा, ''ए' टीम को लाना वास्तव में काफी मददगार रहा और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में भी यही देखने को मिला। मुझे लगता है कि यह सभी के लिए एक उचित मुकाबला था।''

भारत ने मजबूत स्कोर खड़ा किया था

भारत ने अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के अर्धशतकों की मदद से छह विकेट पर 211 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम रोमांचक फाइनल में छह विकेट पर 192 रन ही बना सकी। हालांकि, फाइनल एकतरफा मुकाबला नहीं रहा। बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर पाकिस्तान के आक्रामक जवाब ने आखिरी चरण तक मुकाबले में रोमांच बनाए रखा।

सभी को एक अच्छा फाइनल देखने मिला

सैमसन ने कहा, ''आखिरकार हमें एक अच्छा मैच खेलने को मिला। पहली पारी में हमने 200 रन बनाए और लगा कि दूसरी पारी पाकिस्तान के लिए मुश्किल हो सकती है लेकिन विकेट अच्छा था और उन्होंने भी अच्छी बल्लेबाजी की। सभी को एक अच्छा फाइनल देखने को मिला।'' उन्होंने कहा, ''हमें स्वर्ण पदक थाली में परोसा हुआ नहीं मिला।

HDFC BANK HDFC Bank Ltd.
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

ई-नीलामी विक्रय सूचना
नीलामी की तिथि एवं समय :- 12-नवम्बर-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

स. क्रं.	(A) ऋणी(यों) का नाम	(B) वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)*	(C) अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है)	(D) कब्जे का प्रकार	(E) आरक्षित मूल्य (रु.)	(F) (G) ब्याना जमा राशि (रु.) बोली वृद्धि राशि (रु.)
1.	श्री प्रसाद प्रियदर्शी प्लॉट नंबर 13, श्री श्याम वाटिका, गली 25, महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के पीछे, स्मृति नगर, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, दुर्ग-छत्तीसगढ़ 490020. श्री प्रसाद प्रियदर्शी आराध्य इंटरप्राइजेज, प्लॉट नंबर-13, श्री श्याम वाटिका भिलाई, दुर्ग छत्तीसगढ़ 490020. श्रीमती प्रसाद विभूति प्लॉट नंबर 13 श्री श्याम वाटिका, गली 25 महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के पीछे, स्मृति नगर, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, दुर्ग-छत्तीसगढ़ 490020. श्री सौरभ शैलेन्द्र मिश्रा पुराने आरटीओ कार्यालय नेहरू के पीछे, वार्ड सिविल लाइन गोंदिया, महाराष्ट्र, 441601.	₹ 66,37,373/- 30 सितंबर 25* की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग का प्लॉट नंबर 13, खसरा 351/6, प.ह.नंबर 43, आनंद नगर, मौज़ा जुनवानी, रानिमं-दुर्ग 1, तहसील एवं ज़िला-दुर्ग, छत्तीसगढ़, भूखंड क्षेत्रफल - 1375 वर्ग फ़ीट / निर्मित क्षेत्रफल - 994.87 वर्ग फ़ीट (भूतल = 687.7, प्रथम तल = 307.5) लेटिट्यूड-21.313164, लांगिट्यूड-81.312679.	भौतिक	₹64,65,000/-	₹6,46,500/- ₹ 5,000/-

सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 19-अक्टूबर, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे
बोली की अंतिम तिथि :-10-नवम्बर-2026, शाम 5.00 बजे के पहले
* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
ऋणभार/दावों का खुलासा: 1. HDFC के अधिकृत अधिकारी की जानकारी और ज्ञान के अनुसार, सीरियल नंबर 1-5 वाली अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों पर कोई बोझ नहीं है। 2. आइटम सीरियल नंबर 6 के लिए, इन्वेंट्री मौजूद है। उक्त संपत्ति के खरीदार को अनिवार्य रूप से यह इन्वेंट्री खरीदनी होगी।
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई-नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई-मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.
दिनांक: 05 अक्टूबर, 2026
स्थान: दुर्ग
रजिस्टर्ड पता-एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

इस गांव में रिक्शावाला भी है करोड़पति, घर महल जैसे, हर दरवाजे पर लग्जरी कार



नई दिल्ली। दिल्ली से करीब 80 किलोमीटर दूर जेवर एयरपोर्ट के पास एक गांव है रोही। इस गांव की अमीरी के चर्चे पूरे देश में है। हर घर फाइव स्टार होटल जैसा नजर आता है। हर घर के बाहर यहां लग्जरी कार नजर आती है। यहां तक रिक्शा चलाने वाले के पास भी करोड़ों का मकान-जायदाद है। दरअसल, इस गांव को नए सिरे से प्रशासन ने बसाया है। पुराना गांव उजड़ चुका है, एयरपोर्ट बनाने के लिए इसकी जमीन का अधिग्रहण भी किया जा चुका है। प्रशासन ने पुराने घर और अहाते को मिलाकर करीब 50-50 मीटर के नए प्लॉट दिए हैं। करोड़ों में मुआवजा बांटा गया है। इस पैसे से गांव के कई लोगों ने शानदार घर बनाए हैं, लग्जरी गाड़ियां खरीदी हैं। कुछ ने पैसे गंवाएं भी हैं तो कुछ लोग ऐसे भी जिन्होंने समझदारी से पैसों का निवेश किया है।

देशभक्ति

घर-घर में हैं सैनिक!

देश का वो गांव, जहां हर कोई करता है भारत मां की सेवा

नई दिल्ली। भारतीय सेना देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ मुश्किल और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में देशवासियों की सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहती है। कड़ाके की ठंड हो, बर्फीले पहाड़ हों या दुर्गम इलाकों में तैनाती, हमारे जवान हर परिस्थिति में डटे रहते हैं। कई सैनिक अपने परिवार से दूर रहकर देश की सेवा करते हैं और जरूरत पड़ने पर अपने प्राणों की भी परवाह नहीं करते। उनकी इसी सेवा और त्याग की वजह से देश के लोग सुरक्षित जीवन जी पाते हैं। लद्दाख के ऊंचे पहाड़ों के बीच बसा एक छोटा सा गांव भी भारतीय सेना के साथ अपने गहरे रिश्ते के लिए जाना जाता है। इस गांव में देश की सेवा की परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। यहां करीब-करीब हर घर का कोई न कोई युवक भारतीय सेना में शामिल है। कई जवान आज भी देश की सीमाओं पर तैनात हैं। यही वजह है कि इस गांव की पहचान सिर्फ इसके खूबसूरत पहाड़ों से नहीं, बल्कि सेना के साथ इसके गहरे रिश्ते से भी होती है।

दरअसल, हम जिस गांव के बारे में बात कर रहे हैं, उसका नाम चूशोत है। लद्दाख के इस गांव में करीब 63 घर हैं। छोटा सा यह गांव भारतीय सेना से लंबे समय से जुड़ा हुआ है। यहां के युवा बड़ी संख्या में सेना में भर्ती होते हैं। कई जवान फिलहाल लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल यानी एलएसी के पास फॉरवर्ड इलाकों में तैनात हैं। चूशोत के युवाओं के लिए सेना में जाना कोई नई बात नहीं है। कई दशकों से यहां की पीढ़ियां लद्दाख स्काउट्स में शामिल होकर देश की सेवा करती आ रही हैं।



पीढ़ियों से सेना में जा रहे गांव के युवा

चूशोत के जवानों को शांत और विनम्र स्वभाव के साथ-साथ मुश्किल परिस्थितियों में मजबूती से डटे रहने वाले सैनिकों के तौर पर जाना जाता है। गांव के कई परिवारों में दादा या पिता के बाद बेटे भी सेना में शामिल हुए हैं। गांव में बड़ी संख्या में पुरुषों के सेना में होने की वजह से यहां महिलाओं, छोटे बच्चों और सेना से रिटायर हो चुके पूर्व सैनिकों की संख्या ज्यादा दिखाई देती है। परिवारों के लिए सेना में जाना गर्व की बात है, लेकिन जवानों की सुरक्षा और भविष्य को लेकर चिंताएं भी रहती हैं।

परिवार वालों को रहती है चिंता

चूशोत के कई घरों से लोग देश की सेवा के लिए भारतीय सेना का हिस्सा हैं। यहां अगर परिवार में पिता सेना में रह चुके हैं, तो उनके बेटे भी सेना में जाने की तैयारी करते हैं। परिवार के लोग अपने बच्चों के इस फैसले से खुश होते हैं और उन्हें देश की सेवा करते देखकर गर्व महसूस करते हैं। हालांकि, उनके मन में अपने जवानों की चिंता भी बनी रहती है। फिलहाल गांव के कई जवान एलएसी के पास फॉरवर्ड इलाकों में तैनात हैं। मौजूदा परिस्थितियों में फोन नेटवर्क की समस्या के कारण परिवार के लोगों की उनसे आसानी से बात नहीं हो पाती। इसके अलावा, जवानों को भी मौजूदा हालात की वजह से फोन इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं है।



देशसेवा की परंपरा के साथ बेहतर भविष्य की उम्मीद

चूशोत की कहानी सिर्फ सेना में भर्ती होने वाले युवाओं की नहीं है। यह उस गांव की कहानी है जहां पीढ़ियों से देशसेवा की परंपरा चली आ रही है। गांव के कई जवान देश की सीमाओं पर तैनात हैं, जबकि उनके परिवार पीछे रहकर उनका इंतजार करते हैं। अब चूशोत के लोगों की सबसे बड़ी उम्मीद बेहतर शिक्षा को लेकर है। वो चाहते हैं कि गांव के बच्चों को ऐसी सुविधाएं मिलें, जिससे वे अपनी पसंद के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें और देश की सेवा करने के साथ-साथ अपने लिए भी बेहतर भविष्य बना सकें।

दुनिया का सबसे खतरनाक झूला हमेशा के लिए बंद

वॉशिंगटन। दुनिया में सबसे अनोखे, खतरनाक और मशहूर रोलरकोस्टर झूले को हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है। यह झूला अमेरिका के कैलिफोर्निया के 'सिक्स फ्लैग्स मैजिक माउंटेन' नाम के एम्यूजमेंट पार्क में है। अब इस एम्यूजमेंट पार्क ने घोषणा की है कि वह अपने सबसे फेमस रोलरकोस्टर को हमेशा के लिए बंद कर देगा। यह फैसला तब लिया गया जब सैकड़ों राइडर्स ने आरोप लगाया कि इस झूले पर झूलने की वजह से उन्हें ब्रेन इंजरी (दिमाग में चोट) हुई। यहां तक की इस झूले को मौतों के लिए भी जिम्मेदार माना गया है। मौत का दूसरा नाम कहे जाने वाले इस रोलरकोस्टर का नाम है- एक्स2 रोलरकोस्टर। एक्स2 रोलरकोस्टर 'सिक्स फ्लैग्स मैजिक माउंटेन' पार्क का सबसे मुख्य आकर्षण था। इतना खतरनाक होने के बावजूद इस रोलरकोस्टर पर सवारी करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था और इसकी सीटें 360 डिग्री घूमती थीं।









सूरज की तेज रोशनी की वजह से वैज्ञानिकों ने समुद्र के नीचे लगाया छाता

फ्लोरिडा। ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर कोरल रीफ या प्रवाल भित्ती पर पड़ रहा है। ग्रेट बैरियर रीफ समेत दुनिया की अधिकांश कोरल रीफ्स संकट का सामना कर रही हैं। ऐसे में फ्लोरिडा के वैज्ञानिकों ने खतरों का सामना कर रहे कोरल रीफ को अस्थायी तौर पर राहत देने के लिए अनोखा तरीका खोज निकाला है। यह तरीका है, समुद्र के अंदर छाता लगाने का। वैज्ञानिक संवेदनशील रीफ्स को छाते से ढक रहे हैं, ताकि सूरज की रोशनी उन तक सीधे न पहुंच सके। इससे रीफ के आसपास पानी के तापमान में कमी होगी और वह तेज गर्मी से बचा रहेगा। वैज्ञानिकों ने 2024 में फ्लोरिडा के पास समुद्र में अपने इस प्रयोग का सफल ट्रायल भी किया था।





Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 9755887766; Parth Honda (Gariyabandh) - 8830909392; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; G.K Honda (Katora talab) - 9826142444; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; Varun Honda (Gudhiyari) - 9131211919; **AARANG:** V Shree Honda - 9993908971; **ABHANPUR:** Patel Honda - 9009328660; **BAGBHARA:** Sri Sai Honda - 7697767777; **BALODA BAZAR:** Kiran Honda - 7049518181; **BASNA:** Laxmi Honda - 9174137571; **BEERGAON:** Vishwanath Honda - 9300133077; **PALARI:** Shri Ram Honda - 9669537645; **BEMETARA:** Sri Rama Honda - 8827050000; **BHAKARA:** Nitesh Honda - 9907975628; **BHATAPARA:** Kiran Honda - 9111353292; **BHILAI:** Aan Honda (Nehru Nagar) - 8518020999; Aan Honda (Powerhouse) - 8518020777; **BIJAPUR:** Ansh Honda - 9424299203; **CHARODA:** Rahul Honda - 9827193194; **CHARAMA:** Neeraj Honda - 9425230052; **CHUIKHADAN:** Shri Radhey Honda - 9691692500; **DALLIRAJHARA:** Shri Subh Honda - 9406082344; Shri Subh Honda (Balod) - 9425564232; **DHAMTARI:** ShriShyam Honda - 9827900750; **DHARSIVA:** R S.Honda - 9669880000; **DONGARGARH:** Gagan Honda - 9425560030; **DURG:** Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; Shree Honda (Patan) - 9203304122; Tanay Honda (Jamul) - 9201837830; Umang Honda (Kumhari) - 8817327307; **FINGESHWAR:** Bangani Honda - 9425402966; **GIDHORI:** Subhkamana Auto - 9575569608; **GUNDERDEHI:** Sapan Honda - 7354340000; **GURUR:** Baba Honda - 9827936712; Shri Ji Honda - 7000167266; **NARAYANPUR:** Shri Ji Honda - 9406341563; **JAGDALPUR:** Waheguru Honda - 8435090005; **KONDAGAON:** Danteshwari Honda - 9294566660; **SUKMA:** Akash Honda - 9424287457; **PHARASGAON:** Shri Deo Honda - 9993861735; **KANKER:** Shivnath Honda - 7970005301; **KASDOL:** Laxmi Honda - 8871233553; **BHATGAON:** Kiran Honda - 9039006983; **LAWAN:** Kiran Honda - 7987171017; **SANDI:** Kiran Honda - 9039006981; **LIMTARA:** Mahalaxmi Honda - 7047015877; **SARSIWA:** Pratham Honda - 8770799808; **SIMGA:** Shiv Honda - 8319973368; **SUHELA:** Rajju Honda - 8819986810; **KESHKAL:** Chattishgarh Honda - 9993293467; **KHAIRAGARH:** Akshat Honda - 9406534734; **KURUD:** Shri Shyam Honda - 07705223590; **MAGALDAD:** Dewangan Honda - 9098136447; **MAHASAMUND:** Sri Aryan Honda - 8120070000; **NAGRI:** Nahta Honda - 9424211105; **NAWAGARH:** Raja Honda - 9826067896; **PAKHANJUR:** Disha Honda - 6261666932; **PANDUKA (GARIABAND):** Shresth Honda - 8109902966; **RAJIM:** Gulab Honda - 8839708788; **RAJNANDGAON:** Anshdeep Honda - 9425559359; Manraj Honda - 8435999991; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9424157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; **SEJBAHAR:** R.S Honda - 9754123000; **KHARORA:** B.K Honda - 9867224777; **TILDA:** Agrawal Honda - 9424200104; **UTAI:** Ganpati Honda - 09926083389; **SARAIPALI:** Pukraj Honda - 8889798000.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com